



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते






वैशाख शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 11 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 202, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 72,664.47 ▲ +260.30
डॉलर 83.516 ▼ +0.068

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 72,690
चांदी (1 किलो) 85,050

# झारखंड के चुनावी रण में राजग ने झोंकी ताकत

**देश के चौथे चरण और झारखंड के चुनावी रण के पहले चरण की वोटिंग 13 मई को होनी है। झारखंड में अपने 12 सांसदों वाले प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए 14-0 के स्कोर के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। इसके लिए एक के बाद एक केंद्रीय नेता और राज्य स्तरीय नेताओं के साथ जिला और स्थानीय ईकाईयों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी पूरी ताकत से प्रचार में जुटे हैं। लगभग रोज केंद्र के बड़े नेता झारखंड पहुंच रहे हैं। नौ मई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहुंची तो दस मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी ताकत दिखाई। शनिवार को प्रधानमंत्री दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं तो शनिवार को ही असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा भी पहुंच रहे हैं। भाजपा की इस चुनावी कारपेट बॉम्बिंग के मुकाबले विपक्ष अभी कुछ पीछे नजर आ रहा है। विपक्ष की बागडोर कल्पना सोरेन के हाथ है वहीं मुख्यमंत्री कोल्हान में सीमट गए हैं, राहुल गांधी झारखंड का दौरा कर चुके हैं वहीं तेजस्वी पलामू में व्यस्त हैं। इनके अतिरिक्त इंडी गठबंधन के और नेता अभी दिखाई नहीं दे रहे।**

## एक नजर

### आज प्रधानमंत्री की सभा सिमरिया में, हिमंता विश्व शर्मा की सभा खूंटी में

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा लोकसभा के सिमरिया के मुरवे फुटबॉल मैदान में शनिवार को 3 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू, एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता भी मौजूद रहेंगे। वहीं असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंता विश्व शर्मा शनिवार को खूंटी लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ शर्मा रांची जिले के तमाड़ के रायडीह मोड़ स्थित अमलेसा मैदान में आयोजित जनसभा को 1:30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रांची जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सुरेंद्र महतो भी मौजूद रहेंगे।

### कल्पना सोरेन ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर जताई खुशी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरवाल को एक जून तक मिले अंतरिम जमानत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को एक्स हैंडल के जरिए कहा कि तानाशाही ताकतों को यह दिखाना है कि देश बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुसार ही चलेगा। आज अंतरिम बेल मिलने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हार्दिक बधाई और जोहार। उनकी संघर्ष की साथी सुनीता और परिवार के अन्य सदस्यों को भी हार्दिक बधाइयां। कल्पना ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है।

## घोटाले करने के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच मची होड़ : अमित शाह

❖ **बिरसा भगवान को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हमने 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के नामांकन में शामिल होने खूंटी पहुंचे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर फूट पड़े। महाविजय संकल्प रैली में उन्होंने कहा, घोटाला करने में झामुमो और कांग्रेस के बीच होड़ मची है लेकिन झारखंड की गरीब जनता का जो पैसा इन लोगों ने खाया है आपके आशीर्वाद से उसके पाई-पाई का हिसाब लेंगे और भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएंगे। शाह ने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये कैश पकड़ा गया। ये सारा पैसा आपका है, जो राहुल बाबा की पार्टी लूट कर ले गई है। अभी



दो दिन पहले झारखंड में कांग्रेस के मंत्री के यहां से 35 करोड़ रुपये मिले। ये सारे रुपये झारखंड के आदिवासी भाइयों और पिछड़ा समाज के लोगों का है।

**अटल बिहारी वाजपेयी ने किया झारखंड का निर्माण :** शाह ने कहा कि हमारे एक प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड का निर्माण किया। वहीं दूसरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। खूंटी की इसी पावन भूमि से भगवान बिरसा मुंडा ने भारत से अंग्रेजों को निकालने का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## किसी में दम नहीं कि आरक्षण को खत्म कर दे : रक्षा मंत्री

**पूर्व मुख्यमंत्री 24 घंटे तक गायब हो गए थे, उन्होंने राज्य की जनता के स्वाभिमान से खेलने का काम किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दुमका और गोड्डा में निशिकांत दुबे और सीता सोरेन के पक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी में दम नहीं है कि वो आरक्षण खत्म कर दे। कहा, पीएम का सपना भारत की गरीबी मिटाने का है। शायद ही कोई व्यक्ति यहां मौजूद होगा जिसे मुफ्त पांच किलो अनाज नहीं मिलता है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगाते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता गरीब हो सकती है लेकिन वह स्वाभिमानी है।




उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री 24 घंटे तक गायब हो गए थे। हेमंत सोरेन ने सीएम रहते राज्य की जनता के स्वाभिमान से खेलने का काम किया है। इसका सबक सिखाना है। सीता सोरेन को जीताना है।

**मंत्री-सांसद के घरों से छापेमारी में मिल रहे करोड़ों नकदी :** नामांकन करने के बाद सीता सोरेन ने झामुमो सरकार को पूरी तरह विफल बताया। सीता सोरेन ने कहा कि भीषण गर्मी में लोग पानी की किल्लत से त्राहिमाम कर रहे हैं। राज्य में नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। टंकी है, नल है लेकिन पानी नहीं है। इस ओर सरकार का ध्यान नहीं है। राज्य में केवल भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। राज्य के मंत्री एवं सांसद के घरों से छापेमारी के दौरान करोड़ों नकदी मिलना इसका प्रमाण है। राज्य और देश का विकास केवल पीएम मोदी के नेतृत्व में हो सकता है। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी, सारठ विधायक रणधीर सिंह एवं राकेश चौधरी मौजूद रहे।

**गोड्डा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया रोड शो :** गोड्डा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गोड्डा में निशिकांत दुबे के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने भारत के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सभी 14 सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत : चंपाई सोरेन



**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ने शुक्रवार को साहिबगंज में नामांकन किया। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने लोगों से झामुमो प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इसके बाद आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में महागठबंधन की सरकार ने आदिवासी पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समाज के लिए कई योजनाएं संचालित की हैं, जिसके माध्यम से राज्य की जनता काफी लाभान्वित हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड की जनता महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास दिखाते हुए झारखंड की सभी 14 सीट पर महागठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाएगी। कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरे झारखंड की जनता महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर महागठबंधन प्रत्याशियों को जीत दिलाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही जेल से बाहर आएंगे और हम सभी के बीच होंगे। उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि राज्य सरकार जनहित में कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे की आम लोगों को लाभ पहुंच रहा है। राजमहल लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ने कहा कि नामांकन सभा का मंच जरूर टूटा है लेकिन हम महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा के निशिकांत, सीता सोरेन व ताला ने तो झामुमो के नलिन और विजय हांसदा ने भरे पर्चे

- **गोड्डा, दुमका और राजमहल तीनों सीटों पर आखिरी चरण में एक जून को चुनाव होना है**
- **निशिकांत व सीता के पक्ष राजनाथ सिंह ने जनसभा को किया संबोधित, झामुमो ने भी दिखाई अपनी ताकत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के दुमका, गोड्डा और राजमहल लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को एनडीए और इंडी गठबंधन के दिग्गज प्रत्याशियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल किए। पर्चा भरने वालों में गोड्डा सीट पर भाजपा के निशिकांत दुबे, दुमका सीट पर भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन,





राजमहल में झामुमो के विजय हांसदा और भाजपा के ताला मरांडी शामिल हैं। इस दौरान प्रत्याशियों और पार्टियों ने जनसभाओं एवं रोड शो के जरिए अपनी ताकत दिखाई। इन तीनों सीटों पर सबसे आखिरी चरण में 1 जून को चुनाव होना है। गोड्डा में मौजूदा सांसद और भाजपा के प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने नामांकन के पूर्व देवघर स्थित ज्योतिर्लिंग बाबा वैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह देवघर से लोकल ट्रेन से गोड्डा पहुंचे।

उन्होंने कहा, मैंने वर्ष 2019 के चुनाव में गोड्डा की जनता से वादा किया था कि वे 2024 में देवघर से ट्रेन पर चढ़कर नामांकन करने गोड्डा पहुंचेंगे। यह वादा पूरा हुआ है और यही मोदी की गारंटी है। नामांकन दाखिल करने के बाद गोड्डा में जनसभा भी हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खास तौर पर शामिल रहे। इस सीट पर निशिकांत दुबे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आज के मैच

KKR VS Mumbai Indians

**समय : 11 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : कोलकाता**




## छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, 1200 जवानों ने इलाके को घेरा, कई नक्सली घिरे

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबल जवानों ने अबतक 03 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इन नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मौके पर कई बड़े नक्सली मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को पीडिया के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसमें हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव सहित बड़े कैडर्स के नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेड, डीव्हीसीएम एवं एसीएम कैडर के बड़े नक्सली लीडरों के शामिल होने की जानकारी थी। इस जानकारी पर तीन जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के सुरक्षा बल संयुक्त अभियान पर निकले और शुक्रवार सुबह पीडिया के जंगल में मुठभेड़ के बीच अब तक तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है। डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा है। नक्सली इस इलाके में बुरी तरह से फंसे हुए हैं और इनमें से कुछ नक्सली गोली लगने से घायल भी हैं।

## हुटार पिकेट के हवलदार और प्रभारी पर दुष्कर्म करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने हुटार पिकेट के हवलदार सुरेन्द्र पासवान एवं प्रभारी कालिका पासवान पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीण ने एसपी कार्यालय के पुलिस हेल्प लाइन में इस सिलसिले में शिकायत दर्ज करायी है। रामगढ़ के मायापुर के रहने वाले युवक ने एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि उसकी दो पत्नी है। पहली (छोटी) तीन मई की सुबह शौच के लिए निकली थी। उसके बाद वह गायब हो गयी। खोजबीन के क्रम में छह मई को जानकारी हुई कि हुटार पिकेट के हवलदार सुरेन्द्र पासवान उसकी




पत्नी को रमकंडा के कसमार में जबरदस्ती रखे हुए हैं। बेटे के साथ कसमार पहुंचा तो वहां उसकी पत्नी सुरेन्द्र पासवान के साथ नजर आयी। उसकी पत्नी उसके साथ आना चाहती थी, किन्तु सुरेन्द्र जाने नहीं दिया। उसकी पत्नी ने जानकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**बड़गाईं जमीन घोटाला मामला**

## हजारीबाग कोर्ट कर्मी इरशाद व कोलकाता के दो कर्मी भेजे गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो. इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपितों को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने पेशी के बाद होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया। तीनों आरोपितों के रिमांड पर अदालत में सोमवार को सुनवाई होगी। इससे पूर्व जमीन घोटाला मामले में ईडी ने तीन लोगों को गुरुवार की देर रात गिरफ्तार किया था। तीनों को ईडी ने समन भेज पूछताछ के लिए गुरुवार को रांची स्थित कार्यालय बुलाया था। ईडी को जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि हजारीबाग का कोर्ट कर्मचारी मो. इरशाद के जरिये फर्जी डीड की राइटिंग की जाती थी। इरशाद ने फर्जी डीड राइटिंग के बदले पूर्व से जेल में बंद मास्टरमाइंड अफसर अली और सद्दाम से लगभग आठ लाख लिये थे। साथ ही कोलकाता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव और झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारी संजीव लाल को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। संजीव लाल को सात मई की तिथि से निलंबित किया गया है। झाप्रसे के अधिकारी संजीव लाल के खिलाफ ईडी के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने सात मई को पत्र लिखकर झारखंड सरकार को यह सूचित किया था कि संजीव लाल को पीएमएलए 2002 की धारा तीन के तहत परिभाषित एवं धारा चार के तहत दंडनीय धनशोधन के अपराध के लिए पीएमएलए 2002 की धारा 19 के तहत सात मई को 12:40 बजे गिरफ्तार किया गया है। सात मई को ही विशेष पीएमएलए कोर्ट में उन्हें पेश किया गया तथा न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन निदेशालय को आठ मई से छह दिनों का रिमांड प्रदान किया गया। ईडी की इस रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। उल्लेखनीय है कि संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के यहां ईडी की छापेमारी में 35 करोड़ से अधिक की रकम बरामद होने के बाद ईडी की टीम ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया है। संजीव लाल अभी ईडी की रिमांड पर है और उससे पूछताछ हो रही है।

## इंडिया: सबसे विकसित देश की रोंगटे खड़े करने वाली घटना



सुनील बादल

**कुछ** वर्षों पहले गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के परिजन का इलाज होते देख उतना आश्चर्य नहीं हुआ था जितना एक अमेरिकन दंपति को सीटी स्कैन कराते देख कर हुआ था जो अपना इलाज कराने वहां आए थे। मैंने उनसे जिज्ञासावश पूछा कि आपके देश में विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल हैं वहां से इतने पैसे खर्च कर आप यहां आए हैं तो उनका जवाब था कि यहां के फाइव स्टार होटल में ठहर कर विश्व स्तरीय इलाज कर महीने भर के पर्यटन के बाद भी वहां से यहां कम खर्च होगा। भारत में ऐसे अनेक विदेशी मिले जो भारत की चिकित्सा सुविधाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं। मेदांता में कई पड़ोसी देशों के अलावा संपन्न अरब देशों के भी मरीज मिल जाते हैं ।यह बात किसी से भी नहीं छुपी है कि अमेरिका में स्वास्थ्य सेवा हर किसी की पहुंच में नहीं है। अमेरिका के कैनसस सिटी में इस संकट ने विकराल रूप ले लिया है। एक आदमी ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी क्योंकि वह उसके इलाज के लिए पैसे नहीं दे सकता था। महिला की जान उसकी बीमारी के कारण नहीं, बल्कि उच्च स्वास्थ्य देखभाल लागत के कारण गई।



प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, कैनसस सिटी के व्यक्ति ने अस्पताल के बिस्तर पर अपनी पत्नी का गला घोंट दिया, जहां वह भर्ती थी। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, 75 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी क्योंकि वह उसकी देखभाल नहीं कर सका या उसके मेडिकल बिल का भुगतान नहीं कर सका। आधी रात से ठीक पहले, पुलिस को एक फोन आया और एक महिला की मौत की जांच के लिए आईसीयू में आने के लिए कहा गया। महिला डायलिसिस के लिए नया पोर्ट लेने अस्पताल आई थी। पुलिस रिपोर्टों से पता चलता है कि महिला अपने अस्पताल के बिस्तर पर आराम कर रही थी, जब उसके पति रोनी विग्स ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो महिला तब मरी नहीं थी।

कैनसस स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं को बाद में पता चला कि महिला का मस्तिष्क काम नहीं कर रहा था और संभावित कारण कथन के अनुसार, चिकित्सा कर्मचारी जीवन रक्षक उपाय बंद कर देंगे। लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने पहले ही हत्यारे को ढूंढ लिया था, और उन्होंने पुलिस को सूचित किया कि उन्होंने विग्स को यह कहते सुना है, 'मैंने यह किया, मैंने उसे मार डाला, मैंने उसका गला घोंट दिया।' गिरफ्तार होने के बाद विग्स ने अनुसंधानकर्ता को बताया कि कैसे उसने अपनी पत्नी को चीखने-चिल्लाने नहीं दिया और उसकी हत्या कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि कैसे वह सभी मेडिकल बिलों से निराश थे। उसने पहले भी एक पुनर्वास सुविधा में उसकी जान लेने का प्रयास किया था, लेकिन वह जाग गई थी और उसने उसे ऐसा दोबारा न करने के लिए कहा था। हालांकि, उसने तय कर लिया था कि जब वह अस्पताल में भर्ती होगी तो वह उसे मार डालेगा। अब, विग्स पर दूसरी डिग्री की हत्या का आरोप लगाया गया है और उसे $250,000 के मुचलके पर रखा जा रहा है। जब हम अपने देश की चिकित्सा व्यवस्था का रोना रोते हैं तो हमें अपने अच्छे अस्पतालों और चिकित्सकों को भी याद करना चाहिए जो लाखों की जान बचाकर धरती के भगवान कहे जाते हैं। यह अलग बात है कि झारखंड की राजधानी रांची सहित अनेक शहरों कस्बों में मनमाने रेट और मरीजों का भयादोहन करने वाले निजी अस्पतालों की भी कमी नहीं जिनपर लगाम लगाने की जरूरत है। इसके लिए पक्के बिल को अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि आदमी की हैसियत देखकर बिल बढ़ाया न जा सके और चिकित्सा की आड़ में लूट न की जा सके।

## एक नजर

### संजय उपाध्याय ने भाजपा छोड़ा, राजद में हुए शामिल

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा के निवासी सह भाजपा नेता संजय उपाध्याय ने बिहार के पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह झारखंड राज्य के राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश राजद प्रवक्ता अनिता यादव, राजद के पप्पू सिंह, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव के समक्ष राजद का पट्टा पहनाकर उन्हे राजद कि सदस्यता ग्रहण कराया गया। साथ कि पार्टी में उनका जोरदार स्वागत भी किया गया। उपाध्याय ने कहा की भाजपा में सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी व योगी के नामों पर लोगो को बरगलाया जा रहा है। स्थानीय भाजपा नेता विकास के नाम पर लोगों को ठगे जा रहे है। गरीबों की दशा और दिशा दोनो सुधारने की इसकी पूर्व से ही अहम भूमिका रही है। मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव नरेश सिंह, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा व गठबंधन के कई लोग मौजूद थे।

### विद्यालय में रंगोली बनाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**हरिहरगंज।** पलामू में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदताओं को विभिन्न माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे जागरूक किया जा रहा है। ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इसी कड़ी में पिपरा प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बिश्रामपुर पिठौरा के छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया तथा सभी मदताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया। ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके। इस दौरान विद्यार्थियों ने वोट फॉर बेटर इंडिया, पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट देना कर्तव्य भी अधिकार भी, वोट डालने जाना है। अपना फर्ज निभाना है सहित कई स्लोगन दिए। मौके पर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार उपाध्या, शिक्षक रामाकांत यादव, रत्नेश कुमार, लिंजुन कुजूर, जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर, मनोज जायसवाल, शिक्षिका रेणु कुमारी, क्लर्क शुभनारायण प्रसाद, विद्यार्थियों में सुरभि कुमारी, निधि कुमारी, मुनी कुमारी, लव कुमार, रजनीश कुमार,सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हुसैनाबाद व उटारी रोड में तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा

# आज देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद/उटारी रोड।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण और झारखंड में पहले चरण के चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी के सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में मत देने की लोगों से अपील की। उन्होंने केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुये कहा कि पिछले दस वर्षों तक मोदी जी के नेतृत्व में कोई विकास का कार्य नहीं हुआ। सिर्फ लोगों को अपने जुमलेबाजी की बात करते रहे। आज देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। आज भाजपा सिर्फ हिंदू- मुस्लिम की बात कर लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव कई मामलों में खास है। आज देश की संविधान खतरे में हैं, क्योंकि इसे बदलने की तैयारी की जा रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी युवाओं को दो करोड़ नौकरियां और प्रत्येक नागरिकों को 15 लाख खाता में भेजने का वादा अधूरा है, लेकिन अगर देश में हमारी सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार और महिलाओं को एक लाख रुपया प्रतिवर्ष दिया जाएगा और दस किलो अनाज देने का काम किया जाएगा। इसलिये इस बार भाजपा भगाओ और नौकरी पाओ। लोगों से अपना एक- एक वोट लालटेन के सामने वाला बटन दबाकर ममता भुइयां को देने की अपील की। युवाओं की ओर इशारा करते हुये चुपचाप लालटेन छाप का नारा लगाया।



#### अपनी विचारधारा की सरकार बनने पर गरीबों का कल्याण होगा : मुकेश सहनी

मौके पर वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने इस चुनाव को आजादी की लड़ाई के समान बताते हुए कहा कि अब केंद्र से मोदी सरकार को बदलने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि अपनी विचारधारा की सरकार बनने पर गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने इस इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमलोग इसी मैदान में हाथ में गंगाजल लेकर संकल्प लें चुके है। अब समय आ गया उस संकल्प को पूरा किया जाए।

#### ममता ने हाथ जोड़कर की अपने पक्ष में मतदान करने की अपील

इस सभा में राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने हाथ जोड़कर लोगों से अपने पक्ष में क्रम संख्या- 02 के लालटेन छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने की। जबकि संचालन राजद के वरिष्ठ नेता खुर्शिद खान ने की। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता विजय राम, प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ.राज अली, कलामुद्दीन खान, रामजनम सिंह, रवि यादव, विनय यादव, अजय यादव, अशोक यादव, कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, जेएमएम के वरिष्ठ नेता डॉ. एजाज आलम, मुन्ना कुमार देव, कांग्रेस के सैयद मशरूर अहमद, अंबिका सिंह, वीआईपी पार्टी के रामाशंकर चौधरी, सिबतेन मिर्जा, अरविंद चौधरी, राजेंद्र चौधरी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

इधर, उटारी रोड के चुनावी सभा में बिहार के पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह झारखण्ड राज्य के राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश राजद प्रवक्ता, अनिता यादव, राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, रविन्द्र कुमार शुक्ला, पप्पू सिंह, नरेश सिंह, संतोष चौबे, उंटारी रोड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, विकाश सिंह, उंटारी रोड राजद प्रखण्ड अध्यक्ष सीताराम यादव, विवेक सिंह के साथ हजारों हजार की संख्या में लोग मौजूद थे।

# केंद्र की भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल : केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** पांकी प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों में कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के नेतृत्व में केएन त्रिपाठी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। लोगों से महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि त्रिपाठी पहले भी झारखंड में मंत्री रहे हैं और अनुभवी नेता हैं। इसलिए एक बार त्रिपाठी को अपना बहुमूल्य वोट दे कर विजय बनावें ताकि, चतरा क्षेत्र का विकास हो सके।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। आज पूरे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ घोषणाएं करते हैं। जुमलों से देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में शामिल मुख्य रूप से पांकी प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह, विश सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, मुकेश सिंह चंदेल, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, सुनील सिंह, बबलू सिंह, राजेंद्र ओझा, नारो सिंह, सुनील ठाकुर, छोटू गुप्ता, मुकेश सिंह, अरविंद सिंह, रफीक अंसारी, हफीजुल अंसारी, नेहाल अंसारी, हसन अंसारी, एजाज खान, आफताब आलम, शिव कुमार यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर निकला गया फ्लैग मार्च



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण आगामी 13 मई को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व भयमुक्त संपन्न कराने को लेकर नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण मतदान कराने में सहयोग करने की अपील की। शांतिपूर्ण मतदान में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने की भी बातें कही। वहीं कंडा, बाना, रबदा, तुकबेरा आदि गांव के मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। जहां विधि-व्यवस्था संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मतदान केंद्र पर मतदान के दिन मतदान कर्मियों सहित किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े लोगों से मिलकर जानकारी प्राप्त की। लोगों को चुनाव में शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने आदि के कार्यों में पुलिस-प्रशासन की मदद करने की अपील की गई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार चुनाव के दिन निर्भीक होकर अपने मनपसंद उम्मीदवार को वोट डालने की अपील की गई। साथ ही शत प्रतिशत मतदान हो इसे लक्ष्य बना मतदान केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। वहीं भ्रमण के क्रम में आमजनों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## इंडिया महागठबंधन के नेताओं ने क्षेत्र का किया दौरा

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** लोकसभा चुनाव की मतदान 13 मई को होने वाला है। प्रत्याशी समेत कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार में दमखम दिखा रहे हैं। पाटन के नावाजयपुर में इंडिया गठबंधन पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में महागठबंधन के नेता दलित कांग्रेस के प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, अशोक पासवान,मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, के द्वारा चुनाव चिन्ह लालटेन छाप के प्रचार प्रसार किया और लालटेन छाप मे मतदान करने की अपील किया। कार्यकर्ताओं के साथ नावाजयपुर के सुदूरवर्ती क्षेत्र बूढ़ी बुका , चेतमा, तिलैया, रोल, लालबंधवा समेत दर्जनों गांव में जनसंपर्क चला कर ममता भुईया के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस जनसंपर्क अभियान में दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक पासवान ने कहा कि क्षेत्र में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। गरीब मध्य वर्गों के बीचदुख सुख मे हमेशा खड़ी रहेगी। यह पलामू की स्थाई प्रत्याशी है। इस बार इंडिया महागठबंधन से सांसद चुनकर दिल्ली भेजना है। राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। जन संपर्क अभियान के मौके पर प्रखंड दलित अध्यक्ष संजय पासवान, लव सिंह, सुग्रीव सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश दुबे, पंकज सिंह, संतोष सिंह नरदेव सिंह, मुखदेव सिंह, कमलेश दुबे राकेश दुबे, विजय दुबे, समेत अन्य कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित थे।

## छापेमारी दल ने आठ लोगों को अवैध कनेक्शन के मामले में पकड़ा, केस दर्ज



**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कई इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग गांवो के 8 लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल 1 लाख 44 हजार 337 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता सिंह ने बताया की छापेमारी दल ने लटपौरी गांव के कामेश्वर राम, महेंद्र गुप्ता, नागेश्वर राम, सबनवा गांव के अजुमुद्दीन अंसारी, प्रमिला देवी, बडंडा गांव के मो. मुजतबा, विश्वनाथ शर्मा व कररिया गांव के रहीमुद्दीन अंसारी को अवैध तरीके से बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा। इस छापेमारी दल में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, रविशंकर सिंह, मंटू मुंडा व ललितेश्वर मेहता शामिल थे।

## भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई




**हरिहरगंज।** हरिहरगंज से सटे अंबा में ब्रह्मर्षि विकास मंच द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. शंभू शरण सिंह, रामविनय शर्मा, रविंद्र शर्मा, पूर्व मुखिया कपिलदेव पांडेय, शिवदेव पांडेय, कांग्रेस के वरीय नेता सह चिंतक अरविंद शर्मा, नीलमणि कुमार, मंटू शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष छोटेलाल पांडेय, कृष्णानंद पांडेय समाजसेवी निलेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा की शुरूआत की गयी। सभा की अध्यक्षता डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने की तथा संचालन वेद प्रकाश तिवारी ने किया। इस अवसर पर डा. शंभू शरण सिंह ने कहा कि ऋषि मुनियों के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए। विकृत सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु कार्य करना चाहिए। भगवान परशुराम हमारे आत्मबल हैं। जिनके जीवन से हमें सकारात्मक विचारों को अपनाने का अवसर मिलता है। वही सभा को संबोधित रामविनय शर्मा, डा. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र, वेद प्रकाश तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अभिराम पांडेय, पैक्स अध्यक्ष कपिलदेव पांडेय, परमानन्द तिवारी, नवल किशोर पाठक उर्फ भोला पाठक, संजय शर्मा, राधेकृष्ण पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, कृष्णानंद पांडेय, सत्येंद्र आजाद ब्रह्मर्षि विकास एवं जन कल्याण मंच अध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय, सचिव अंबुज कुमार, रौशन पांडेय, राजीव पांडेय, चंदन तिवारी, अखिलेश पांडेय, छोटु पाठक, साकेत कुमार रंजन कुमार, मुकेश पांडेय, पंसस अतुल पांडेय, एचएम राजेश कुमार पाठक, रमेश पांडेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### माड़न पंचायत में श्री मारुति नंदन महायज्ञ शुरू, भव्य कलश यात्रा निकाली

## यज्ञ करवाना सनातनियों के लिए गर्व की बात है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** पांकी प्रखंड के माड़न पंचायत के हरिजन टोला नावागढ़ गांव में शुक्रवार की श्री हुनमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह छः दिवसीय श्री मारुति नन्दन महायज्ञ कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई। विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता को यज्ञ समीती के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात कलश यात्रा कार्यक्रम की शुरूआत फीता काट कर जय माता दी के नारे के साथ शुरू की गई। कलश यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ हाथ में पवित्र कलश लेकर जय माता दी के नारे लगाते हुए भ्रमण किया। वहीं नावागढ़ स्थित नदी से वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ कलश में पवित्र जल भरकर वापस नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा कार्यक्रम के पश्चात महायज्ञ की शुरूआत महंत श्री श्री 108 रविंद्र पांडे महाराज एवं उनके सहयोगियों के द्वारा की गई। वहीं पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। मंदिर बनाकर यज्ञ करवाना सनातनियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मॉडन पंचायत के हरिजन टोला नावागढ़ जैसे छोटे गांव में हुनमान की भव्य मंदिर का निर्माण कार्य करवाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ये बेहद सौभाग्य की बात है। मौके पर मौजूद यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि छः दिवसीय श्री मारुति नन्दन महायज्ञ कार्यक्रम की आज से शुरूआत की गई है। उन्होंने प्रखंड के सभी सनातनियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूरे छः दिन महायज्ञ कार्यक्रम के साथ-साथ प्रवचन एवं भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, कमेश यादव, मंटू शर्मा, रौशन सिंह, समाजसेवी अजय पासवान, बहादुर राम, बाबूलाल, संजय कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार सहित यह कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### छत्तरपुर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से लोगों में आक्रोश

## अपराध पर लगाम लगाए पुलिस, नहीं तो करेंगे आमरण अनशन : अरविंद

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** छतरपुर में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है, आए दिन होनेवाली हत्या, लूट, चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का आलम है। कुछ दिनों पूर्व छतरपुर के फोर लेन पर मसीहानी निवासी संजय डोम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारों द्वारा सरेराह दिन के उजाले में इस घटना को अंजाम दिया गया था। उसी दिन संतोष साहू को भी थाने के पीछे दुःसाहसी अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था, हालांकि अपराधी पकड़े गए, लेकिन संतोष अब भी रांची के मेडिका अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। इन घटनाओं के बाद छतरपुर शहर में दहशत का माहौल है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। छतरपुर में चार महीने के अंदर हत्या की कई घटनाएं घटी है, संतोष साहू को गोली मारने वाले अपराधियों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन संजय डोम, शुभम गुप्ता, नरेश ठाकुर, धीरज प्रजापति और बंगाली उरांव हत्याकांड में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। यही कारण है कि पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संजय डोम के परिजनों का हाल जानने के लिए समाजसेवी और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। हत्याकांड के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। अरविंद ने इस मौके पर कहा कि कभी अमन- चैन से रहने वाले शहर के लोगों का अब जीना मुश्किल हो गया है। अपराधियों को हर हाल में पकड़ने का उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद अगर अपराधी पुलिस द्वारा नहीं पकड़े गए तो छतरपुर थाना के सामने वे आमरण अनशन पर बैठेंगे। अरविंद ने पूर्व में छतरपुर में घटे आपराधिक घटनाओं के खुलासे और आरोपियों को पकड़ने के बावत छतरपुर के एसडीपीओ और थाना प्रभारी से भी बात की । उन्होंने आश्वस्त किया है कि अनुसन्धान जारी है ,जल्द ही अपराधी पकड़ लिए जाएंगे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय होईयो के शिक्षक को स्कूल जाते समय नकाबपोशों ने रोका

# अपराधियों के चंगुल से मुक्त हुए शिक्षक, हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के संगलदीपा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय होईयो के सहायक शिक्षक बसंत राम का शुक्रवार की सुबह 6:30 बजे विद्यालय जाने के दौरान चेहरा ढके हुए तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपहरण करने का प्रयास किया गया। हालांकि इस दौरान शिक्षक ने अपनी चतुराई से अपराधियों के चंगुल से छुटने में सफल भी हो गए। घटना के बाद प्रखंड के शिक्षकों में भय का माहौल है। वहीं शिक्षक संघ ने पांकी थाना प्रभारी से मामले को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग भी की है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी शिक्षक बसंत राम ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति अपने बाइक पर सवार होकर ताल पंचायत के कस्मार मुक्ता होते हुए शुक्रवार की सुबह लगभग 6:30 बजे उत्क्रमित मध्य विद्यालय होइयो जा रहे थे। इसी बीच मुक्ता के जंगलों में घात लगाए डंडे से लैस तीन मुंह बांधे अपराधियों ने उनकी बाइक को रुकवाया व बाइक को जबरन छिनकर उन्हें पड़कर



जंगल की ओर ले जाने लगे। इसी बीच शिक्षक ने पेशाब का बहाना बनाया और तभी उन्हें बाइक की आवाज सुनाई दी। उन्हें सड़क पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजदेव मोची बाइक से जाते दिखाई दिए। वे तुरंज दौड़कर उन्हें आवाज लगाकर बाइक रूकवायी और उस बाइक पर बैठकर मुक्ता गांव की ओर भागे। हालांकि इस बीच अपराधियों ने दौड़कर उनका पीछा भी किया, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम हो गई।

मुक्ता गांव पहुंचने के बाद मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस एवं पूर्व मुखिया बिंदु सिंह को दी गई। इसके बाद पूर्व मुखिया ने कई ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, घटनास्थल से लगभग आधे किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीणों को शिक्षक का बाइक तो प्राप्त हुआ। लेकिन अपराधियों का कहीं अता-पता नहीं चला। घटना के बाद प्रखंड के शिक्षकों में भय का माहौल व्याप्त है। शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में जुटे दर्जनों शिक्षकों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। वहीं भुक्तभोगी शिक्षक के द्वारा इस मामले में तत्काल कार्रवाई हेतु पांकी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया है। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षक संघ के सचिव इम्तियाज अंसारी, संतोष सिंह, सोहेल अंसारी, उपेंद्र गुप्ता, पंकज यादव, अमरजीत यादव, हेमंत कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने बताया कि प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षक प्रतिदिन अपनी सेवा देने जाते हैं। यदि ऐसे में शिक्षक सुरक्षित नहीं रहेंगे तो छात्रों के भविष्य का क्या होगा।

#### पुलिस कर रही है मामले की जांच : थाना प्रभारी

बता दें की पांकी प्रखंड में कई वर्षों के बाद शिक्षक के साथ इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति हुई है। हालांकि शिक्षक ने अपनी चतुराई से अपराधियों के मंसूबे को नाकाम तो कर दिया लेकिन आगे दिन इस तरह की घटना की पुनः पुनरावृत्ति ना हो जाए। इसकी चिंता शिक्षकों को अब सता रही है। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि लिखित शिकायत मिली है। मामला अपहरण का नहीं है शिक्षक के साथ लूटपाट का प्रयास किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हुसैनाबाद के जेपी चौक पर 'पथ सभा' का हुआ आयोजन

## भाजपा नेताओं ने कहा- देश का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है : विनोद

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर मंडल अंतर्गत जपला जेपी चौक के समीप पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने की। जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि सह नगर महामंत्री श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारा सांसद प्रत्याशी एक पढ़े-लिखे हैं। जो एक आईएएस ऑफिसर रह चुके हैं। वह झारखण्ड के डीजीपी भी रह चुके हैं। आज पलामू क्षेत्र विकास के नए अध्याय को गढ़ने का कार्य रहा है। विधानसभा संयोजक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आपकी वोट की ताकत है कि 500 वर्षों से रुके हुए कार्य को भी नरेंद्र मोदी ने पूर्ण करा कर राम मंदिर आप लोगों के लिए समर्पित कर दिया। यह आप लोगों के वोट की बदौलत ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा है कि आने वाले वर्षों में देश में कहीं भी कच्चा का मकान नहीं रहेगा, सभी के कच्चा मकान को पक्का मकान बनाया जायेगा। आज फिर से आप लोगों को देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के मौका मिला है। भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आज हमारा भारत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। देश में रेलवे का कार्य हो, सड़कों का कार्य हो, एयरपोर्ट का कार्य हो चाहे स्वास्थ्य के क्षेत्र हो या शिक्षा का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में नरेंद्र मोदी की सरकार विकास कर रही है। इस अवसर पर सभी ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, भाजपा नेता प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, जय प्रकाश तिवारी, राजेश कर्ण,मोजहिर हुसैन, रंजीव सिंह,अनिमेष अग्रवाल, रविन्द्र कांस्यकार, निखिल सिंह, मनीष कश्यप, प्रदीप कांस्यकार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में महलिाओं को भी बढ़चढकर भागिदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

उषा देवी, पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत, हुसैनाबाद।

,पलामू ।,पलामू ।

### भाजपा की गलत नीतियों के कारण लोकतंत्र पर खतरा : सिंह

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को स्थानीय कचहरी परिसर स्थित कृष्णा होटल में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग, अखिल भारतीय किसान सभा, एवं इप्टा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के शिक्षा सेल के प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के गलत नीतियों के कारण देश का संविधान एवं लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लगा है।

## ग्रामीणों ने लगाया रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर

**नवीन मेल संवाददात**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के पाटन प्रखंड अंतर्गत मझिगावा के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए मझिगवां चौक पर बैनर लगा दिया। जिसमे लिखा हुआ है रोड नहीं तो वोट नहीं साथ ही लोकसभा के प्रत्याशियों को चेतावनी भी दिया गया है की अगर आप में थोड़ी सी भी शर्म बाकी है तो कृपया लौट जाए, हमसे वोट मांग कर हमे शर्मिंदा ना करें। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि जब से जन्म लिया हूं तब से यही रोड है। हर चुनाव में प्रत्याशी आते है वायदे करके चले जाते है पर ये रोड जैसे का तैसा है, बचपन से देख रहा हु इस गांव में कुछ नही बदला, हम जिससे उम्मीद करते है वो कभी हमारे उम्मीदों पर खड़ा नहीं उतरते है। इसे देखते हुए इस बार हम सभी ग्रामीणों ने बैनर लगाया है, और जब से बैनर लगा है तब से कोई प्रत्याशी इस रोड में नजर नहीं आए है।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयो में बच्चों का होगा निःशुल्क नामांकन

**ऑनलाईन नामांकन की तिथि 15 मई तक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन के लिए सूचना प्रकाशित की गई है। इसके तहत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर 01 किमी. 03 किमी० अंततः 6 किमी० दूरी सीमा तक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग ओरं अनाथ एवं कमजोर वर्ग के बच्चों जिनके परिवार की सभी स्त्रोतो से वार्षिक आय रुपए 72000 रुपये से कम होगी। उन बच्चों का नामांकन किया जायेगा। नामांकन के लिए पास -पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के साथ पालक या अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल, जिसमें उनका नाम एवं निवास स्थान का पता अंकित होना चाहिए। साथ ही अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक या अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। नर्सरी और एल.के.जी. में नामांकन की उम्र सीमा 03 वर्ष 06 माह से 04 वर्ष 06 माह के बीच होगी एवं प्रवेश कक्षा 01 में नामांकन हेतु 05 वर्ष से 06 माह से 07 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना की तिथि 31 मार्च 2024 होगी। आवेदन कार्यालय के ही वेबसाईट पर ऑनलाईन मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत नामांकन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन कम प्राप्त होने पर विचार करने हेतु एवं ऑनलाईन नामांकन की तिथि एवं अनुश्रवण करने हेतु पोर्टल 15 मई 2024 तक बढ़ा दी गई है।

## एक नजर

### मध्यदेशीय हलवाई समाज ने भाजपा के पक्ष में अभियान चलाया



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला हलवाई समाज के द्वारा भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में अभियान चलाया गया। इसके तहत समाज के लोगो के द्वारा पड़वा, तुकबेरा चेन्या में दौरा किया गया। दौरा के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हे भाजपा के कार्यकालो के बारे में बताया गया और ग्रामीणों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर जिताने का आह्वान किया गया।

### शहर थाना प्रभारी ने किया मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण, कहा-

## 13 मई को सारे लोग निर्भीक होकर मतदान करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रामेशन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी टू प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से शांति पूर्ण मतदान के लिए आग्रह किया गया। चुनाव संबंधी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि चुनाव में यदि कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही पैदल गश्त करते हुए महिला आईआरबी के जवान शहर थाना पुलिस के साथ पलामू क्लब, नई मोहल्ला, बेलवाटिकर, सद्दिक चौक, नावा टोली सहित अन्य स्कूलों एवं सरकारी भवनों में बनाए गए मतदान केंद्रों पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मामलों को देखा। स्थानीय लोगों से बात भी की। पुलिसकर्मियों ने लोगों से निष्पक्ष चुनाव करने की प्रतिबद्धता व्यक्ति की। कहा कि 13 मई को सारे लोग निडर होकर मतदान करें। सभी जगहों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। मौके पर आईआरबी के जवान, टाइगर मोबाइल के जवान मुकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, मिथलेश कुमार, अमित कुमार, प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों पुलिस के जवान मौजूद थे।

### वोट देकर सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं : अविनाश देव

डाल्टनगंज, नावाहाता स्थित संत मरियम के छात्रावास के बच्चों ने शुक्रवार को पोस्टर, पेंटिंग, नृत्य, एवं नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चों ने मत का महत्व, अधिकार सहित सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनिवार्य बताया। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रयास किया है। मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है।

## 63 ऐसे मतदान केंद्रों पर पूरी मतदाता टोली महिलाओं की ही होगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गिरवर स्कूल में महिला मतदान कर्मियों की अंतिम प्रशिक्षण पूरा हुआ। ज्ञात हो कि पलामू लोकसभा निर्वाचन लोकसभा मतदान के लिए 63 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पूरी की पूरी मतदाता टोली महिलाओं की ही होगी। एक मतदाता टोली में चार लोग हैं, इन 63 मतदान केंद्रों पर एक टोली जो पूर्ण रूप से महिलाओं की ही होगी वह मतदान कराएंगी। इनमें पीठासीन पदाधिकारी इंक लगाने वाली कर्मी भी होंगे इन महिला मतदान कर्मियों को यह स्पष्ट रूप से बता दिया गया कि 13 मई को मतदान के शुरू होने से 90 मिनट पहले यानी डेढ़ घंटा पहले पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में मॉक वोटिंग कराना है। मॉक वोटिंग ईवीएम से कराई जाती है। इसमें पोलिंग एजेंट की उपस्थिति और भागीदारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। जब यह मॉक वोटिंग की प्रक्रिया पूरी हो जाती है। तो उन्हें बोलिंग एजेंट की उपस्थिति और सामने में इस मॉक मतदान को पूर्ण रूप से मिटा दिया जाता है और ईवीएम मशीन को जीरो मतदान की स्थिति में ला दिया जाता है। यह सारी कार्रवाई पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से होती है।

### युवा चौपाल में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने कहा-

## आज हर क्षेत्र में विकास के आयाम गढ़े जा रहे हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा बीएनटी कॉम्पलेक्स रेड़मा में युवा चौपाल का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि युवा मोर्चा देश भर में युवा चौपाल के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं के बीच जाकर भाजपा के मोदी सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा करते हुए देश की युवा पीढ़ी से देश हित में मतदान करने एवं देश के विकास में सहभागी बनने के लिए आह्वान कर रही है। युवाओं को संबोधित करते हुए सांसद सह प्रत्याशी श्री राम ने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को यह आज यह आकलन करने की जरूरत है की 2014 के पहले देश में क्या था एवं विकास की क्या रफ्तार रही थी? जब से केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार आई है देश चंहुऔर विकास की ओर अग्रसर हो गया है। आज हर क्षेत्र में विकास के आयाम गढ़े जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी में बताया कि 2014 में बीडी राम जी के सांसद बनने के बाद और केंद्र में मोदी सरकार के आने से पहले जो पलामू अति पिछड़ा जिला एवं अभावग्रस्त की श्रेणी में था। वही पलामू आज विकास की ओर चल पड़ा है। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि जिस तरह से 2014 के पहले कि कांग्रेस सरकार से देश की जनता हताश और निराश हो चुकी थी और मोदी जी के कार्यकाल में हुए कार्यों को देखकर आज देश आशा भरी नजरों के साथ फिर से भाजपा के साथ चलने को तैयार है। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने बताया कि पहले की सरकार जहां केवल गरीब, वंचित एवं किसानों की बातें केवल किया करती थी। युवा चौपाल कार्यक्रम में श्वेतांक गर्ग विपुल गुप्ता प्रधान कुमार प्रकाश राय विश्वजीत पाठक अजय सिंह साहिल त्रिपाठी विकास तिवारी अभिमन्यु तिवारी राकेश मनोज रोहित बिट्टू कमलेश प्रभात रविंदर नितेश किशन मनोरंजन सहित कई कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान

## 9 मई तक 4510 मतदाता पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान कर चुके हैं: नोडल पदाधिकारी

**डालटनगंज में 09 मई तक 1500 विश्रामपुर में 700 छत्तरपुर में 900 और हुसैनाबाद में 1100 पोस्टल मतदाताओं ने वोट डाला**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने शुक्रवार को पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान किया। उनके साथ कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार और पलामू जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग मौजूद थे। उन्होंने लोगों से आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। पोस्टल बैलट कोषांग के नोडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि 9 मई तक 4510 मतदाता पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और 11 मई के आंकड़े शनिवार के शाम तक उपलब्ध हो जाएंगे। 9 मई तक 4510 पोस्टल बैलट का उपयोग हुआ जो 7527 लोगों के लिए है। तिवारी ने बताया कि आज और कल इस संख्या को और बढ़ने की भरपूर मौका है। 9 मई तक पोस्टल बैलेट से 59.91 प्रतिशत मतदान हो चुका है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि के इस दो दिनों में मई 10 और मई 11 को यकीनन यह 65- 66 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर सकता है । पोस्टल बैलट के पोषण के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि डाल्टनगंज विधानसभा में 2500 पोस्टल बैलट मतदाता है। जिन्होंने 9 मई तक 1500 पोस्टल बैलट मतदान कर दिया है । ठीक इसी तरफ से विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 1300 पोस्टल बैलट के मतदाता है, जिसमें 9 मई तक 700 लोगो ने पोस्टल बैलट का उपयोग कर लिया है। छतरपुर विधानसभा में यह संख्या 1550 की है। जहां 9 मई तक 900 पोस्टल बैलट मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 1700 पोस्टल बैलट मतदाता है जिनमे 9 मई तक 1100 पोस्टल बैलट मतदाताओं ने अपने मतों को डाल रखा है। इसके अतिरिक्त फोन वोटिंग के लिए गाड़ियां उन घरों तक पहुंची गई । जहां पचासी वर्ष और उससे ऊपर के वरीय और वृद्ध मतदाता थे उनसे भी पोस्टल बैलट करा लिया गया है। होम वोटिंग टीम ने ऐसे मतदाता जिनकी विकलांगता 40 प्रतिशत थी उनका भी उनके घर पर जाकर पोस्ट वॉलेट से मतदान कर लिया है। सूत्रों की माने तो यह पहला लोकसभा का चुनाव है जिसमें पोस्ट वॉलेट के लिए लंबी कतारे लगी और बड़े से बड़े अधिकारी से लेकर एक आम मतदाता जो मतदान की ड्यूटी में व्यस्त रहेंगे।

### महिला के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेंल संवाददाता**

मेदिनीनगर। मनातू थाना की पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी करने के आरोप में मनातू थाना क्षेत्र के पन्नाडीह गांव निवासी 50 वर्षीय बैजनाथ बैठा को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि महिला कुछ दिन पहले घर में थी। इसी बीच गांव का बैजनाथ बैठा टांगी लेकर महिला के घर घुस गया और महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। छेड़खानी करने पर महिला चिल्लाने लगी। महिला को चिल्लाते देख आसपास के ग्रामीण जनता महिला के घर पहुंचे। तब तक आरोपी बैजनाथ बैठा वहां से फरार हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी मनातू थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित महिला से घटना से संबंधित मामले की जानकारी ली। घटना के बाद महिला के द्वारा थाना में छेड़खानी से संबंधित

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करने को लेकर की गई चर्चा, दिए कई दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को ब्लॉक बी कार्यालय में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की। बैठक में पलामू के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी। बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक में अर्धसैनिक बलों के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में पलामू के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी। बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक में

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी पलामू के द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव रांची रोड स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के बगल में कार्यालय में पर भव्य तरीके से मनाया गया भगवान श्री हरि विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव में कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना से की गई। मौके पर पलामू के कोने-कोने से आए हुए परशुराम वंशजों का स्वागत सम्मान अंग वस्त्र देकर किया गया। साथ ही प्रसाद तथा भंडारा वितरण का भी आयोजन किया गया । मौके पर मौजूद रहे राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी पलामू अध्यक्ष विकास दुबे राकेश पांडे संजय मिश्रा बिट्टू दुबे विक्रांत त्रिपाठी मुन्ना पांडे दिलीप तिवारी, लकी पांडे गोपाल पांडे छोटू पांडे मुकेश तिवारी अनिल दुबे तथा सैकड़ो से अधिक परशुराम वंशज और महिला वाहिनी भी उपस्थित रही। भूदेव सोनू मिश्रा की राष्ट्रीय सचिव न संबोधित करते हुए सबको बोल हर घर मंदिर शिवाला एक दीप जलाएं आओ मिलकर श्री परशुराम जन्म उत्सव मनायें।

### ब्रांड फर्नीचर और मेट्रेस के शो रूम का हुआ उद्घाटन

## शो रूम में फर्नीचरों की लेटेस्ट रेंज मौजूद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गायत्री मन्दिर रोड में पीपल चौक के समीप नीलकमल ब्रांड फर्नीचर एव मेट्रेस के शो रूम का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर समाजसेवी उदय सिंह, कंपनी के शाखा प्रबंधक अरूप मुखर्जी, अभिनव, कपंनी संचालक अभिषेक सिंह, विनय इंटर प्राइजेज के मालिक विनय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर इसे ग्राहकों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इस शो रूम में फर्नीचरों की लेटेस्ट रेंज मौजूद है। जिसमें बेडरूम सेट, सोफा, डाइनिंग सेट, मेट्रेस, हाउस होल्ड और ऑफिस फर्नीचर की रेंज डिस्पले की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि समय-समय पर ग्राहकों को आकर्षक ऑफर भी दिए जायेंगे।

## पूर्वडीहा निवासी हवलदार बिहारी राम की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी 56 वर्षीय बिहारी राम की इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। उन्होंने अपने घर में अंतिम सांस ली। परिजनों ने बताया कि बिहारी राम गुमला जिला पुलिस लाइन में हवलदार के पद पर तैनात थे। इसी बीच कुछ दिनों से उनकी तबियत खराब थी। उनका इलाज रांची के बालिंग अस्पताल में चल रहा था। इलाज के बाद परिजन उन्हें घर लेकर आ गए थे, फिर से उन्हें इलाज के लिए परिजन रांची लेकर जाने वाले थे। इसी बीच शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई। बिहारी राम के मौत की खबर मिलने पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, उपाध्यक्ष जय प्रकाश पूरी सहित अन्य पुलिसकर्मी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देख रेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को सलामी के लिए पुलिस लाइन लाया गया। जहां पुलिस को जवानों ने नम आंखों से मृतक हवलदार बिहारी राम को सलामी दी गई। इनके मौत की खबर मिलने पर गुमला जिला से भी पुलिस पदाधिकारी व जवान मेदिनीनगर पहुंच कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पुलिस जवानों के द्वारा सरकारी वाहन से शव को दाह संस्कार के लिए पूर्वडीहा गांव भेजा गया। वही उनकी मौत के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### सम्मान

### स्थापना दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

## जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल शिक्षा और समाज के लिए उदाहरण : अविनाश वर्मा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल 13 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पनशाला का उद्घाटन जिसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा के द्वारा किया गया। साथ ही अवसर पर एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 2001 से स्थापना काल में विद्यालय के सभी वरीय शिक्षकों को उन्हें अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में नवीन प्रकाश वर्मा, अनुप्रास वर्मा, खुशबू खान, नीतू श्रीवास्तव, सुदामा प्रसाद, लिली राय, चंदा सिंन्हा, अविनाश वर्मा, डी. गुप्ता, आनंद कुमार, नंदकिशोर भारती, सतीश अग्रवाल, शेखर श्रीवास्तव, वंदना सिंन्हा, प्रमोद कुमार पांडे, सविता देवी, सोनी कुमारी, उमा देवी के नाम हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन जिसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, आनंद कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रारंभ किया गया। मौके पर वर्मा ने कहा कि जहां आज लोग चंद वर्षो में परिवार एवं अपने लोगों को भूल जाते हैं । वहां यह विद्यालय आज 13 वर्ष के बाद भी उन शिक्षकों को भी बुलाकर सम्मानित कर रहा है। इससे अन्य लोगों को सीखने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव डी.गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, सतीश अग्रवाल, रमाकांत उपाध्याय कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंदकिशोर भारती, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। मंच का संचालन वंदना सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन अजय श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

## परीक्षा विभाग में भारी अनियमितता व्याप्त है: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परीक्षा विभाग में हो रही भारी अनियमितता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा विभाग में अनियमितता व्याप्त है। विश्वविद्यालय प्रभारी पदाधिकारी के भरोसे चल रहा हैं। परीक्षा विभाग में हो रहे बड़े पैमाने पर गलतियां होने के बावजूद भी कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं ला रहे हैं। यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसी का नतीजा है कि एम०बी०ए सेमेस्टर 4 की परीक्षा में 100 की जगह 104 अंक दिए जाते हैं। यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जो छात्र पिछले सेमेस्टर में टॉप थे, उन्हें फेल कर दिया जाता हैं। ये कहीं न कहीं परीक्षा विभाग पर सवाल खड़ी करती है। परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि परीक्षा विभाग अपनी कार्य प्रणाली पर सुधार नहीं लाते है तो परिषद के कार्यकर्ता विभाग में तालाबंदी करेंगे। विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला ने कहा की विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है। उक्त अवसर पर परिषद के विभाग संयोजक गोविंद मेहता, राजन कश्यप, अभय वर्मा, नितीश दुबे, अभिषेक कुमार, विपिन यादव, आकाश वर्मा, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार, राहुल कुमार, कौशल कुमार मिश्रा, नीतिश लाल, उत्कर्ष तिवारी, सौरभ तिवारी, रोशन पांडे, प्रभात दुबे, गीतांजलि कुमारी, सुरभि ठाकुर, दीक्षा कुमारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष और मेडिकल रूम में ताला बंद

**केतार।** प्रखंड के राजघाट स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष, मेडिकल रूम और आवास रूम में ताला बंद रहने से पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। वहीं गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए 15-20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ रहा है। एएनएम बबिता कुमारी ने बताया की चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा एक मई से केतार उप स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभार मुझे सौंपा गया है।साथ ही वहीं पर रहकर नियमित टीकाकरण और प्रसव कराने का निर्देश दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ ओपीडी रूम खुला है। बाकी प्रसव कक्ष, मेडिकल रूम और आवास में ताला बंद रहने से परेशानी हो रही है। महिलाओं का प्रसव नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने कहा की शनिवार को ताला खुलवा दिया जायेगा।

### चुनाव प्रचार के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहें हैं

**केतार।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए प्रत्याशियों के द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। शुक्रवार को केतार साप्ताहिक बाजार में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी सनन राम के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान केतार बाजार के साप्ताहिक बाजार में कपुर्री गेट के समीप मुख्य पथ पर चुनाव प्रचार गीत पर लवंडा डांस कराया गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# एनओसी नहीं मिलने से सड़क निर्माण कार्य रुका, राहगीरों को हो रही काफी परेशानी

## 130 करोड़ की लागत से हो रहा है सड़क पक्कीकरण का कार्य



### एनओसी मिलने पर दो माह के अंदर सड़कों का निर्माण हो जाताः अशोक सिंह

इस सबंध में मिनी कंस्ट्रक्शन के अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों को मई 2024 में कार्य को पूर्ण करना था, परंतु अभी भी हम लोगों को एनओसी मिल जाता है तो 2 माह के अंदर दोनों सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। उक्त सड़कें वन क्षेत्र में पूर्व से ही बनाए गए हैं जिसे अभी नवीकरण किया जा रहे हैं । बताते चले कि दोनों ही सड़क आवागमन के लिए आम लोगों के लिए तथा चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित रंका मुख्यालय व धुरकी मुख्यालय को जोड़ने वाली है, जिससे बरसात में लोगों को काफी दिक्कत हो जाएगी । जहां--जहां वन क्षेत्र है । वहां लोगों को आना-जाना मुश्किल हो जाएगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आम जन लोगों ने मांग की है कि वन विभाग जल्द से जल्द एनओसी दे, ताकि क्षेत्र की जनता को आवागमन में परेशानी ना हो, क्योंकि कुछ ही दिनों में बरसात शुरू हो जायेगी, तब लोगों को आना-जाना मुश्किल हो जाएगा ।

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** मुख्यालय के जोड़ने वाली बन रहे दो सड़क लगभग दो अरब के लागत से 65 किलोमीटर सड़क वन विभाग के उदासीनता रवैया से एनओसी नहीं मिलने के कारण जहां-जहां वन क्षेत्र सड़क है वहां सड़क निर्माण रुका हुआ है बताते चलें कि कदवा मोड़ से रंका भाया तहले चफला रबदा रंका सड़क का निर्माण 130 करोड़ की लागत से लगभग 39 किलोमीटर पक्की करण सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क में जहां वन विभाग क्षेत्र नहीं आता है, वहां तो सड़क निर्माण हो चुका है, परंतु एनओसी नहीं मिलने के कारण रंका के तहले राजबास छतैलिया वन क्षेत्र मे पडने वाले सड़कों में निर्माण कार्य रुका हुआ है। वही गढ़वा से चिनिया सड़क निर्माण जो लगभग 83 करोड़ के लागत से बनाए जा रहे हैं।इसकी लंबाई लगभग 25 किलोमीटर है। इस सड़क में चिनिया घाटी औरैया घाटी व चामा के वन क्षेत्र में काम रुका हुआ है। दोनों सड़कों का निर्माण मिनी कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है। जो 2021 से ही इस सड़कों का निर्माण हो रहा है, लेकिन वन विभाग के जहां-जहां क्षेत्र आते हैं । वहां पर एनओसी नहीं मिलने के कारण वन क्षेत्र के सडकों का निर्माण नही हो रहा है और सड़क का काम रुका हुआ है।

## दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी परती कुशवानी गांव निवासी युवक ब्रजेश कुमारको पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग लड़की के पिता के शिकायत पर उक्त युवक पर 8 अप्रैल को केतार थाना में धारा 376,506 भदवी तथा 4/8 पोक्सो एक्ट का प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अनियमित बिजली आपूर्ति से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### लोगों को आ रही है लालटेन और ढिबरी का युग याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** गत माह आये तेज आंधी में पोल-पोल भागोडीह सुपर पावर ग्रिड को जोड़ने वाले 220 केवी विद्युत संचरण तार टावर गिर गया है।जिस कारण विद्युत आपूर्ति भागोडीह ग्रिड को नहीं हो पा रही है। इसके चलते लगभग एक माह से प्रखंडवासियों को सिर्फ 2-4 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। अनियमित बिजली आपूर्ति से क्षेत्रवासी परेशान है, अभी स्थिति ऐसी हो गयी है कि लोगों को लालटेन और ढिबरी का युग याद आ रहा है। लेकिन आज तो लालटेन भी नहीं जला सकते हैं। लोग मोमबत्ती और चाइनीज लाइट के सहारे लोग रात गुजार रहे हैं। बिजली संकट के सम्बन्ध में किसान अशोक राम का कहना है कि अभी गर्मी के मौसम में अनियमित बिजली आपूर्ति से खेती-बारी करने में घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। कम बिजली आपूर्ति से सब्जी और गरमा फसलों की सिचाई में काफी दिक्कत हो रही है। आज प्राचीन काल के निर्मित मंदिर और किला को आंधी तूफान और बाढ़ हिला भी नहीं पा रहे हैं, लेकिन गत वर्ष पहले ही बने लाखों करोड़ो की लागत से बना टावर एक साथ हल्की सी आंधी में ही गिर जा रहे हैं। व्यवसायियों को कहना था कि अनियमित बिजली आपूर्ति से व्यवसाय काफी प्रभावित हो रहा है, जिस समय धंधे का समय होता है उसी समय बिजली नहीं रहती है। अनियमित बिजली आपूर्ति से सबसे ज्यादा छोटे और मझोले व्यवसायी प्रभावित हैं, क्योंकि इनके पास समुचित प्रकाश का कोई प्रबंध नहीं है। गृहिणी गीता देवी ने बताया कि सुबह-शाम जब भोजन बनाने का समय होता है,उसी समय बिजली नहीं रहती है। बिजली नहीं रहने से बच्चे रात और दोपहर में गर्मी से ठीक से सो नही पाते हैं। ग्रिड चालू हुए एक वर्ष के करीब हुआ है और उधर बिजली की स्थिति ठीक-ठाक थी,लेकिन गत एक माह से बिजली की आपूर्ति लचर हो गई है। विद्यार्थी मनीकांत कुमार का कहना है कि इस प्रखंड में हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार सुनने और देखने को मिलता हैं। कोई भी वर्षो पुराना टावर आज तक तेज आंधी में भी नहीं गिरा और गत वर्ष बना टावर इतनी कम समय में आंधी में ही धाराशायी हो गया। इस सम्बन्ध में बिजली एसडीओ वंशीधर नगर दीपक कुमार ने बताया कि अभी टेस्ट चल रहा हैं, टेस्ट कम्प्लीट होते ही बिजली की आपूर्ति नियमित हो जायेगी।

## दामाद नहीं बेटी से होगा पलामू का विकासः संजय प्रसाद यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू की जनता 10 वर्षों से दामाद के कारनामे को समझ गई है। यह सब को पता चल गया है कि अब दामाद से पलामू का विकास नहीं होगा। वैसे भी दामाद विकास कम पेट ज्यादा भरते हैं माता-पिता की सेवा ज्यादा बेटी करती है ऐसे में पलामू का विकास पलामू की बेटी ही कर सकती है उक्त बातें पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने कहे। उन्होंने कहा कि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को आज तक गांव का नाम पता नहीं है। हर बार चुनाव से ठीक पहले मोदी जी के नाम पर वोट मांग कर जीते हैं और उसके बाद पांच साल के लिए गायब हो जाते हैं। सांसद विष्णु दयाल राम को यह बताना चाहिए की 10 वर्षों से उनके द्वारा इस क्षेत्र में कौन सा काम किया गया है और वह कहां है उन्होंने कहा कि सिर्फ मोदी जी के नाम पर वोट लेकर वे अपना पेट भरने का काम कर रहे हैं। आज उनके ही कार्यकर्ता उनसे संतुष्ट नहीं है। सांसद कोटा से वे घर भरने का काम किया।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने लोगों के बीच किया पंखा बिस्किट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर ।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के द्वारा-शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल, वृद्धा आश्रम एवं कुपोषण उपचार केंद्र में उपस्थित मरीज एवं वृद्ध लोगों के बीच ब्रेड ,बिस्कुट, फल एवं हाथ पंखा का वितरण किया गया। समूह के सदस्यों ने उन लोगों का हाल-चाल जाना एवं उन्हें अपने स्वास्थ्य का ख्याल करने की सलाह दी इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि भीषण गर्मी में अस्पतालों में मरीजों के बीच हाथ पंखा का वितरण किया गया है, जिससे वे अपने परिजनों के सहयोग से इस गर्मी से निजात पा सके। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए खाद्य पदार्थ ब्रेड ,बिस्किट, फल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा समय-समय पर जन मानस की सेवा का कार्य करते रहा है उन्होंने कहा कि समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा करना प्रथम कर्तव्य में शामिल है यही मानते हुये हम समय-समय पर मरीजों, बृद्धजनो ,जरूरतमंदों के बीच जाकर उन्हें यथासंभव सहयोग करते हैं और उनका हाल-चाल लेते हैं।उन्होंने कहा की मरीज से मिलकर उनका हाल-चाल जानना भी उन्हें शक्ति प्रदान करता है वृद्ध आश्रम में समय-समय पर जाकर उन वृद्ध जनों से हाल-चाल जानना उन्हें फल फूल एवं अन्य सामग्री का सहयोग करते रहने से उन सबों को अपने परिवार की कमी नहीं खलता है और उन्हें मजबूत शक्ति प्रदान होता है श्री देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह हमेशा से समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अनेकों कदम उठाता रहा हैं।

### बिहार में भाजपा का सफाया हो चुका है, अब झारखंड की बारी है : तेजस्वी यादव

## भाजपा पूंजीपतियों की पोषक और गरीबों की शोषक है : मिथिलेश ठाकुर

### जनता एक बार उन्हें विकास करने का मौका देः ममता भुइयां

गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि बीडी राम ने 10 वर्षों में पलामू की किसी भी समस्या को दिल्ली तक नहीं पहुंचाया। पलामू की जनता एक बार उन्हें विकास करने का मौका दे। वे पलामू का विकास कर के दिखाएंगी। साथ ही सपा के रंजन यादव, गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव, माले नेत्री सुशमा मेहता आदि ने भी विचार व्यक्त किये। मौके पर मुख्य रूप से वीआईपी पार्टी के मंदीप मल्लाह, राजद जिलाध्यक्ष सुरज कुमार सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, डॉ यासीन अंसारी, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनिल कुमार, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, देवेंद्रनाथ तिवारी, आशीष कुमार गुप्ता, रौशन पाठक, धर्मेंद्र कुमार पाठक, मो. अलीम, मो. इसराफिल, शाह मोहम्मद खान, मुमताज अली रंगसाज, विजय चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका/गढ़वा।** रंका उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को उनके चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक गरीब महिला को एक लाख रुपए सलाना देकर सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में उनके तीन वर्षों के शासन काल में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया। उनके इसी कार्यों से घबराकर भाजपा ने बिहार में चाचा को ही तोड़कर गठबंधन की सरकार को गिरा दिया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें जीत कर संविधान को खत्म करना चाहती है। जनता अब जाग चुकी है। यह मंसूबा कुछ काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बदलने का समय आ गया है। श्री यादव ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने गढ़वा - पलामू को कुछ नहीं दिया। यहां गरीबी, बेरोजगारी, पलायन नहीं रुका और न ही सिंचाई की व्यवस्था और न कारखाना ही खुले। श्री यादव ने कहा कि बिहार में भाजपा का सफाया हो चुका है। अब झारखंड की बारी है। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें सिर्फ सांसद नहीं चुनना है, बल्कि संविधान बचाना है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पोषक और गरीबों की शोषक है। वे लोकतंत्र को समाप्त करने की बात करते हैं। वीआईपी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा के पीछे आरएसएस है, जो हमारे हाथ से छुए हुए पानी नहीं पीते हैं। नफरत फैलाते हैं। क्या हमें ऐसी सरकार चाहिए। कहा कि भाजपा 400 सीटें लाकर आरक्षण खत्म करना चाहती है। भाजपा पैसों पर घमंड करती है। हम सभी को मिलकर पैसे की घमंड को तोड़ना होगा।

## समस्या

## मनरेगा मजदूरों को नही मिल रही उचित मजदूरी

# समय पर नहीं मिलती मजदूरी, जीवन-यापन में होती है समस्या





**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को बाजार रेट से आधी दर पर काम करना पड़ रहा है। फिलहाल मनरेगा कार्यों में मजदूरों को 272 रुपये मजदूरी प्रतिदिन मिलती है। जबकि बाजार में यह दर 450-500 रुपये तक है। मनरेगा योजना में काम करने के वावजूद उनकी मजदुरी भुगतान काफी दिनों तक लटका रह जाता है तो दूसरी तरफ मजदूरों को मनरेगा योजना में काम करने से प्रतिदिन नुकसान हो रहा है। यह स्थिति पूरे राज्य में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की है। हालाकि सरकारी व्यवस्था के तहत मनरेगा मजदूरों को जॉब सिक्युरिटी भी है। साथ ही मजदूरों को उनके गांवों में रोजगार उपलब्ध भी करा दिया जाता है। पर उन्हें पूरे एक वर्ष में मात्र 100 दिन रोजगार दिया जाता है। इसके बाद 265 दिन मनरेगा मजदूर रोज कमाते और खाते है। हर दिन मजदुरी मिलने के बाद शाम में खाने का समान लेकर घर लौटते हैं, तब उनके घरों में चुल्हा जलता है और भोजन पकता है। मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों को 2-3 महिना और कभी-कभी इससे भी ज्यादा समय तक मजदूरी के पैसे का भुगतान का इंतजार करना पड़ता है। प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को अप्रैल 2023 का लगभग 6 लाख रुपए मजदूरी भुगतान बकाया है। मजदूर भुगतान की आस में प्रखंड कार्यालय से बैंक का लगातार चक्कर काट रहे हैं। यह मनरेगा मजदूरों के समक्ष बड़ी समस्या है। जबकि बड़े पैमाने पर प्रखंड के सात पंचायतों में मनरेगा योजना संचालित नहीं होने से मजदूर हर दिन दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। **प्रिया सिंह समाजसेवी मुकुन्दपुर,** मजदूरों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा योजना वरदान साबित हो रहीं है, लेकिन समय पर मजदुरी भुगतान नहीं होने और नियमित काम नहीं मिलने से मजदूरों का मोह अब भंग हो रहा है। सरकार को न्यूनतम 400 रुपये मजदूरी देनी चाहिए।

**मुंगा साह मुखिया, मुकुन्दपुर केतार,** मनरेगा मजदूरों को पुरे एक वर्ष में 100 दिन ही काम मिलता है, केन्द्र और राज्य सरकार को मजदूरों को काम की संख्या बढ़ाने के लिए पहल करना चाहिए, ताकि उन्हें बाहरी राज्यों में पलायन नहीं करना पड़े।

**दिनेश कुमार गुप्ता मनरेगा मजदूर** मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों को समय पर मजदुरी भुगतान नहीं होने से घर परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। पिछले वर्ष अप्रैल माह का पंद्रह दिन का मजदुरी भुगतान नहीं हुआ है,सरकार को नियमित काम और समय पर मजदुरी भुगतान करना चाहिए।

### कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलना ही भाजपा की उपलब्धि : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को डंडा एवं मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने पलामू लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान मंत्री ने मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा पश्चिमी पंचायत में ओखरगाड़ा देवी धाम के समीप, ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत में परसही सहिजना टोला, खोरीडीह पंचायत के छपरवार गांव, चेचरिया पंचायत के बोकेया में दुर्गा मंडप के समीप तथा डंडा प्रखंड के भिखही पंचायत में भिखही दुर्गा मंडप के समीप, छपरदगा पंचायत में महुराम टोला स्थित चबूतरे के समीप तथा डंडा पंचायत के डंडा दुर्गा मंडप के समीप आयोजित सभा को संबोधित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सिर्फ हिंदू-मुस्लिम एवं जात पात की बात करती है। कभी भी प्रधानमंत्री सहित भाजपा के लोग पिछले 10 वर्षों के कार्यां की बात नहीं करते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अक्षय तृतीया परशुराम जयंती पर बंधन मैरेज हॉल में कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा ।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया परशुराम जयंती के मौके पर अखिल भारतीय सर्वब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम की जयंती कार्यक्रम का आयोजन शहर के बंधन मैरेज हॉल में आयोजित की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल पांडेय ने की. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा से समाज के सिरमौर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर ब्राह्मणों ने इस देश व समाज का हमेशा भला ही सोचा है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को नशाखोरी एवं असमाजिक गतिविधियों को छोड़ते हुये अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आदि काल से समाज को दिशा देने एवं शिक्षित करने का काम ब्राहमणों ने ही किया है। सभी दल ब्राह्मणवाद को समाप्त करना चाहते हैं. लेकिन एक ब्राह्मण ही है, जो सभी जाति वर्ग के लोगों को आत्मसात करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन साल में एक बार बड़े पैमाने पर जरूर होना चाहिये, लेकिन इसके साथ ही साथ नियमित छोटे स्तर पर बैठकें व गोष्ठियां भी जारी रहनी चाहिये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय ने कहा कि समाज में खोये हुए सम्मान को पाने के लिये ब्राह्मणों को अपने अंदर की बुराईयों का त्याग करते हुये अपने चरित्र को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन अजय शुक्ला ने किया. वक्ताओं के उदबोधन के पूर्व भगवान परशुराम की तसवीर के समक्ष दीप प्रज्जलित किया गया. इस अवसर पर रामवरण पांडेय, विजय शुक्ला, अन्नू दूबे, डॉ रमेश चंचल, ब्रजेंद्र पाठक, एसएन पाठक, पीके चौबे, लालमोहन मिश्रा, विजय कुमार शुक्ला, राजकिशोर राय आदि मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर वोट करें : जन संग्राम मोर्चा

**मेदिनीनगर।** जन संग्राम मोर्चा, क्रांतिकारी किसान, मजदूर यूनियन, जल,जंगल,जमीन बचाओ संघर्ष समिति और अखंड झारखंड आदिवासी समन्वय समिति ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पिछले 10 सालों के शासन में यह साबित हो गया है कि यह सरकार जन विरोधी है। यह सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं पर बात नहीं करती। जो भी संगठन जनता को बुनियादी समस्याओं एवं मांगों को लेकर आन्दोलन खड़ा करने की कोशिश करते हैं। उन पर तरह-तरह की कार्रवाईयां की जाती हैं। बयान में आगे कहा गया है कि मोदी की सरकार धर्मनिरपेक्ष देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। उनकी पार्टी लोगों के बीच नफरत की दीवार खड़ी कर रहे हैं। जातीय एवं साम्प्रदायिक गोलबन्दी करके 2024 के लोकसभा चुनाव जीतना चाहते हैं। झारखंड के किसानों एवं आदिवासियों की हालत अन्य राज्यों की तुलना में काफी भिन्न है। यहां की अधिकांश खेती योग्य जमीनें समतल नहीं है। दूसरे यहां कृषि विकास हेतु कोई ठोस प्रयास भी नहीं किये गए हैं। यहां की खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर है और जंगली उत्पादों का संग्रहण जीविका का एक प्रमुख साधन है। झारखंड सरकार ने न तो खेतों को समतल बनाने, न ही सिंचाई की उचित व्यवस्था की है और न ही एमएसपी पर कृषि एवं जंगली अनाजों की खरीद की सरकारी व्यवस्था की गई है। नतीजतन, किसानों एंव आदिवासियों को अपने उपजों की काफी कम कीमत पर स्थानीय हाटों -बाजारों में बेचना पड़ता है। करीब 4 दशक पहले झारखंड को बिहार से अलग करने की मांग को लेकर यहां के किसानों एवं आदिवासियों ने संघर्ष किया था, लेकिन अलग राज्य बनने के बाद भी उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। विज्ञप्ति में मोर्चा ने कहा है कि जनता को लोकसभा चुनाव में काफी सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। जनता को प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लेना चाहिए और जनविरोधी ताकतों को शिकस्त देना चाहिए। विज्ञप्ति जारी करने वालों में सत्येन्द्र मेहता, तपेश्वर सिंह, बृजदेव खरवार, युगल पाल कांतिकारी किसान मजदूर यूनियन (झारखंड), तेज नन्दन मेहता जंसंयों अध्यक्ष संयोजक पलामू, राजेन्द्र पासवान (केंद्रीय सचिव) जन संग्राम मोर्चा, अशोक पाल जन संग्राम मोर्चा जिला अध्यक्ष गढ़वा, सुभाष कांतिकारी किसान मोर्चा यूनियन सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### गढ़वा प्रखंड के 100 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया, अचला आदि पंचायतों से 100 से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग लंबे समय से भाजपा में रहकर काफी ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। अब सभी माटी की पार्टी झामुमो में शामिल हो गये हैं। गढ़वा सहित पूरे राज्य में हो रहे विकास कार्यां से प्रभावित होकर सभी ने झामुमो को ही राज्य एवं जनता को हितैषी समझा। श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो ऐसी पार्टी है जो कहती है वो करती है। उन्होंने 2019 के विधासभा चुनाव से पूर्व यहां के लोगों से गढ़वा को विकसित करने का वादा किया था। आज गढ़वा झारखंड का नंबर वन विधानसभा क्षेत्र बन गया है। आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा। उन्होंने शामिल हुए सभी लोगों से क्षेत्र में जाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराने की बात कही। साथ ही मंत्री ने कहा कि सभी लोग मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जीत दिलायें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गोकुल दुबे, विकास कुमार, संदीप चौधरी, धमेंद्र पासवान, अजीत कुमार, मुंद्रिका राम, तिरसार मियां, अनवर अंसारी, रफीक अंसारी, ब्रह्म राम, अमरेश उरांव, सुरेश उरांव, युसूफ, रोहित चौधरी, छोटू पासवान, अनुज दास, विकास कुमार, मुकेश भारती, चंदन रवि, महिला मोर्चा से वार्ड सदस्य कलावती देवी, लालती देवी, पुनिता देवी, रजमतिया देवी, प्रमिला देवी, मनती देवी, कबुतरी देवी, अचला से सतेंद्र कुमार यादव, अजय पाल, शिवनाथ चौधरी, राजेंद्र यादव, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, दिलीप गुप्ता, फुजैल अहमद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

### कैंडल मार्च निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया

**केतार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीडीओ सावित्री कुमारी के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों ने शुक्रवार की शाम केतार बाजार में कैंडल मार्च निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। कैंडल मार्च सब्जी बाजार अम्बेडकर चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए कपूर्री गेट तक निकाली गई। इस अवसर पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने बाजार में उपस्थित ग्रामीणों और दुकानदारों को 13 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट देने का आग्रह किया। बीडीओ ने कहा की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता निर्भीक और भयमुक्त होकर मतदान केंद्र पर जाकर वोट दें सकेंगें। बीडीओ ने कहा की सशक्त लोकतंत्र निर्माण के लिए सभी को अपना मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बिना किसी लोभ ,लालच और प्रलोभन के मतदान करने की शपथ ली। इस मौके पर बीपीआरओ सुरेश राम,बीपीओ दीपक जयसवाल, समन्वयक राकेश कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, आयुषी चौबे,जेई राजीव शुक्ला,रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, संजीव कुमार, सुधांशु कुमार,विनय कुमार,छोटन पासवान, जितेन्द्र कुमार,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ शनिदेव के मंदिर का निर्माण कार्य



**बरवाडीह।** प्रखंड के मुख्य बाजार स्तिथ ऐतिहासिक वर्षो पुरानी पीपल पेड़ के नीचे दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के अवसर पर शनि देव महाराज के मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुरू किया गया। शनि देव मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन में मुख्य यजमान बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल व उनकी पत्नी सरिता अग्रवाल द्वारा वही पंडित राकेश मिश्रा के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन कार्य कराया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान द्वारा शनिदेव मंदिर निर्माण का नींव भी रखी गई। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रखंड के सबसे पुराने पीपल वृक्ष के नीचे वर्षो से शनिदेव की पूजा अर्चना होती आ रही है ,जिसे देखते हुई समाज हित में प्रखंड में शनि देव मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। जिसे आपसी सहयोग से शनि देव मंदिर का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। वही उन्होंने मंदिर निर्माण में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर सहयोग देने की अपील किया है। मौके पर शैलेंद्र कुमार सिंह सिंपी,इकबाल सिंह,मोहित कुमार,हर्ष अग्रवाल,गोपाल सोनी, जगदंबा अग्रवाल, पिकू अग्रवाल,राकेश अग्रवाल, मुकु अग्रवाल समेत आसपास के काफी संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

### प्रकृति पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बारियातू :** प्रखंड के सालवे पंचायत अंतर्गत साल्वे अलखडिहा व,गुरू सालवे मे सरहुल का त्यौहार हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाया गया.पारंपरिक रुप से सभी गाँव में बारि बारि से सरहुल का त्यौहार मनाया जाता है। इसी क्रम मे आज साल्वे ग्राम के सभी टोले मे प्रकृति का महापर्व सरहुल मनाया गया। गाँव के पाहन पुरोहित ने मां सरना की पुजा कर ग्रामवासीयों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष युवक युवतीयो ने अपनी पारंपरिक नृत्य कला संस्कृति का मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। सरहुल त्यौहार के माध्यम से आदिवासी समुदाय प्रकृति प्रेम व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को टंडवा व गिद्धौर प्रखंड में भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। टंडवा प्रखंड में आयोजित भगवान परशुराम की जयंती पर टंडवा व केरेडारी के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकालकर टंडवा भ्रमण किया। इसके पश्चात टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित की गइ। जिसकी अध्यक्षता उपेन्द्र पाण्डेय व संचालन सुमन भारतीय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के पश्चात पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं में लक्ष्मी रानी पिता कपिलदेव पांडेय केमो, रिया कुमारी पिता सुमन भारती सिसई, मानवी कुमारी व पूर्वी कुमारी दोनों के पिता विनय पांडेय राहम, सिमरन कुमारी पिता उमेश पांडेय राहम, संध्या कुमारी पिता जितेंद्र चौबे बेलवारी, नैंसी कुमारी पिता बिनोद कुमार पांडेय सिसई, नमन कुमार पिता तापेश्वर चौबे बेलवारी, रानी कुमारी पिता दीपक कुमार तिवारी कढ़नी का उत्साहवर्धन करते हुवे शॉल, पुस्तक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए मंदिरों में चला विशेष अभियान**

# सामूहिक प्रयास से ही रुकेगा बाल विवाह : डीसीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिरों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर संभावित बाल विवाह के रोकथाम हेतू जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार के नेतृत्व में बचपन बचाओ आंदोलन वैदिक समिति चाइल्ड हेल्पलाइन एवं स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पहाड़ी शिव मंदिर में बाल विवाह रोकथाम सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने कहा कि बाल विवाह सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है।

इसकी रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास जारी है। लातेहार जिला में बचपन बचाओ आंदोलन और स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल विवाह के रोकथाम हेतु सकारात्मक प्रयास कर रही है। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी समेत अन्य पुरोहितों एवं उपस्थित लोगो को बाल विवाह कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला बाल संरक्षण इकाई के वैदिक सलाहकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानून में जुर्म है। इसके खिलाफ लोगों को सजग और संवेदनशील होकर बाल विवाह रोकने के लिए सकारात्मक पहल करने की जरूरत है। तभी समाज से बाल विवाह समाप्त हो सकता है।

इस दौरान मंदिर परिसर में पोस्टर चिपकाकर एवं उपस्थित ग्रामीणों के बीच पंपलेट का वितरण कर लोगों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गयी। मौके पर पोखरी कला मुखिया नीतू देवी, बचपन बचाओ आंदोलन से रविशंकर, वैदिक सोसाईटी के समन्वयक प्रेम प्रकाश, काउंसलर आरती कुमारी, रूबी कुमारी, कुणाल कुमार, पीएलवी सबिता देवी, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक विनोद प्रजापति, दीपनारायण यादव, पहाड़ी मंदिर के पुजारी कलोक मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविका संगीता देवी, मानवती देवी, लीलावती देवी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।




### 1098 पर दें सूचना : बीबीए

बीबीए जिला समन्वयक रविशंकर ने बताया कि यह अक्षय तृतिया के दिन बड़े पैमाने पर बाल विवाह होने की संभावना बनी रहती है इसी को ध्यान में रखकर इसकी रोकथाम के लिए पूरे जिले में जागरूकता चलाया जा रहा है। इस दौरान वैदिक सोसाईटी के समन्वयक प्रेम प्रकाश ने मंदिर के पुजारी एवं आम नागरिकों से बाल विवाह को बढ़ावा नहीं देने की अपील की साथ ही बाल विवाह की सूचना टोल फ्री नम्बर 1098 अथवा 112 के माध्यम से देने का आग्रह किया।

## पीएम मोदी दूसरी बार आ रहे हैं चतरा, तैयारियां पूरी

**चतरा/सिमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मई को चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित मुरवे खेल मैदान में पार्टी के हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जसवाल और चतरा प्रत्याशी कालीचरन सिंह के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम के आगमन को लेकर प्रशासनीक के साथ पार्टी स्तर पर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। एसपीजी के जवान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। पीएम के आगमन से पूर्व हेलीपैड का पूर्वाभ्यास किया गया। वहीं सभा स्थल को एसपीजी ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है। जनसभा में लगभग भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसे लेकर भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगायी गई है। चुनावी सभा में चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के काफी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व मतदाता पीएम को सुनने पहुंचेंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। साथ ही सभा में भीड़ जुटाने के लिए बीजेपी नेता व कार्यकर्ता बैठक कर व गांव का भ्रमण कर मस्कत कर रहे हैं। सभा को लेकर तीन हेलीपैड का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा नेता व कार्यकर्ता लगे हुए हैं। क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की जा रही है।

### 10 वर्ष में दूसरी बार आ रहे हैं पीएम, 2014 में चतरा व इस बार सिमरिया में कार्यक्रम

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार व 10 वर्ष में दूसरी बार चतरा पहुंचेंगे। इसे लेकर लोग भी उत्सुक हैं। इसके पूर्व 2014 में नरेंद्र मोदी चतरा में सांसद उम्मीदवार सुनील सिंह के पक्ष मे चुनावी सभा में पुहंचे थे। दस सालो बाद पीएम मोदी दुबारा चतरा की धरती पर सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के मुरवे खेल मैदान में कदम रखेंगे। इधर पीएम के कार्यक्रम को लेकर चतरा और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में भाजपाई समेत आम लोगों के बीच भारी उत्साह है।

### पोस्टल बैलेट के माध्यम से किए जा रहे मतदान कार्यों का निरीक्षण

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने बनवारी साहू महाविद्यालय, गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार, व अनुमंडल कार्यालय लातेहार में बनाये गए पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सुविधा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं , विधि व्यवस्था, मतदान कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुविधा केंद्र के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### करंट लगने से चार लोग झुलसे



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोठगांव के रूपशे सिंह घर में खराब चापाकल को मरम्मत करने काम चल रहा था। सुबह नौ बजे करीब सभी चपाकल मरम्मत करने के लिए चापाकल के अंदर लगे पाईप को बाहर निकल रहे थे। इस क्रम में चापाकल के उपर झूले रहे बिजली लाईन के सम्पर्क में आने से काम कर रहे विक्की केरकेट्टा,रामप्रसाद, बरना नगेशिया और चदंर कुमार मेहता झटका लगा। जिससे चारों घायल होकर बेहोश हो गये। ग्रामीणों की मदद से सभी घायल को अलग-अलग अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। घायल विक्की केरकेट्टा और रामप्रसाद को कार्मेल निजी अस्पताल एंव बरना नगेशिया और चदंर कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ भर्ती कराया गया।गंभीर रूप से घायल विक्की को डॉक्टर द्वारा बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया।वही घटना की जानकारी किसी भी ग्रामीण द्वारा विभाग को नहीं देने पर घटना के बाद भी बिजली लाईन सप्लाई जारी थी।

### पोस्टल बैलेट से पहले दिन छह मतदाताओं ने किया मतदान




**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में सरकारी कर्मियों के लिए कन्या मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदाता सुविधा केंद्र में पहले दिन पोस्टल बैलेट के माध्यम से 6 सरकारी कर्मियों ने अपना मतदान किया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनोज कुमार व बीड़ीओ रेशमा रेखा मिंज की देखरेख में कन्या मध्य विद्यालय सुविधाकेंद्र में सर्वप्रथम पुलिस अवर निरीक्षक राधेश्याम कुमार ने पोस्टल बैलेट से अपना पहला मतदान किया उसके बाद पांच अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने अपना मतदान किया। इस संबंध में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस सुविधा मतदान केंद्र में 220 कुल मतदाता है जो 13 तारीख तक अपना मतदान कर सकते हैं। वही पोस्टल बैलेट सुविधा मतदान केंद्र में सरकारी कर्मियों को मतदान करने के लिए 10 मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया था.जो पोस्टल बैलट मतदाताओं की पहचान कर रहे थे।जबकि सुविधा मतदान केंद्र में चिकित्सा सुविधा हेतु चिकित्सा कर्मी व पुलिस बल को भी तैनात किया गया था।

### मयूरहंड में कांग्रेस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय के समीप तान्या कम्पलेक्श में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा व इंटक नेता प्रदीप कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत फीता काटकर किया। इस अवसर पर राजद, झामुमो व कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष समेत सभी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात गठबंधन के नेताओं ने बैठक कर चुनाव संबंधी रणनीति बनाया और प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजय बनाने का निर्णय लिया। मौके पर शशि प्रमोद सिन्हा, सुरेंद्र सिंह, अलखदेव सिंह, मनीर आजाद, रुस्तम अंसारी, नीरज कुमार दांगी, शायरा खातुन आदि उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने गिद्धौर में मनाई परशुराम जयंती



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज लोगों ने परशुराम जयंती धूमधाम से शुक्रवार को मनाया। कार्यक्रम प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष यदुनंदन पान्डेय के नेतृत्व में किया गया। जिसका संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वस्तिवाचन, दीप प्रज्वलित एवं शंखोंचार के साथ किया गया। वक्ताओं ने आगे भगवान परशुराम के जन्म उत्सव वैशाख मास के शुक्ला पक्ष के अक्षय तृतीया को त्येहार के रुप में मनाने का संकल्प लिया। आगे कहा कि भगवान परशुराम पराक्रम के प्रतीक और राम सत्य सनातन का पर्याय हैं। इस प्रकार परशुराम का अर्थ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक है। भगवान परशुराम श्री हरि विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। सनातन परंपरा में आठ ऐसे चिरंजीवी देवता हैं। जो युगों-युगों से इस पृथ्वी पर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम भी हैं। मौके पर पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ पांडेय,, बनवारी पांडेय, मुनी पांडेय, सुधीर पांडेय, जमुना पांडेय, त्रिपुरेश पांडेय, श्रीकांत पांडेय, कामदेव पांडेय, ऋषिदीप पांडेय, पंकज पांडेय, नैतिक पांडेय, मुनी पांडेय, मनोज पांडेय, सचिन पांडेय आदि उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल कल्याण समिति चतरा के द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर परिसर में प्रबंधन समिति व पुजारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें विशेष रुप से बाल कल्याया समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष धनंजय तिवारी व पुलिस अवर निरीक्षक अरवींद कुमार दास उपस्थित थे। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया गया कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, मानसिक विकास और खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है और पूरे समाज में पिछड़ापन आ जाता है। इसलिए बाल विवाह की प्रथा को रोकने में सभी लोग योगदान करें। साथ ही मंदिर में विवाह के लिए पहुंचने वाले जोड़ों के पहले उम्र की जांच कर संतुष्ट होने के बाद ही विवाह संपन कराने की बात कही गई। परिजनों द्वारा जोर जबरजस्ती करने पर हेल्पलाइन नम्बर 1098, 112 व 100 सुचना देने की बात कही गई। साथ ही बातया गया कि सीओ, बीडीओ थाना प्रभारी, जिले के बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड होल्प लाइन को जानकारी दे सकते हैं। बैठक कि अध्यक्षता पुजारी राजेंद्र पांडेय व संचालन प्रबंधन समिति सदस्य केदार नाथ दांगी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के बालेश्वर दांगी, भरत साव, पुजारी संजय पांडेय, उमेश पांडेय, विजय पांडेय, रुपेश पांडेय, अनुज पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

**गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने केएन त्रिपाठी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान**

## गरीब से गरीब लोगों का विकास करने की ठानी है कांग्रेस ने : ईस्वर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

इन दोनों लोकसभा चुनाव के मतदान का जैसे-जैसे समय नजदीक आती जा रहा है पार्टी के उम्मीदवार के साथ-साथ पार्टी के कार्यकताओं में काफी उत्साह देख जा रहा है कार्यकर्ता अपने नेता को जीत दिलाने के लिए गांव-गांव में जाकर एक-एक मतदाताओं से मिल प्रचार प्रसार करते नजर आ रहे हैं इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत के सुइयां टोला, टोंगरी टोला बालूमाथ हरिजन टोला सहित दर्जनो गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगे।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात ने मतदाताओं से कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने गरीब से गरीब लोगों के लिए विकास करने का ठाना है उनके घोषणाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जिससे लोगों ने सराहते हुए अपना मत कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी को देने का मानस जाहिर की। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, मो.इमरान श्याम सुंदर यादव, दीपक यादव, प्रदीप गंझु, परमेश्वर गंझु,रीना उराँव,कपिल उराँव, हरिहर यादव,निरंजन यादव सहित सैंकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण महजूद रहे।

## बसपा प्रत्याशी नागमणी ने मयूरहंड का किया दौरा, बेरोजगारी व रेल के मुद्दे पर मांगा वोट



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

चतरा लोकसभा से बसपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणी शुक्रवार को मयूरहंड प्रखंड के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान बसपा प्रत्याशी नागमणी प्रखंड के ढोढी, मंधैनिया, तिलरा, मयूरहंड, हुसिया समेत अन्य गांवों का दौरा कर लोगों से मिलकर बेरोजगारी, रेल, जेल की व्यस्था में सुधार आदि के मुद्दे को लेकर जनता से वोट मांगा। साथ ही लोगों से कहा कि हम आपके हर दुख सुख में शामिल रहेंगे। दौरे में बसपा जिलाध्यक्ष बिनोद राज, सुधीर वर्मा, वासुदेव रवि, जानकी राम, प्रभारी चंद्रशेखर दास, कुशवाहा समाज के जिला महा सचिव हिरेंद्र दांगी, शंकर विष्णु दास, राम रत्न यादव, डॉक्टर प्रेम मौर्य, राम रत्न यादव आदि शामिल थे।

**भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने लोगों से वोट देने का किया आग्रह**

## लोगों का मिल रहा भरपूर समर्थन, चुनाव जीत करेंगे क्षेत्र का विकास : कालीचरण सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के आरा एवं चमातू ग्राम में चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। उपरोक्त दोनों ग्राम में आयोजित पथ सभा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस दौरान भाजपा नेता चेतलाल राम ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का भव्य स्वागत किया मौके पर कई भाजपाइयों ने कालीचरण सिंह को माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह ने लोगों को संबोधन कर कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र का समस्या से अवगत हो रहा हूं जीतकर दिल्ली जाऊंगा तो इस क्षेत्र की समस्या और विकास के लिए संसद भवन में आवाज उठायेंगे। कहा मैं लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा । लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 20 मई को कमल छाप के बटन को दबाकर मुझे अपार मतों से विजय बनाने की अपील की। मौके पर ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की ज्वलन समस्या का समाधान का आशा लिए ग्रामीणों ने बहुमत देने पर सहमति जताई। पथ सभा कार्यक्रम का मंच संचालन चमातू ग्राम में विजय साव और आरा में रवि प्रकाश ने किए। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ,उप प्रमुख कामेश्वर राम,प्रेम प्रसाद गुप्ता, रामनाथ सिंह, अमित कुमार, रंजीत प्रसाद, प्रदीप यादव, सुरेश उराँव, सूरज कुमार,समाज सेवी सतनारायण साव,कुलदीप साव , तिरवेनी साव , मिथुन साव, राजेंद्र साव, शीतल साव, दामोदर साव, विजय यादव,आरा ग्राम से संभू साव, पदुम यादव,महेंद्र साव तुलसी साव, मिथलेश कुमार पवन कुमार,भोला कुमार सहित कई महिला पुरीष ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

### बाइक दुर्घटना में विवाहिता की मौत पति की हालत गंभीर

**चतरा/टंडवा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवोदय विद्यालय के पास मुख्य सड़क पर हाईवा ने चपेट में बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे बाइक पर सवार सुरेंद्र भुईयां की पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई व पति गंभीर रु से घायल हो गया। दंपति टंडवा थाना क्षेत्र के सिसई टोला बूटखेता के रहने वाले हैं, जो भद्रकाली मंदिर इटखोरी बाइक से सादी सालगिरह मनाने जा रहे थे। इसी क्रम में नवोदय विद्यालय के समीप तेज रफ्तार कोल वाहन हाइवा ने अपनी चपेट में लिया। जिसमें घटनास्थल पर ही पत्नी की मौत हो गई और पति गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे स्थानिय लोगों की मद्द से चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

" सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
कार्यालयः– जिला निर्वाचन पदाधिकारी – सह– उपायुक्त, पलामू
Ten No. (Election Office) – 06562-231046
E-mail ID- electionpalamau1@gmail.com

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत द्वारा निर्गत प्रेम नोट संख्या–ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं 20.05.2024 प्रातः 07:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक मतदान निर्धारित है। उक्त के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत पड़ने वाले 75–पांकी, 76–डालटनगंज, 77–विश्रामपुर, 78–छत्तरपुर (अ0जा0) एवं 79–हुसैनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाना है।

अतः उपरोक्त के आलोक में, मैं शशि रंजन (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 (क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पलामू जिला अन्तर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों को निर्वाचन कार्य समाप्ति तक अधिगृहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 324677 Palamu(24-25)D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
" सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "
कार्यालयः- जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू
Ten No. (Election Office) – 06562-231046 E-mail ID- electionpalamau1@gmail.com

आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि13.05.2024 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2019 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची की अधिसूचना संख्या 2492 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को पलामू जिला अन्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अअन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, जो लोकसभा निव्राचन में मतदान करने का अधिकार है, को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के तहत मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगाा। उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी।

यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं का उल्लंधन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.324670 Palamu(24-25):D

## एक नजर

### चार्जर में करंट प्रवाहित होने से मोबाइल में लगी आग, युवती झुलसीं

**गुमला।** जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित चेगरी नवा टोली ग्राम निवासी 21 वर्षीय , अमृता कुमारी की मोबाइल में चार्ज के दौरान उसमें करंट प्रवाहित होने के कारण आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से अमृता कुमारी के कपड़ों में आग लग गई। जिसके कारण उसके हाथ-पैर झुलस गए। उसके चिल्लाने पर उसके परिजन उक्त स्थान पर पहुंचकर उसकी जान बचाई। आनन-फानन में सर्वप्रथम उसे इलाज के लिए बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है।

### वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

**गुमला।** जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित दरदाग पिपराटोली और हेसराग ग्राम में गुरुवार को एकाएक मौसम का मिजाज बदला और अंधड़, पानी, ओलावृष्टि और वज्रपात होने से उक्त क्षेत्र में जान माल की क्षति पहुंची हैं। इस दौरान, दरदाग पिपराटोली ग्राम निवासी 60 वर्षीय चाचा नकुल उरांव और भतीजा सत्येंद्र उरांव अपने बारी में टमाटर तोड़ रहे थे। वहीं एकाएक वज्रपात हुआ और वह जमीन पर गिर कर बेहोश हो गये। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने नकुल उरांव को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना हेसराग ग्राम स्थित नागेश्वर लोहार के घर के समक्ष वज्रपात हुई। उस वक्त चार बच्चे घर के पास खेल रहे थे। वहीं 4 वर्षीय सच्चिदानंद लोहरा उक्त वज्रपात की चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये तत्काल बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बिशुनपुर थाना पुलिस उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक नकुल उरांव के शव को अपने कब्जे में लेकर ,पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

# सहारा के जमाकर्ता व कार्यकर्ताओं की हर समस्या का निदान कराना मेरी प्राथमिकता : समीर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सहारा इंडिया परिवार घाघरा एफ सी के सभागार में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के बीजूपाडा ,बेडो , सिसई , भरनो ,बसिया ,गुमला ,मांझा टोली ,टोटो ,बिशुनपुर ,घाघरा , सेन्हा , लोहरदगा ,किस्को ,कुंडू ,कैरो एवं भण्डरा ब्रांच के सैकड़ों कार्यक्रताओं के उपस्थिति में लोहरदगा राज्य सभा सांसद सह भाजपा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव उपस्थित हुए । उनका सहारा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत गोपाल गोप द्वारा बुके एवं मनोज साहु द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि आप सबों के कष्ट से मैं वाकिफ हूँ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमीत शाह इस मामले को सीधा देख रहें हैं । यह मामला उच्चतम न्यायलय के अधीन चल रहा है परन्तु अमित शाह के प्रयास से पोर्टल लॉन्च किया गया। जिसके माध्यम से सभी जमाकर्ता का भुगतान कराया जा रहा है । परंतु पोर्टल में हो रहे व्यवधान के कारण भुगतान जिस गति से होना चाहिए नहीं हो पा रहा है । आप सभी के सहयोग से मैं जीतकर संसद पहुंचता हुं तो पहला सवाल सहारा जमाकर्ता के भुगतान एवं कार्यकताओं के रोजगार के विषय को प्राथमिकता से रखने का काम करूंगा। आप सबों को न्याय दिलाने में अपना शत प्रतिशत लगाउंगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला रीजन के पुर्व रीजनल मैनेजर संदीप गुप्ता और लोहरदगा के आनंद केशरी ने किया। सभा का संचालन लोहरदगा सेक्टर मैनेजर हरीनाथ साहु ने किया ।सभा के अंत में एक मांग पत्र सहारा कार्यकताओं के द्वारा समीर उरांव को दिया गया ।जिसमे जमाकर्ताओं का भुगतान को प्राथमिकता के साथ इंगित किया गया। इस सभा में घाघरा एफसी हेड कमलेश ठाकुर, सेन्हा कृष्णा , सिंह , कैरो भीम साहु, किस्को रमेश तुरी , बिशुनपुर उमेश साहु ,बिजूपाडा मन्तोष ,बेडो अशोक साहु ..भरनो से मनोज सिंह, सिसई से अरुण नारायण सिंह,पालकोट से जितेंद्र साहू,मंझटोली से रवि श्रीवास्तव, चैनपुर से मनोज सिन्हा, लोहरदगा से हरिनाथ साहू, गुमला से गोपाल श्रीवास्तव, भंडरा से बसंत ठाकुर, कुडू से मनोज ठाकुर फील्ड वरिष्ठ आनंद केशरी, संदीप गुप्ता, साधन वर्मा, सुमित कुमार, रविरंजन सिन्हा, बी एम सिंह इत्यादि ने अपने टीम के साथ उपस्थित हुए।

### अपनी पौराणिक संस्कृति को संजोने की जरूरत : समीर

**बिशुनपुर।** सरहुल पूजा समीति बिशुनपुर के अगुवाई में शुक्रवार प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम करम टोली गांव स्थित सरना स्थल में बैगा विश्राम उरांव और पुजार बुधराम उरांव के द्वारा विधि -विधान और पारम्परिक तरीके से मां सरना पूजा की गई। मौके पर समाज के लोगों के बीच सरना फुल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंड से सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।इस मौके पर लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा निकाली गई। हर पांव सड़कों पर थिरकते नजर आ रहे थे और हर हाथ मांदर व नगाड़ा को मधुर धुन देने में व्यस्त थे। आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में थे। मांदर, ढोल व नगाड़ा की थाप एवं घंटा की गूंज पर थिरक रहे थे। इधर, शोभायात्रा मुख्यालय के मुख्य मार्ग होते हुए बिरसा बाग पहुंचा। जहां सभा में तब्दील हो गया। मुख्य अतिथि स्थानीय लोहरदगा लोकसभा सीट के प्रत्याशी समीर उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल पर्व आपसी-भाईचारगी का संदेश देता है। सरहुल पर्व में पहान-पुजार गांव की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। जिस तरह पेड़-पौधे अपने पुराने पत्ते को छोड़ नए पत्ते और हरियाली देती है। ठीक उसी प्रकार सरहुल पर्व भी हमें गांव में सुख-शांति देने का काम करती है। सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति है। जरूरत है हमें इसे संजोने की। उन्होंने कहा राजनीतिक लाभ के कारण कुछ हमारे समाज के हितैषी बनकर लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर तोड़ने का काम कर रहे हैं, परंतु उन्हें नजर अंदाज कर हमें अपनी पौराणिक संस्कृति को कायम रखना है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भिखारी भगत महेंद्र, भगत लक्ष्मण उरांव आदि लोगों ने भी लोगों को संबोधित किया।

जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल शर्मा ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा

# लोहरदगा में मतदान के 48 घंटे पूर्व से रहेगा ड्राई डे

### छापामारी में 600 लीटर अवैध शराब व 5 क्विंटल महुआ जब्त, 75 पर केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि, लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसको लेकर उत्पाद विभाग अवैध देशी विदेशी शराब के खरीद, बिक्री और उपयोग पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रहा है। उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि, विभागीय कार्रवाई के तहत अब तक अवैध शराब से जुड़े मामले पर 75 केस दर्ज किया गया है। उत्पाद विभाग की छापामारी में लगभग 600 लीटर अवैध चुलैया शराब, 5 क्विंटल जावा महुआ जब्त कर उसे टीम द्वारा मौके पर नष्ट कर दिया गया। अवैध शराब के कारोबारिओं पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए विभाग ने लगभग एक लाख 16 हजार का अर्थदंड लगाकर राजस्व की वसूली किया। जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि, शराब दुकानों में व्यापारियों द्वारा एमआरपी मूल्य से अधिक पर शराब बेची जाने की सूचना 6203999139 व 9430043882 पर लोग दे सकते हैं। सूचना पर विभाग फौरी कार्रवाई करने के लिए पूरी तैयारी कर रखा है। सूचना देने वालों व्यक्ति का नाम, पता गोपनीय रखा जाएगा। कहा कि, लोकसभा चुनाव को लेकर 11 से 13 मई तक लोहरदगा जिले को पूरी तरह ड्राई डे घोषित किया गया है। जबकि चतरा और रांची जिले में चुनाव होने के कारण व सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां 18 से 20 एवं 23 से 25 मई के बीच भी ड्राई डे घोषित किया गया है। वहीं मतगणना के दिन 04 जून को पूरा दिन ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत सभी उत्पाद दुकान, अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर बंद रहेगा। इस दौरान सभी होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और सार्वजनिक स्थल पर शराब और मादक द्रव्य की खरीद बिक्री और वितरण पर पूरी तरह पाबंदी लगाया गया है।

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सहज नहीं है सुखदेव और समीर की राह, दोनों के अपने-अपने दावे

# कुल 15 प्रत्याशी है मैदान में, लेकिन समीर सुखदेव और चमरा के बीच होगा त्रिकोणीय संघर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड की प्रतिष्ठित लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर अब संशय के बादल छट चुके हैं। वर्तमान चुनाव के लिए यहां 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें से अब 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वर्तमान में गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), अर्जुन टोप्पो (निर्दलीय), अर्पण देव भगत (निर्दलीय), चमरा लिंडा (निर्दलीय), पवन तिग्गा (निर्दलीय), मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय), .रंजीत भगत (निर्दलीय), सनिया उरांव (निर्दलीय), व स्टेफन किंडो (निर्दलीय) चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं, लेकिन उपरोक्त 15 प्रत्याशी में सिर्फ तीन प्रात्यशियो के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना तय माना जा रहा है। इस क्षेत्र से साल 2019 में बीजेपी के सुदर्शन भगत ने अपने निकटतम प्रत्याशी सुखदेव भगत को शिकस्त देकर तीसरी सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा था। इस बार भी भाजपा इस सीट को जीतने की महत्वाकांक्षा के साथ सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव पर भरोसा जताया है तो कांग्रेस ने फिर से सुखदेव भगत पर दांव लगाया है। ज्ञातव्य है वर्ष 2009 के चुनाव को छोड़ दें तो गत कई चुनावों में यह क्षेत्र भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर के लिए जाना जाता है। जबकि 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा की दमदार धमक के बीच झाविमो के बहुरा एक्का के कारण कांग्रेस प्रत्याशी को पहली बार तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। तब डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के आलोक में वर्तमान चुनाव को यहां काफी दिलचस्प माना जा रहा है जबकि वर्ष 2009 और 2014 के चुनावों की तरफ इस बार भी त्रिकोणीय संभावना बन रही है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सुदर्शन भगत को 371595 वोट मिले थे तो सुखदेव भगत को 361232 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में सुदर्शन भगत को 226666 वोट, डॉ रामेश्वर उरांव को 220177 वोट और चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। इस बार इस लोकसभा चुनाव में कुल 1523299 वोटर है जिसमे 768283 महिला और 755010 पुरूष वोटर है। इस चुनावी समीकरण को कांग्रेस के लिए सुखदायी माना जा रहा है। बदले हुए माहौल में कांग्रेस समर्थक ऑवरकन्फिडेन्ट भी नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए भी कि मुस्लिम वोट को कांग्रेस के रणनीतिकार विकल्पहीन मान रहे हैं। क्योंकि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में 19 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं की संख्या है जिसपर कांग्रेस को पूरा भरोसा है। ये वोट का बिखराव हुआ तो कांग्रेस को नुकसान होगा। इस वोट पर निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा की भी नजर है। उनका भी अच्छा खासा प्रभाव मुस्लिम मतदाताओं पर है। वही दूसरी ओर भाजपा के अपने दावे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ साथ क्षेत्र में समर्पित भाजपा समर्थकों की फौज पर उम्मीद है।

" सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालयः- जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- उपायुक्त, पलामू**

Ten No. (Election Office) – 06562-231046, E-mail ID- electionpalamau1@gmail.com

**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 13.05.2024 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची की अधिसूचना संख्या 2493 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को पलामू जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निगोशिएबुल इनस्टूमेन्ट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। पलामू जिला अन्तर्गत अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 13.05.2024 को बन्द रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 324672 Palamu(24-25)#D

## आजसू महिला समिति के साथ जीत की बनाई रणनीति

# समीर उरांव ने नारी शक्ति से जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय मुंद्रिका वैंक्वेट हॉल में गुरुवार को आजसू महिला समिति की बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए रणनीति बनाई गई। महिलाओं को एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही गई। पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही गई। मौके पर मौजूद भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि हमारी जीत अब आधी आबादी के हाथों में है। आप बहनो में यह क्षमता है कि आप जिसे चाहे उसकी जीत होना तय है। हम आपके पास अपनी जीत के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने आये है आशा है आप बहने हमे आशीर्वाद देंगे। देश में एनडीए की लहर है इस बार भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। इस नारे को पूरा करने में आप महिलाओं का सहयोग अपेक्षित है। मोदी जी के नेतृत्व में फिर से देश में एनडीए की सरकार बनेगी। नारी शक्ति स्वरूपा होती है। नारी शक्ति का आशीर्वाद मिल गई तो जीत हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है।

वही आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने समीर उरांव की जीत के लिए महिलाओं से आह्वान किया। कहा कि समीर उरांव को जीत दिलाकर केंद्र में फिर से एनडीए की सरकार बनाएंगे। देश मे फिर से एनडीए सरकार आएंगी तो हम महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस करेंगी। हमे समीर उरांव को भारी मतों से जीत दिलाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। मौके पर आजसू नेत्री अनिता साहू, सुनीता साहू, रामचंद्र गिरी, कौशिक राज मेहता, आयुष गोयल, दिलीप साहू, रूपा देवी, अशोक साहू, ओम भारती समेत बड़ी संख्या में आजसू पार्टी की महिलाएं मौजूद थी।

# जनजातीय आबादी के वोट का कभी नहीं हुआ ध्रुवीकरण

**लोहरदगा।** लोकसभा क्षेत्र में वर्गीकरण के हिसाब से देखा जाए तो मोटे तौर पर आदिवासी (सरना+क्रिश्चियन), सनातन और मुस्लिम मतदाता के स्वरूप में है। 65 प्रतिशत जनजातीय आबादी का वोट का ध्रुवीकरण कभी नहीं हुआ है। प्रत्याशियों और दलों में उनके वोट बंटते रहे हैं। जबकि बहुत सारे आदिवासी रोजी-रोटी के लिए घर से बाहर गए हुए हैं। भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय चमरा लिंडा एवं अन्य प्रत्याशी आदिवासियों को रिझाने में लगे हुए हैं। जबकि आदिवासी समाज राष्ट्रीय परिपेक्ष में इस बार मतदान करेगा, ऐसी संभावना दिख रही है। मुस्लिम मतदाताओं के वोट का ध्रुवीकरण होते रहा है। त्रिकोणीय संघर्ष में जहां कांग्रेस एवं अन्य प्रत्याशी उन्हें रिझाने का कोशिश कर रहे हैं तो भारतीय जनता पार्टी उनके बीच सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत के साथ उनसे वोट डालने की अपील कर रही है। पिछले चुनावो से देखा जा रहा है कि हिंदू मतदाता भी ध्रुवीकृत हो रहे हैं। वैसे तो लोहरदगा लोकसभा में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होती रही है और पिछले तीन चुनाव से भाजपा जीतती चली आ रही है लेकिन इस बार निर्दलीय चमरा लिंडा के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

## ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है : मौलाना अशरफी



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच डॉक्टर इंद्रेश कुमार की रहनुमाई में मौलाना अशरफी भाजपा जिला एवं प्रखंड कमेटी की निगरानी में निरंतर ऊपर नारी, कासियाडी रोड, कोच, तथा बाल टोली, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क चलाया जा रहा है और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का बहुमूल्य पर्चा ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है। इस लेखक को मुस्लिम अल्पसंख्यकों के बीच तकसीम किया गया। गुलजार आलम की अगवाई में आदिवासी भाइयों से भी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का मौलाना अशरफी द्वारा आह्वान किया गया और केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनना तय है। जैसा कि पूरे भारतवर्ष में एक खूबसूरत वातावरण का माहौल बना है। इस मौके पर जनसंघ के नेता यूनुस खान, इरफान अहमद, जमील खान, शकील अहमद, ज्योतिष कुमार, भाजपा युवा सदस्य गुलशाद अशरफ तथा भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## तेज आंधी बारिश से कई पेड़ धराशायी

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड में गुरुवार की देर शाम हुई तेज आंधी-बारिश से कई पेड़ गिर गए, तो कई लोगों का आशियाना उजड़ गया। भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत में तेज आंधी-बारिश से सड़कों पर पेड़ गए। इसके अलावे पोड़हा गांव निवासी छतरु महतो के खपरैल घर के उपर विशालकाय पेड़ गिर गया। हालांकि पेड़ गिरने से किसी तरह की हताहत की घटना नहीं हुई है, परंतु छतरु महतो का मिट्टी का आशियाना पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे उसके घर में रखा सभी खाद्य सामग्री व कपड़ा पानी में भींग गया। इसकी सूचना भुक्तभोगी परिवार ने स्थानीय मुखिया सुमित उरांव को दी है। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया सुमित उरांव ने पीड़ित परिवार से मिल परिवार के लोगों को रहने की व्यवस्था कराया। साथ ही आपदा विभाग से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का आश्वासन दिया है।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, निर्वाची पदाधिकारी 13–पलामू (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र -सह- उपायुक्त, पलामू**

Tel. No. (Election Office) – 06562-224033 E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**आम–सूचना**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के माध्यम से प्राप्त सहमति के आलोक में सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित पलामू जिला में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आयोग को प्रेषित 10 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | जिला | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र की विवरणी। | मतदान केन्द्र की विवरणी जहाँ पूर्व के मतदान केन्द्रों को Relocate किया गया है। |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 01 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 11 – उ0म0वि0 डुण्डूर | 45–उ0म0वि0 तारडीह |
| 02 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 327–उ0म0वि0 रतनाग | 326–उ0म0वि0 लालगड़ा |
| 03 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 328– प्रा0वि0 माड़ादाग | 322–नव सृजित प्रा0 वि0 खडार |
| 04 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 43– उ0म0वि0 माहुर | 38–उत्तर कोयल परियोजना उच्च विधालय, मोहम्मदगंज, उ0भाग |
| 05 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 228– उ0म0वि0 प्रतापपुर | 230–स्त्रो0उ0वि0 महुडण्ड, उत्तरी भाग |
| 06 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 229–उ0म0वि0 लोहबण्धा | 231–स्त्रो0उ0वि0, महुडण्ड, द0भाग |
| 07 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 372–उत्क्रमित मध्य विधालय, हरता | उत्क्रमित मध्य विधालय, बिजका |
| 08 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 421– रा0प्रा0वि0, तुरेर | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |
| 09 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 425–उत्क्रमित प्रा0वि0 कुटकू | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |
| 10 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 426–उत्क्रमित प्रा0वि0 खटाई टोला सनेया | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |

उपरोक्त मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवास करने वाले सभी आम मतदाताओं से अनुरोध है कि वे लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को निर्धारित मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कॉलम संख्या 05 में अंकित मतदान केन्द्रों पर जाकर अवश्य करेंगे।

निर्वाची पदाधिकारी
13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.324664 Palamu(24-25):D

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**

(प्रशिक्षण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति, सूचना**

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनावः– 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान प्रक्रिया एवं EVM संचालन से सम्बंधित मतदान पदाधिकारियों ( P, P1, P2, P3 ) का पार्टीवार प्रशिक्षण कार्यक्रम उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा में दिनांकः–13.05.2024 से 16.05.2024 तक निम्न रुप से आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले मतदान पदाधिकारियों ( P, P1, P2, P3 ) का पार्टीवार प्रशिक्षण तिथि एवं संख्या निम्नवत् हैः–

| क्र0 | जिला का नाम | मतदान पदाधिकारी आवंटित पार्टी संख्या एवं कुल कर्मी संख्या | समय | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | 26-0001 से 26-0155 (01 से 560) | 08-00 AM से 1-00 PM तक | 13.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| | | 26-0156 से 26-0295 (561 से 1120) | 12-05 PM से 05-00 PM तक | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| 2 | चतरा | 26-0296 से 26-0435 (1121 से 1680) | 08-00 AM से 1-00 PM तक | 14.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| | | 26-0436 से 27-0129 (1681 से 2238) | 12-05 PM से 05-00 PM तक | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| 3 | चतरा | 27-0130 से 27-0270 (2239 से 2802) | 08-00 AM से 1-00 PM तक | 15.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| | | 27-0271 से 27-0409 (2803 से 3358) | 12-05 PM से 05-00 PM तक | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| 4 | चतरा | 341700734 से 341709519 (01 से 04) दिव्यांग कर्मी | 08-00 AM से 1-00 PM तक | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | 341700314 से 341709289 महिला कर्मी (01 से 272) | 08-00 AM से 1-00 PM तक | 16.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | 27-0410 से 27-0480 (3359 से 3642) | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |
| | | 27-0481 से 31-0010 (3643 से 4092) | 12-05 PM से 05-00 PM तक | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–01 से 05 |
| | | | | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर–06 से 10 |

नोटः– सभी मतदान पदाधिकारी अपने साथ स्वयं का मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति साथ में लाना सुनिश्चित करेगें एवं अपना उपस्थिति पंजी में नाम/पदनाम का अवलोकन करते हुए EPIC No एवं मोबाईल नम्बर के साथ ही अपना खाता संख्या/IFSC Code/ बैंक का नाम दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम पाली के 08-00 AM से 10-00 AM तक बैलेट पेपर से मतदान एवं दुसरी पाली में भी 12-05 PM से 02-00 PM तक बैलेट पेपर से उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा में ही मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रेस विज्ञप्ति सूचना ज्ञापांकः– 77/प्र0को0 दिनांकः– 08.05.2024 द्वारा दैनिक सामाचार पत्र में जारी प्रेस विज्ञप्ति का दिनांक 13.05.2024 एवं 14.05.2024 का मतदान पदाधिकारी (P2 & P3) प्रशिक्षण कार्यक्रम विलोपित किया जाता है, उक्त प्रशिक्षण के मतदान कर्मी इस प्रेस विज्ञप्ति के तहत जारी पार्टी संख्या अनुसार अपना प्रशिक्षण निर्धारित तिथि को प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

इस निर्धारित प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले मतदान कर्मियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, चतरा

PR 324658 Election(24-25)D

## एक नजर

### बीएसके कॉलेज मैथन के विद्यार्थियों ने ली मतदान करने की शपथ



**धनबाद।** बीएसके कॉलेज मैथन में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र/छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राएं जो इस बार नये वोटर बने हैं, उन्हें ईवीएम में कैसे मतदान करना है, इसके बारे में बताया गया। इसके बाद सभी को वोट करने की शपथ दिलाई गई। एनएसएस यूनिट के समन्वयक सुमित खलखो ने विद्यार्थियों को अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करने की अपील की। मौके पर प्रो। महावीर दास, सुप्रिया सोनाली डांग, जीतेन्द्र कुमार सिंह, अमित कुमार शर्मा, जगरनाथ सोरेन आदि उपस्थित थे।

### अमलाबाद में वाहन के धक्के से एक की मौत



फाईल फोटो

**बोकारो।** बोकारो जिले के अमलाबाद ओपी क्षेत्र के हीरक रोड के समीप शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार वाहन की चपेट मे आकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदनकियारी प्रखंड के पड़ूवा गांव निवासी अमलेश्वर महतो (45 वर्ष) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, अमलेश्वर महतो अपने भांजा की शादी में बारात गया था। लौटते समय बिरसा पुल के समीप हीरक रोड पर उतर कर वह सड़क पार कर रहा था। इस दौरान एक वाहन ने उसे धक्का मार दिया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। अमलाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### घर में आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख

गिरिडीह। गावां प्रखंड के पंडरिया गांव निवासी सुनील यादव के घर में आग लगने से करीब एक लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई. घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। घर के बरामदे में बिचाली होने की वजह से आग तेजी से फैली। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण दौड़े और आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से घर के अंदर रखा सामान, दरवाजा, चौखट समेत अन्य सामग्री जल गई। भुक्तभोगी सुनील यादव ने गावां थाना में आवेदन देकर नुकसान की जानकारी दी है। घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार को पूर्व विधायक राजकुमार यादव पीड़ित परिवार के घर गए और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सीओ से प्रभावित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### सीयूईटी परीक्षा 15 मई से, बोकारो में 10 सेंटर बनाए गए

**बोकारो।** शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों व देश की टॉप यूनिवर्सिटीज में दाखिले के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी परीक्षा 15 मई से ली जाएगी। परीक्षा 15 से 18 मई तक पेन-पेपर यानी ऑफलाइन मोड में होगी। वहीं, 21 से 24 मई तक कंप्यूटर बेस्ड (ऑनलाइन) टेस्ट का आयोजन होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए बोकारो जिले में कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं, जहां अलग-अलग पालियों में परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए सेक्टर-6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक व डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीपीएस) चास व सेक्टर 5, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4एफ, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4, सेक्टर 5 स्थित चिन्मय विद्यालय व श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) सेक्टर 4 को केंद्र बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

# विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग सौंपें टास्क



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी 14 मई को बिरनी प्रखंड के पेशम (अडवारा) में प्रधानमंत्री का आगमन होना है। इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार का लॉ एंड ऑर्डर का इश्यू उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने हैं। इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही सिविल सर्जन को एंबुलेंस को चिकित्सक सहित सुव्यवस्थित कर अलर्ट मोड में रखने को कहा गया। इसी तरह फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट मोड में रहने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी तथा बगोदर सरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एसडीपीओ, डुमरी, एसडीपीओ खोरी महुआ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 14 मई को कल्पना सोरेन तिसरी में करेगी जनसभा

### इंडी गठबंधन नेताओं ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

14 मई को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन तिसरी में जनसभा को संबोधित करेगी। वह इंडिया गठबंधन की कोडरमा लोकसभा के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में सभा करेगी। यह जानकारी पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रेस वार्ता में दी है। उन्होंने बताया है कि इस जनसभा में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, विनोद सिंह के अलावा कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि इस बार पूरे कोडरमा लोकसभा में बदलाव का लहर चल रहा है। भाजपा के मौजूदा सांसद का जगह-जगह विरोध हो रहा है। उन्होंने एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि शुक्रवार को उसका बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में भी रोड़ नहीं तो वोट नहीं का नारे लगाते हुए लोगों ने विरोध किया है। इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि पांच साल में अन्नपूर्णा देवी ने कोई विकास का काम नहीं किया है। भाजपा कार्यकर्ता विकास के नाम पर वोट न मांगकर सिर्फ मोदी और राम मंदिर के नाम पर वोट मांग रहे हैं। लेकिन जनता इस बार भाजपा के झांसे नहीं आने वाला है। इस बार कोडरमा लोकसभा के मतदाता इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है। कहा कि देश में भाजपा के पास धर्म और जात के अलावा विकास का कोई एजेंडा नहीं है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंधीर चौधरी, माले प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन चौधरी, शिव नारायण राउत, मुकेश सिंह, शक्ति रविदास, डोमी सिंह, अमित बरनवाल, रंजीत राम व इंद्रदेव सिंह समेत कई उपस्थित थे।

### रिटेलर स्टोर रिलायंस डिजिटल चेन का गिरिडीह में हुआ भव्य शुभारंभ

**गिरिडीह।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर स्टोर रिलायंस डिजिटल का गिरिडीह शहर के मौलाना आजाद चौक में अपने स्टोर का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सलूजा गोल्ड के संचालक अमरजीत सलूजा, विशिष्ट अतिथि एसबीआई गिरिडीह ब्रांच के ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार, रिलायंस डिजिटल की झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम एवं मैनेजर गिरीश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–लाटु, थाना–रायडीह के पास से 10 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–JH01AQ2986 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 324654 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

# चुनाव ड्यूटी के लिए भेजे जा रहे दूसरे जिले में जवान



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

झारखंड में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के पहले फेज का मतदान होना है। इसको लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के 1450 जवानों को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। इसके साथ जवानों की कमी से शहर में पीसीआर वाहन थम गए हैं। जिले के 26 पीसीआर वाहन सीसीआर परिसर में खड़े कर दिए गए हैं। वहीं मात्र 7 पीसीआर वाहन से शहर की पेट्रोलिंग की जाएगी। इस पीसीआर वाहनों के लिए कोई सीमा तय नहीं की गई है। जहां भी जरुरत पड़े इन पीसीआर को तैनात किया जाएगा। सीसीआर डीएसपी अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि होमगार्ड समेत अन्य जिला बल के एएसआइ रैंक के पदाधिकारी को लेकर उनके जिम्मा पर शहर की सुरक्षा सौंपी है। कुल 26 सीसीआर पेट्रोलिंग गाड़ियों में से सात गाड़ियों से शहर में पेट्रोलिंग कराई जाएगी। इन सातों पेट्रोलिंग गाड़ियों को किसी भी तरह की सूचना पर पूरे शहर में जाने का निर्देश दिया गया है। कोई एरिया फिक्स नहीं किया गया है। इधर, चुनाव को देखते हुए शहर में वाहनों की धर-पकड़ भी शुरू हो गई है। कई बसों को पकड़ा गया है जिसे चुनाव के दौरान इस्तेमाल किया जाएगा। मानगो बस स्टैंड के पास कई बसों को पकड़ा गया। इन बसों को पहले फेज के चुनाव के लिए जवानों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जो बाद में लौट आएगी।

## चार लोगों की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाना क्षेत्र स्थित सोहदा पंचायत के पाथरभांगा टोला चाटानी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या करने के दोषी बोस्को टुडू को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 2 आभाष वर्मा ने बोस्को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने बोस्को पर एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इसके पूर्व कोर्ट ने 12 अप्रैल को बोस्को को दोषी करार दिया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने पैरवी की थी। राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 13 लागों की गवाही हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार बास्को टुडू ने पहले बैल लेकर जा रही थापा टुडू की हत्या कि फिर थापा के घर जाकर उसके भाई रमेश टुडू, रमेश की पत्नी मालती और बहन सोनिया की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या की। इस संबंध में मोहन टुडू के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ा लिए साठ हजार रुपए

**धनबाद।** साइबर अपराधियों ने निरसा थाना क्षेत्र के हाथबाड़ी निवासी रोशनलाल सफाया को झांसा देकर उनके खाते से 60 हजार रुपए उड़ा लिए. भुक्तभोगी ने साइबर थाना धनबाद में इसकी शिकायत की है। साइबर थाने में दिए आवेदन में रोशनलाल सफाया ने कहा है कि 3 मई को 8789381775 नंबर से उनके मोबाइल पर फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके एक्सिस बैंक निरसा शाखा से एक लाख रुपए की म्यूचुअल फंड पॉलिसी बन कर तैयार है। अगले दिन पॉलिसी की फोटो कॉपी उनके वाट्सएप पर भेज दी जाएगी।

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर आदर चेकनाका, मेन रोड, आदर के पास से 08 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–CG15A3558 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 324653 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D
:–वन है,तो जीवन है–:

## काशिदा में एनएच 18 पर बाराती गाड़ी पलटने से 23 घायल



**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के कशीदा गांव स्थित एनएच 18 फोरलेन पर शुक्रवार को बाराती गाड़ी पलटने से 23 लोग घायल हो गया। घाटशिला थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन एवं डॉ सुबोधिनी सरदार ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर किया गया। घटना के संबंध में घायल गणेश भूमिज ने बताया कि चाकुलिया थाना क्षेत्र के भालूकनाला गांव से नारगा गांव बारात गए थे, वापस लौट के दौरान पिकअप वैन के चालक ने फोरलेन के डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ा देने के कारण गाड़ी पलट गई। गाड़ी पर सवार सभी लोगों को चोट लगी है। घायलों मुख्य रूप से गणेश भूमिज, रवि मुंडा, भवतोश सिंह, बंदी राम मुंडा, कृष्ण मुंडा, मंगल मुंडा, चिंता भुमिज, चामटु भूमिज, मोहन भूमिज, गोपी मुंडा, ठाकुर मुंडा, अरूप सरदार, राजेंद्र मुंडा, बैद्यनाथ मुर्मू, चुनाराम मुंडा सहित अन्य घायल हैं।

### जिले के 10 चेकनाकों पर एसएसटी तैनात वाहनों की हो रही सधन जांच

**बोकारो ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोकारो की डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका बनाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कुल 10 स्थानों पर चेकनाका बनाए गए हैं, जहां एसएसटी (स्पेशल सर्विलांस टीम) की तैनाती की गई है। एसएसटी सभी छोटे-बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की भी तलाशी ले रही है। शुक्रवार को भी सभी चेकनाकों पर वाहनों की जांच की गई। जिले के नावाडीह के आहरडीह मोड़, गोमिया के आईईएल, कसमार के पिरगुल चौक, पेटरवार में वन विभाग गेस्ट हाउस के समीप, चन्द्रपुरा के तरंगा, पिंड्राजोरा के मिर्धा, चास के तेलमच्चो, चंदनकियारी के बिरखाम व बिरसा पुल तथा जरीडीह प्रखंड के गायछांद में चेकनाका बनाया गया है। चेकनाका पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी ने बताया कि एसएसटी छोटे-बड़े सभी वाहनों की तलाशी ले रही है। वाहनों के कागजात की भी जांच की जा रही है।

### अक्षय तृतीया पर मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

**चक्रधरपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार को चक्रधरपुर के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।वहीं लोगों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे।अक्षय तृतीया पर आभूषणों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया के अवसर पर चक्रधरपुर के टाऊन काली मंदिर, श्मशान काली मंदिर, प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित दुर्गा मंदिर, बंगाली एसोसिएशन दुर्गा मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर, गणेश मंदिर, पंचमोड़ स्थित बालाजी मंदिर, केरा गांव स्थित भगवति मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे जो दिन भर जारी रहा। वहीं आभूषण, बर्तन के दुकानों में भीड़ रहीं। चक्रधरपुर के एक आभूषण दुकान के दुकानदार ने बताया कि अक्षय तृतीया का बाजार इस बार अच्छा रहा है।

**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मलगो मोड़, अमलिया पी0एफ0 के पास से 23 पीस तुन्द बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, इंजन सं0–RHM2BBN030 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.324652 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

# झारखंड में महिलाएं सुरक्षित नहीं : अपर्णा सेन गुप्ता




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद भाजपा लोकसभा कार्यालय में शुक्रवार को निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को मिल रही लाभ के बारे में बताया तो वहीं दूसरी ओर झारखंड की गठबंधन वाली जेएमएम सरकार पर जमकर बरसी। निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और उनके द्वारा गरीब और महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से हमे हर क्षेत्र में लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्की मकान दी, बल्कि महिलाओं को भी सम्मान देने का काम किया। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, स्कूल और हर घर मे शौचालय, नल जल योजना और बिना गारंटी के महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए ऋण योजना ने महिलाओं को आज सशक्त बना दिया है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज सूबे में कही भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हर रोज यहाँ की महिलाओं के साथ अत्याचार, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। वहीं दूसरी ओर यहाँ के मंत्री संतरी सूबे को लूटने पर तुले है। हर जगह पत्थर, बालू और कोयले की लूट मची है।

**समाहरणालय, गढ़वा।**
(वाहन कोषांग)

**पोलिंग पार्टी के लिए आम सूचना।**

दिनांक–13.05.2024 को गढ़वा जिले में लोकसभा चुनाव हेतु मतदान की तिथि निर्धारित है, जिसके लिए मतदान दल के कर्मियों को दिनांक– 12.05.2024 को डिस्पैच सेंटर नामधारी कॉलेज, गढ़वा तक विभिन्न प्रखंडो से उनके आगमन की सुविधा हेतु बसों को दिनांक– 11.05.2024 को प्रखंडो में भेजा जा रहा है।

संबंधित पोलिंग पार्टी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 12.05.2024 को प्रातः 05 बजे प्रखंड मुख्यालय परिसर से प्रस्थान होने वाली बसों का उपयोग करते हुए जिला मुख्यालय स्थित नामधारी कॉलेज आना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 324651 Transport (24-25)D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा 13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 76–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड) के 04 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी इस कार्यालय के पत्रांक 1125 दिनांक 03.05.2024 द्वारा प्रेशित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान किये जाने की सूचना संसूचित की गई है।

अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क0 | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र का नाम जहाॅ Relocate किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | 076–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड | 372. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरता | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिजका |
| 2 | | 421. रा0 प्रा0 वि0 तुरेर | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 3 | | 425. उत्क्रमित प्रा0 वि0, कुटकू | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 4 | | 426. उत्क्रमित प्रा0 वि0 खटाई टोला, सनेया | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |

एतद् द्वारा उक्त क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान दिवस दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे के बीच Relocated मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324643 Election(24-25)#D

**सुप्रभात**

**हम जो शब्द बोलते हैं उन्हें सावधानी से चुनना चाहिए : गौतम बुद्ध**

# देश के संसाधनों पर हक किसका ?

***चुनावी*** और भेदभाव की राजनीति के आरोप प्रत्यारोप के बीच संसाधनों पर पहला अधिकार किसका मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंच गया है। व्यक्ति को जन्म के साथ ही प्रकृति से कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं, जिनमें जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकार सर्वोपरि हैं। इन निजी अधिकारों की रक्षा करना प्रकृति के नियमों की रक्षा करना है, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का मूल तत्व भी है। इस सामान्य नियम पर अक्सर विवाद होते रहे हैं कि भारत जैसे देश में संसाधनों या संपत्ति पर अधिकार समुदाय का है या फिर निजी व्यक्ति का। ऐसा ही प्रश्न एक बार फिर न्यायालय के समक्ष लाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) तथा (सी) के प्रावधानों की व्याख्या नौ-न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा की जाएगी, जो स्वाभाविक रूप से ऐतिहासिक होगी। कर्नाटक राज्य बनाम रंगनाथ रेड्डी, 1978 मामले में न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्णा अय्यर ने कहा था कि संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व की संकल्पना में सभी प्राकृतिक व भौतिक संसाधन तथा सार्वजनिक और निजी संसाधन शामिल होंगे। प्रश्न यह है कि यदि निजी संसाधनों पर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित नहीं है, तो आज की आर्थिक रूप से उदारीकृत व्यवस्था में जब निजी निवेश जरूरी हो गया है, तो हम निवेशकों को कैसे प्रेरित कर पाएंगे? इस पर विचार करने से पहले यह देखना जरूरी है कि संविधान निर्माताओं ने सार्वजनिक और निजी अधिकारों को किस प्रकार संतुलित किया है और वर्तमान परिदृश्य में उसकी व्याख्या कैसे की जानी चाहिए। मूल संविधान में उदारवादी और समाजवादी, दोनों ही विचारों को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के साथ आवश्यकतानुसार संसाधनों के वितरण पर समान बल है। यही हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके लिए वह शासन व्यवस्था को निर्देश देता है, ताकि लोकतांत्रिक समाजवाद के लक्ष्य की प्राप्ति कर भारत को कल्याणकारी राज्य बनाया जा सके। हालांकि हमने समाजवादी विचारों को शामिल करने की प्रेरणा सोवियत संघ से ली है, लेकिन भारतीय समाजवाद अपने आप में अनूठा है, क्योंकि इसमें उदारवादी गुणों का मिश्रण है। इसका अर्थ यह है कि संविधान संसाधनों का आवश्यकतानुसार वितरण कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने का प्रावधान करता है। इसी कारण अनुच्छेद 39(बी) और (सी) में क्रमशः भौतिक संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व और उत्पादन के साधनों के कुछ लोगों के पास इकट्ठा होने पर रोक लगाने का प्रावधान है। इन्हीं समाजवादी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए पहले संशोधन अधिनियम 1951 से अनुच्छेद 31 ए, 31 बी और नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया था। राज्य द्वारा भूमि अधिग्रहण और उसके वितरण का प्रावधान करने के लिए भूमि सुधार अधिनियमों को नौवीं अनुसूची में शामिल कर उन्हें न्यायिक समीक्षा से छूट दी गई थी। इसी प्रकार, 25वें संशोधन से अनुच्छेद 31सी जोड़कर भूमि सुधार संबंधी निदेशक तत्वों, विशेष कर अनुच्छेद 39(बी) और (सी) को संरक्षण दिया गया है। दूसरी ओर, मूल संविधान में अनुच्छेद 31 के तहत व्यक्तियों को संपत्ति का मूल अधिकार देकर उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना की गई थी। यानी व्यक्ति के निजी अधिकारों को भी समान महत्व दिया गया था। 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम से संविधान की उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द जोड़े जाने के बाद उदारवादी लोकतंत्र और समाजवादी सिद्धांतों के बीच एक टकराव की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि समाजवादी देशों में संपत्ति पर निजी अधिकारों को वरीयता नहीं दी जा सकती है। इसी कारण, 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 से इसे मूल अधिकार से हटाकर अनुच्छेद 300ए में एक कानूनी अधिकार बना दिया गया, ताकि राज्य विधि के तहत निजी संपत्ति का नियमन कर सके। पर इसका मतलब यह नहीं है कि देश में लोगों को निजी संपत्ति का अधिकार नहीं है और राज्य समुदाय के स्वामित्व के नाम पर उसका अधिग्रहण नहीं कर सकता है, जब तक कि संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। ऐसी व्यवस्था जन कल्याण के उद्देश्य से की गई है। आज जब आर्थिक विकास में निजी निवेश की भूमिका अपरिहार्य हो गई है, इसके बिना जन कल्याण की परिकल्पना नहीं की जा सकती। भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि माना गया है और संसाधनों का वितरण अर्थात समाजवादी सिद्धांत उसकी प्राप्ति के साधन हैं। इसके अलावा, संपत्ति का अधिकार एक प्राकृतिक अधिकार भी है, जिसके कारण इसका मूल तत्व नैसर्गिक न्याय है।

इन दिनों

# भारत की राजनीति और 'एम' फैक्टर



सुरेश कुमार

***भारत*** दुनिया का सबसे बड़ा और संभवतः एकमात्र ऐसा लोकतंत्र है जिसकी राजनीति के केंद्र में आजादी के पूर्व से लेकर आज तक 'एम' यानी मुस्लिम फैक्टर रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर भी इसी ह्यएमह्ल फैक्टर को लेकर संग्राम छिड़ा हुआ है। इस घोषणा-पत्र में अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और नौकरी में विशेष अवसर देने, जातीय जनगणना कराने, देश की संपत्ति और आय का सर्वे कराने और आबादी के अनुपात में लोगों के बीच संपत्ति का पुनर्वितरण करने की बात कही गई है। 'एम' फैक्टर कितना शक्तिशाली है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के दो टुकड़े कराने में भी इसी की भूमिका रही। यहां तक कि इस फैक्टर ने आजादी के बाद करीब 50-60 वर्षों तक देश में लगातार एक ही राजनीतिक पार्टी या समान विचारधारा वाले दलों के साथ उसके गठबंधन को सत्ता में बनाए रखा। आज भी चुनावी हार-जीत में मुस्लिम एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। कालांतर में इस फैक्टर के साथ एक और फैक्टर जुड़ा जिसे 'एम-वाई' (मुस्लिम-यादव) फैक्टर कहा गया। विभाजनकारी सोच के कारण जब इस गठजोड़ की बदनामी बढ़ने लगी तो इसका नाम बदल कर अब 'पीडीए' कर दिया गया है। धर्म और जाति के आधार पर किये गए आबादी के इस वर्गीकरण को कुछ लोग 'सोशल इंजीनियरिंग' भी कहते हैं। 'एम' फैक्टर ने सिर्फ देश का विभाजन ही नहीं कराया, बल्कि देश के लोकतंत्र को भी एक खास दिशा में ले जाने का प्रयास किया जिसमें वह काफी हद तक सफल है। आज भाजपा को छोड़ विपक्ष की लगभग सभी पार्टियां 'एम' फैक्टर को केंद्र में रखकर ही अपनी नीतियां तय करती हैं। सवाल उठता है कि देश की राजनीति में मुस्लिम फैक्टर कब, कैसे और क्यों आया ? इसे जानने के लिए इतिहास में झांकना होगा। भारत की राजनीति में 'एम' फैक्टर का प्रवेश तभी हो गया था जब एक अंग्रेज अधिकारी ए.ओ. ह्यूम द्वारा स्थापित की गई इंडियन नेशनल कांग्रेस के सारथी महात्मा गांधी बने। गांधी का मुस्लिम प्रेम सर्वविदित है। एक हिन्दू भजन को तोड़-मरोड़ कर उसमें 'अल्लाह' शब्द जोड़ने से लेकर ऐसे अनगिनत प्रसंग हैं जिनसे उनका मुस्लिम प्रेम झलकता है। 'टू नेशन थ्योरी' के आधार पर अलग मुस्लिम देश बन जाने के बावजूद खंडित भारत में मुसलमानों को रखने के पीछे भी महात्मा गांधी की ही 'सेक्यूलर' सोच थी। बात-बात पर अनशन करने वाले महात्मा गांधी ने देश विभाजन के खिलाफ कोई अनशन किया हो, ऐसा कोई उल्लेख इतिहास में नहीं मिलता। जवाहरलाल नेहरू उनके सबसे 'विश्वस्त' अनुयायी थे और गांधी को भी नेहरू में दूसरा 'महात्मा' नजर आता था। गुरू-शिष्य की इस जोड़ी ने देश का पहला चुनाव हैक कर लिया। कांग्रेस की प्रांतीय एसेंबली के चुनाव में एक भी वोट न मिलने के बावजूद प्रधानमंत्री के तौर पर जवाहरलाल नेहरू की ताजपोशी कर दी गई जिसके असली हकदार सरदार वल्लभ भाई पटेल थे। गांधी ने ऐसा क्यों किया, यह आज भी एक रहस्य है। विभाजन के बाद भी महात्मा गांधी का मुस्लिम प्रेम यथावत बरकरार रहा। उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी जवाहरलाल नेहरू ने इसी राह पर चलते हुए मुस्लिम तुष्टीकरण को कांग्रेस का राजनीतिक सिद्धांत बनाया। जो नेता इस नीति से सहमत नहीं थे, उन्हें या तो कांग्रेस से निकलना पड़ा या पार्टी में दरकिनार कर दिये गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण सामने है। मुस्लिम तुष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र भारत की नींव कुछ इस प्रकार रखी गई कि इसमें कई और पाकिस्तानों की गुंजाइश बनी रहे। अलग मुस्लिम देश की मांग करने वाली मुस्लिम लीग के अधिकतर सदस्य देश का विभाजन हो जाने के बाद भी भारत छोड़कर नहीं गए। यह मंथन का विषय है कि द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत के आधार पर अलग देश की मांग करने वाले मुस्लिम लीग के अधिकतर सदस्य पाकिस्तान बनने के बाद भारत में ही क्यों रह गए? ऐसे मुसलमानों के कुछ रहनुमा आज कहते हैं कि- 'हिन्दुस्तान किसी के बाप का थोड़ी है।' संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इस स्थिति को पहले ही भांप लिया था। शायद इसीलिए उन्होंने विभाजन के बाद भारत में मुसलमानों को रखने का विरोध किया था। वह धारा 370 और अनुच्छेद 35-ए के भी घोर विरोधी थे और इसका संविधान ड्राफ्ट करने से उन्होंने साफ इनकार कर दिया था। अपनी पुस्तक झ्र 'पाकिस्तान अथवा भारत का विभाजन' और 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' में बाबा साहेब अंबेडकर ने भारत में मुसलमानों की मौजूदगी पर अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जवाहरलाल नेहरू के राजनीतिक और पारिवारिक वारिसों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के सिद्धांत को और आगे बढ़ाते हुए काफी सोच-विचार कर ऐसे-ऐसे कानून बनाए जिनका रास्ता देश के इस्लामीकरण की ओर जाता है। इन कानूनों के सहारे देश की राष्ट्रीय पहचान और इसके चरित्र को बदलने का संगठित प्रयास शुरू किया गया। संविधान की मूल प्रति से हिंदू देवी-देवताओं के चित्र हटा दिये गए। दूरदर्शन के लोगो से 'सत्यं-शिवम सुंदरम' का वाक्य गायब हो गया। वर्ष 1976 में संविधान के प्रस्तावना में परिवर्तन कर इसमें सोशलिस्ट और सेक्यूलर शब्द जोड़ दिया गया। देश के इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर मुगलों का महिमामंडन किया गया। यहां तक कि दिल्ली की कई सड़कों का नामकरण भी मुगल बादशाहों के नाम पर किया गया। देश और दुनिया में फैले आतंकवाद से मुस्लिमों का नाम न जुड़ने पाए, इसलिए यह नैरेटिव गढ़ा गया कि 'आतंकवाद का 'कोई धर्म नहीं होता', लेकिन दूसरी तरफ 'भगवा आतंकवाद' कहने से कांग्रेस ने कभी परहेज नहीं किया। इन नीतियों से कांग्रेस ने जहां मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाया, वहीं हिन्दू आबादी को जातियों में बांटने का भी काम किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना कराने का वादा इसी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस के नेता हिन्दुओं के लिए जहां महंगाई-बेरोजगारी, टमाटर-प्याज और रसोई गैस की कीमतों का मुद्दा उठाते हैं, वहीं मुस्लिमों को वोट जिहाद के लिए उकसाते हैं। देवबंदी गुट के इस्लामी विद्वान और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सज्जाद नोमानी द्वारा इस चुनाव में मुस्लिम युवाओं से की गई अपील आंखें खोलने वाली है। मुस्लिम समाज के लिए अपना 'इस्लामी लक्ष्य' महत्वपूर्ण है। इसके आगे प्याज-टमाटर और रसोई गैस की कीमतें कोई खास मायने नहीं रखतीं। देश को इस्लामीकरण की ओर ले जाने के लिए सिर्फ इतने उपाय काफी नहीं थे, इसलिए कांग्रेस ने बाद में कुछ और ठोस कदम उठाये। वर्ष 1972 में इंदिरा गांधी द्वारा मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का गठन, 1991 का प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, वर्ष 1995 का वक्फ बोर्ड एक्ट जिसे वर्ष 2013 मंग संशोधित कर और ज्यादा अधिकार दिये गए, शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट कर शरिया के अनुरूप कानून बनाना, मंदिरों की आय पर सरकारी नियंत्रण लेकिन मस्जदों और चर्च की आय को सरकारी नियंत्रण से मुक्त रखना, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण देना, हज सब्सिडी और अवैध रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाने की वकालत जैसे कई उदाहरण हैं जो कांग्रेस द्वारा बहुत सोच-समझ कर उठाये गए हैं। जब देश धर्मनिरपेक्ष है तो यहां मुस्लिम पर्सनल लॉ, अल्पसंख्यक आयोग और अल्पसंख्यक मंत्रालय क्यों? समान नागरिक संहिता, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के विरोध के पीछे भी एक दूरगामी सोच है। देश में आज तक अल्पसंख्यकों की परिभाषा का तय न होना भी एक गंभीर सवाल है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सिर्फ वही समुदाय अल्पसंख्यक की श्रेणी में आते हैं जिनकी आबादी देश की कुल आबादी के 1.5-2% से अधिक न हो, लेकिन अपने देश में 20 प्रतिशत की आबादी वाला समुदाय भी अल्पसंख्यक के दायरे में आता है। यहां कई कानून तो सिर्फ मुसलमानों को ध्यान में रखकर तैयार किये जाते हैं। 9 दिसंबर 2006 को एक खास रणनीति के तहत ही यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से यह बयान दिलवाया गया था- देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला हक है। वर्ष 2024 का चुनावी घोषणा-पत्र कांग्रेस के इसी हिडेन एजेंडे का विस्तार है जिसमें देश की संपत्ति का सर्वेक्षण कर इसे दलितों और अल्पसंख्यकों में बांटने की बात कही गई है। यह 1848 में कार्ल मार्क्स द्वारा प्रस्तुत किया गया एक खतरनाक माओवादी विचार है जो पूरी दुनिया में विफल हो चुका है। कांग्रेस से अलग हुए गुटों और बाद में अस्तित्व में आए आम आदमी पार्टी जैसे राजनीतिक दलों ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति को ही अपना वैचारिक आधार बनाया। इस प्रकार राजनीति की अलग-अलग दुकानें तो खुलीं, लेकिन उनकी आत्मा एक ही है। इन पार्टियों को कांग्रेस का विस्तार कहना ज्यादा उचित होगा। इसलिए, राहुल गांधी का यह कहना सही है कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है।

**(वरिष्ठ पत्रकार वा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार में पूर्व सोशल मीडिया सलाहकार रह चुके हैं)**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### कहां गए वो दिन....

गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग गर्मी से बचने के लिए तौलिया और गमछा लेकर चलते हैं। कई सम्पन्न लोग अपने घरों कुलर और एसी लगाकर गर्मी में राहत पाने का प्रयास करते हैं। वहीं, वर्षो पहले लोग गर्मी में एसी और ना ही कुलर और फ्रीज के आदी हुए थे। उस समय बाहर सड़को पर अपनी खाट निकाल कर आराम से गप्प करते हुए सो जाया करते थे,लेकिन फ्रीज,कुलर और एसी के रहते हुए भी लोग चैन की नींद नहीं ले पाते हैं। गर्मी के दिनों में नदी के किनारे मुहल्ले में रहने वाले लोग नदी में ही रात को बिछौना लगाकर गहरी नींद में सो जाया करते थे। एक साथ दर्जनों लोग खाट और बिछावन लगाकर नदी में सोये मिल जाते थे। अब वक्त ने करवट बदली,अब लोग बाहर की ताजा हवा छोड़कर एसी और कुलर की हवा ले रहे है। घड़े का पानी छोड़कर को फ्रीज का पानी पी रहे हैं। अमझोरा और नारियल का पानी छोड़ कोल्ड ड्रिंक पी रहे हैं। लोग अपना स्वाभाविक जीवन छोड़कर बनावटी जीवन जी रहे हैं। इसका कारण यह हुआ कि हमारा शरीर कई बीमारियों का अड्डा बन गया है। आज लोग अस्पतालों की ओर दौड़ रहें है। साथ ही अपनी मेहनत की जमा पूंजी वहीं खर्च कर दे रहें है। आज प्रायः प्रत्येक घर में शुगर बीपी के मरीज मिल जायेंगे। देखा जाये तो इन सब बीमारियों का जड़ हम सब की जीवन शैली है। लोग अपने स्वाभाविक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन शैली अपना रहें है। इसका दुष्परिणाम यह है कि आज हम अस्पतालों और डॉक्टरों के चक्कर लगा रहें है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है हमें फिर से अपने पुराने स्वाभाविक जीवन की ओर लौटना होगा। आज हम श्रम से विमुख हो चुकें है। हमने श्रम वाली जिंदगी छोड़कर आराम तलब जिंदगी अपना ली है। इन सब का ही परिणाम आज सामने आ रहा है। अभी देखा जाये तो बाबा रामदेव ने हमारी यही कमजोरियों को चिन्हित कर योग के सहारे हमलोगों को फिर से पुरानी जीवन शैली की ओर लौटाने का प्रयास किया है। उनकी लोकप्रियता यह बताती है कि हमारी पुरानी जीवन शैली हमारे स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। जहां तक देखा जाय अभी भी गांव के लोग ताजी हवा और अपनी जीवनशैली के कारण शहर के लोगों से ज्यादा स्वस्थ दिखाई देते हैं। आम तौर पर लोग कहते मिल जायेंगे कि पुरान खाईल पीयल हथी, यही ला एतना दिन जिंदा हथी। यह इस बात को दर्शाता है कि गांव की जीवनशैली हमारे स्वस्थ्य जीवन के लिए ज्यादा उपयोगी है। वनिस्पत हमारे शहर की जीवनशैली से। अगर हम चाहे तो शहर में भी प्रकृति के करीब जाकर योगा और व्यायाम कर अपने शरीर को स्वस्थ और निरोगी रख सकतें हैं।

**- सुखलाला गुप्ता, मेदिनीनगर।**

अर्थव्यवस्था

# भारत में गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गम्भीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया



प्रहलाद सबनानी


***भारत*** में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से

> **याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी।**


'गरीबी हटाओ' के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमा राशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपये का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# 'मां' संबोधन ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द



रमेश सर्राफ धमोरा

***दुनिया*** में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा। मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख-सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर

आज भी मदुरै शहर का सच्चा हृदय महान मीनाक्षी अम्मन मंदिर है जो राजकुमारी मीनाक्षी और भगवान सुंदरेश्वर के रोमांस का उत्सव है। मीनाक्षी का अर्थ है मछली जैसी आंखों वाली देवी और देवी पार्वती का एक रूप। सुंदरेश्वर, सुंदर भगवान, महान भगवान शिव का एक पहलू है। इतिहास की सटीक तारीख का पता लगाना असंभव है, लेकिन मदुरै कम से कम पहली सहस्राब्दी के शुरूआती वर्षों से मीनाक्षी-सुंदरेश्वर की पूजा का केंद्र रहा है। मीनाक्षी की कहानी पांडियन राजा मलयध्वज और रानी कंचनमाला से शुरू होती है जिन्होंने देवताओं से पुत्र की प्राप्ति के लिए यज्ञ किया था। उसके स्थान पर यज्ञ अग्नि से एक कन्या प्रकट हुई। राजकुमारी को देवी पार्वती का अवतार माना जाता था लेकिन उनका जन्म तीन स्तनों के साथ हुआ था। देवताओं ने शाही



जोड़े को अपनी बेटी को सिंहासन के उत्तराधिकारी के रूप में पालने की सलाह दी और ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि जब मीनाक्षी अपने पति से मिलेगी तो तीसरा स्तन गायब हो जाएगा। जब उनके पिता की मृत्यु हो गई, तो युवा मीनाक्षी रानी बन गईं और विजय अभियान शुरू किया जो उन्हें उत्तर की ओर ले गया। अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए और कई राज्यों पर विजय प्राप्त करने के बाद, जब योद्धा रानी हिमालय में स्वर्ग पहुंची तो उसका देवताओं के साथ संघर्ष हो गया।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## गर्मी में ओवरहीटिंग से फट सकता है आपका स्मार्टफोन



**फोन को ठंडा करने के टिप्स**

अगर आपका स्मार्टफोन थोड़ी देर इस्तेमाल करने पर गर्म हो जाता है तो आपको अपने फोन की ब्राइटनेस को कम रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में ब्राइटनेस ज्यादा रखने से अक्सर फोन ओवर हीट करने लगते हैं। कई बार स्मार्टफोन में ब्लूटूथ ऑन होने पर भी फोन गर्म होने लगता है। इसलिए अगर आपका फोन ओवर हीट कर रहा है तो चेक कर लें कहीं ब्लूटूथ तो ऑन नहीं हैं। अगर जरूरी न हो तो ब्लूथ को हमेशा ऑफ ही रखें। अगर आपका स्मार्टफोन इस्तेमाल करते करते गर्म होने लगता है तो उसे थोड़ी देर के लिए एयर प्लेन मोड में डाल दें। नेटवर्क डिस्कनेक्ट होने के बाद फोन तेजी से ठंडा होने लगेगा। कई बार एक साथ कई सारी ऐप्लिकेशन जैसे, कैमरा, गैलरी, डाक्यूमेंट्स, क्रोम, यूट्यूब ओपन होने के कारण से भी फोन में गर्माहट होने लगती है। अगर फोन गर्म हो रहा है तो सभी ऐप्लिकेशन को बंद कर दें। गर्मियों के मौसम में स्मार्टफोन सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक गर्म होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो अपने स्मार्टफोन को ठंडी जगह पर ही रखें। कई बार स्मार्टफोन के अपडेट न होने की वजह से भी ये गर्म होने लगता है। अगर आपने अपने एंड्रॉयड वर्जन को काफी दिनों से अपडेट नहीं किया है तो सॉफ्टवेयर को तुरंत अपडेट कर लें।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर आप व कांग्रेस नेताओं में हर्ष



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें 2 जून को सरेंडर करने के लिए कहा गया है। इस फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया है।



**सत्य** की जीत हुई है। जिस तरह से बिना एफआईआर के दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया था, आज उनको अंतरिम जमानत मिलने से यह साफ हो गया है कि यह सत्य की जीत हुई है। लोकतंत्र को बचाने के लिए हमने जो अभियान चलाया है, उसे और मजबूत बनाने के लिए केजरीवाल की रिहाई हुई है।

**-गोपाल राय, मंत्री दिल्ली सरकार**



**एससी** से सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से सत्य की जीत के साथ-साथ लोकतंत्र की जीत हुई है। इस फैसले से देश के संविधान की विजय हुई है। जब-जब हमारे देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में आया है, तब-तब एससी ने आगे आकर उसे बचाया है। एससी ने केजरीवाल को जमानत के साथ चुनाव प्रचार करने की भी छूट दी है।

**-आतिशी, मंत्री दिल्ली सरकार**



**पीएमएलए** के मामले में किसी को महीनों-महीनों तक जेल में रखना आसान होता है। लेकिन, केजरीवाल को 40 दिन के अंदर जमानत मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह ऊपर वाले का इशारा है कि जो भारत में चल रहा है, उसमें बदलाव आना जरूरी है। यह अपने भक्त के लिए बजरंगबली का आशीर्वाद है। **-सौरभ भारद्वाज, मंत्री दिल्ली सरकार**

**कोर्ट** के फैसले का हम स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि 4 जून के बाद पीएम मोदी, जो तब तक भूतपूर्व प्रधानमंत्री हो जाएंगे, फिर उन्हें समय मिलेगा कि वह साबरमती आश्रम में बैठकर आत्म चिंतन करें कि किस तरह की राजनीति वो करते हैं। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी जल्द से जल्द न्याय मिले।



**-पवन खेड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता**

## अंतरिम जमानत मिलने का मतलब अपराध मुक्त हो जाना नहीं : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर कहा कि अंतरिम जमानत मिलने का मतलब यह नहीं है कि वह अपराध मुक्त हो गए हैं। अपराध अभी भी वही है कि शराब नीति के मामले में दिल्ली में घोटाला हुआ है, जिसके किंगपिन केजरीवाल हैं। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने की अनुमति मिली है और उसके बाद उन्हें फिर जेल जाना है।

**केजरीवाल** शराब घोटाले में आरोपी हैं, यह कोर्ट के जजमेंट के बाद साफ हो गया है। उन्हें एक तारीख तक सिर्फ चुनाव के लिए कोर्ट ने बेल दी है। 1 जून के बाद उन्हें फिर जेल जाना होगा, वह चुनाव के लिए सिर्फ 15 दिन जेल से बाहर रह सकेंगे।

**मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा प्रवक्ता**

## कविता की बेल याचिका पर ईडी को नोटिस



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शराब घोटाले के आरोपों से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया।

# मोदी के तीसरी बार जीत के लिए काशी में होगा पूजा पाठ

### रोड शो के दौरान अलग-अलग प्रांत के परिधान पहन लोग करेंगे स्वागत

### पुष्प वर्षा के लिए कई कुंतल फूल मंगाए जा रहे

**-आरपी सिंह। वाराणसी**

नामांकन करने आ रहे पीएम मोदी के रोड शो में हर मार्ग पर अलग-अलग प्रांतों के परिधानों में लोग उनका स्वागत करेंगे। महिलाएं नौ गज और बंगाली लालपाड़ की साड़ी में होंगी तो पुरुष धोती-कुर्ता के साथ तिलक टोपी पहने पुष्पवर्षा कर पीएम की अगवानी करेंगे।काशी के अलग अलग मोहल्लों में हर प्रांत, हर राज्य के लोग बसे हैं। इस बार नामांकन के पहले काशी में पीएम के रोड शो में इसकी झलक देखने को मिलेगी। काशी तमिल संगमम समिति, काशी तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ पंच द्रविड़ समाज ने इस रोड शो में अपनी संस्कृति से परिचित कराने की जिम्मेदारी खुद ले रखी है। वीवी सुंदरम शास्त्री ने बताया कि सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर मंच बनाकर प्रधानमंत्री का स्वागत होगा। इस दौरान महिलाएं व पुरुष पारंपरिक परिधान में होंगे। महिलाएं भरतनाट्यम की भी प्रस्तुति करेंगी। मराठी समाज के लोग बांस फाटक पर स्वागत करेंगे। महिलाएं नौ गज की साड़ी में होंगी तो पुरुष तिलक टोपी में दिखेंगे। वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेश जी का पाठ भी होगा। यहां युवतियां फोगड़ी नृत्य करेंगी। वहीं, राजस्थान के मारवाड़ी, खंडेलवाल, ब्राह्मण, जैन, माहेश्वरी समाज के संगठनों के बैनर तले महिलाएं व पुरुष लंका पर रोड शो में शामिल होंगे और स्वागत करेंगे। दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि जैन समाज भी पारंपरिक परिधान में लंका व सोनारपुरा में नमोकार मंत्रों के साथ स्वागत करेगा।बंगीय समाज के सचिव देवाशीष दास ने बताया कि काली बाड़ी व पांडेय हवेली पर स्वागत मंच बनेगा। यहां बंगाली समाज पीएम के स्वागत की तैयारी में है। धोती कुर्ता में पुरुष होंगे और महिलाएं लालपाड़ साड़ी में धुनकी, शंखनाद व ढाक से अगवानी करेंगी। ऐसे ही सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की टोलियां जगह-जगह स्वागत करेंगी। गुजराती समाज नरेंद्र मोदी की दोबारा जीत के लिए महानुष्ठान करेगा। समाज के संदीप पांड्या ने बताया कि समाज के लोग अनुष्ठान में भाग लेंगे और प्रभु से मोदी जी के जीत की कामना करेंगे। काशी महाराष्ट्र सेवा समिति के मंत्री षडानन पाठक कारखेकर ने बताया कि गणेश जी की विशेष पूजा होगी।

# मणिशंकर अय्यर के बयान से कांग्रेस पार्टी ने बनाई दूरी

### भाजपा मणिशंकर अय्यर की कुछ पुरानी टिप्पणियों को पुनर्जीवित कर रही है

### देश के निर्णय प्रणाली में हम सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा के बाद अब मणिशंकर अय्यर का एक विवादित बयान आया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। अय्यर के इस बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा मणिशंकर अय्यर की कुछ पुरानी टिप्पणियों को पुनर्जीवित कर रही है। अय्यर के इस बयान से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खुद को अलग मानती है और उससे पूरी तरह से असहमत है। उन्होंने कहा कि पूरा देश और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इंदिरा गांधी की निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व को बहुत गर्व से याद करते हैं। लोग भारतीय सेना की वीरता को याद करते हैं जिसके चलते 1971 के दिसंबर में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए थे और बांग्लादेश का जन्म हुआ था। हम इस बात पर भी गर्व करते हैं कि 18 मई 1974 को परमाणु परीक्षण कर विश्व के सामने हमने अपनी परमाणु क्षमता को सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा कि देश के निर्णय प्रणाली में हम सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानकर फैसले लेते हैं, ऐसा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विश्वास रहा है।

## क्या कहा था मणिशंकर अय्यर ने



कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कह रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान को इज्जत देनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके पास भी परमाणु बम है। कोई सिरफिरा आया तो हम पर इसका इस्तेमाल कर सकता है। 15 अप्रैल को एक सोशल मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने कहा था कि मुझे ये समझ नहीं आता कि नरेंद्र मोदी सरकार ये क्यों कहती है कि हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, क्योंकि वहां आतंकवाद है। ये समझना जरूरी है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है। वरना, पाकिस्तान सोचेगा कि भारत अहंकार के साथ हमें दुनिया में छोटा दिखा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में कोई भी पागल इस बम का इस्तेमाल भारत पर कर सकता है।

## पाकिस्तान और आतंकवादियों की डिफेंडर है कांग्रेस : राजीव चंद्रशेखर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने मणिशंकर अय्यर और कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा लगातार दिए जा रहे बयानों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी, पाकिस्तान और पाकिस्तानी आतंकवादियों की डिफेंडर बन गई है। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं के बयान से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हो सकता है कि कांग्रेस ने जिस तरह सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया था, उसी तरह से वह मणिशंकर अय्यर के बयान से भी किनारा कर ले, लेकिन कांग्रेस नेताओं के लगातार आ रहे इस तरह के बयानों से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचार और नीति के पैटर्न का पता चलता है।


## चिराग पासवान ने मणिशंकर को दी भारत छोड़ने की हिदायत



**पटना।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर को भारत छोड़कर जाने की हिदायत दी है। चिराग पासवान दरअसल मणिशंकर अय्यर के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उनके पास परमाणु बम है।

# वाइस एडमिरल संजय भल्ला बने नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल, कार्यभार संभाला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वाइस एडमिरल संजय भल्ला शुक्रवार को भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 35 वर्षों के सेवाकाल में जल और तट दोनों पर विशेषज्ञ और परिचालन नियुक्तियों में कार्य किया है। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में अपनी विशेषज्ञता पूरा करने के बाद उन्होंने कई युद्धपोतों पर विशेषज्ञ के रूप में कमान संभाली है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित किया गया है। वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्हें समुद्र में चुनौतीपूर्ण एवं पूर्णकालिक कमान संभालने का मौका मिला, जिसमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी, आईएनएस ब्यास और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट की नियुक्तियां भी हैं। वह अपने इस कार्यकाल के दौरान 2022 में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा और भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' में समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में सहायक कार्मिक प्रमुख (मानव संसाधन विकास) सहित महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

# दाभोलकर हत्या मामले में आया फैसला, दो को उम्रकैद, तीन बरी

**एजेंसी। पुणे**



महाराष्ट्र के पुणे की एक विशेष अदालत ने अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में 11 साल बाद अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने दो लोगों को दोषी ठहराया और तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। दाभोलकर को गोली मारने वाले शरद कालस्कर और सचिन एंडुरे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। पुणे के ओंकारेश्वर ब्रिज पर मॉर्निंग वॉक पर निकले दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम से जुड़े मामलों की विशेष अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए.ए. जाधव ने यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने तावड़े पर इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया था। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक दाभोलकर कई वर्षों से ये संस्था चला रहे थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मिथुन:** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कर्क:** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**सिंह:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या:** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला:** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कुम्भ:** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

# ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट खुले, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा



**एजेंसी। केदारनाथ/रुद्रप्रयाग**

विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट जय बाबा केदारनाथ के उदघोष और सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच इस यात्रा वर्ष 10 मई (शुक्रवार) को ठीक 7 बजे विधि-विधान से खुल गए हैं। इस मौके पर दस हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के गवाह बने। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी और देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। सीएम ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनाएगी। प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सभी सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सात हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने। मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर आसमान से हैलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई। मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम समिति ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। केदारनाथ में मौसम भी साफ है। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार शाम को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों गुप्तकाशी, फाटा, गौरीकुंड से होते हुए केदारनाथ धाम पहुंची थी। शुक्रवार तड़के चार बजे से मंदिर परिसर और दर्शन पंक्ति में यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह पुजारी, धमार्चार्य वेदपाठी तथा केदार सभा के पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार प्रशासन के अधिकारी पूरब द्वार से मंदिर पहुंच गए। उसके पश्चात रावल धमार्चार्य तथा पुजारी गणों ने द्वार पूजा शुरू की।

## सेना के बैंड के साथ खुले गंगोत्री धाम के कपाट, की गई विशेष पूजा-अर्चना

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया से उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 का आगाज हो गया। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठान और जय मां गंगा के जयकारों के साथ पूरे विधि विधान से गंगोत्री धाम के भी कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। यहां सेना के बैंड बाजों की अगुवाई के साथ गंगोत्री धाम के कपाट 12:25 मिनट पर खोल दिए गए। शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे भैरों घाटी से गंगा जी की डोली यात्रा गंगोत्री के लिए रवाना हुई। साढ़े नौ बजे डोली गंगोत्री पहुंची और यहां गंगा लहरी एवं गंगा सहस्त्रनाम पाठ के साथ ही हर-हर गंगे के जयकारों से पूरा गंगोत्री गूंज उठा। साथ ही यहां आए सभी भक्त इस पल के साक्षी बने। शुक्रवार सुबह ही गंगोत्री धाम के कपाट खोलने के लिए मां गंगा की डोली ने भैरव घाटी से प्रस्थान किया था। इससे पहले भैरव घाटी में मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद मां गंगा की डोली यात्रा गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। धाम में गंगा की

## न्यूज बॉक्स



### प्रफुल्ल पटेल ने रास सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्य प्रफुल्ल पटेल को शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेना अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यहां शपथ ग्रहण समारोह की एक झलक है, जो राष्ट्र की सेवा के लिए गंभीरता और प्रतिबद्धता से भरा क्षण है। अपने देश के कल्याण में सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हूं।

### अक्षय तृतीया उड़िया संस्कृति के लिए एक शुभ दिन : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को देशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अक्षय तृतीया ओडिशा और महान उड़िया संस्कृति के लिए एक बहुत ही शुभ दिन है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, देश के समस्त परिवारजनों को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं। परोपकार के लिए प्रेरित करने वाला यह पावन अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए, यही कामना है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, अक्षय तृतीया ओडिशा और महान उड़िया संस्कृति के लिए एक बहुत ही शुभ दिन है। यह वह दिन है जब महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए रथों का निर्माण शुरू होता है। इसका अखी मुथी अनुकुला से भी गहरा संबंध है, जब किसान बीज बोना शुरू करते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जगद्गुरु बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बसव जयंती पर जगद्गुरु बसवेश्वर का पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, "मैं बसव जयंती के विशेष अवसर पर जगद्गुरु बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके आदर्श लाखों जीवन को रोशन करते हैं। हम न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज के उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।" 12वीं सदी के महान भारतीय दार्शनिक और समाज सुधारक बसवेश्वर का जन्म कर्नाटक में 1131 ईस्वी में हुआ था। उन्होंने भक्ति आंदोलन में लिंगायत संत के रूप में योगदान दिया। लिंगायत समुदाय शिव को एकमात्र देवता के रूप में पूजता है। वह 1167 ईस्वी में ब्रह्मलीन हो गए थे।यह भी गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2015 में ब्रिटेन में बसवेश्वर की प्रतिमा का अनावरण किया था।

### आज पृथ्वी की चमक से चमकेगा हंसियाकार चंद्रमा



**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए आज शाम आसमान में एक अद्भुत खगोलीय घटना घटने जा रही है। जब आप पश्चिम दिशा में शुक्ल पक्ष चतुर्थी के हंसियाकार चांद को देखेंगे तो आप पाएंगे कि हंसियाकार भाग तो तेज चमक के साथ चमक रहा होगा लेकिन हल्की चमक के साथ पूरा गोलाकार चंद्रमा भी दिखाई देगा। साल में सिर्फ दो बार दिखने वाली इस खगोलीय घटना के बारे में बताते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को बताया कि इसे अर्थ शाईन कहा जाता है। इस घटना में चंद्रमा का अप्रकाशित भाग दिखाई देता है। इसे दा विंची चमक के नाम से भी जाना जाता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्केच के साथ 1510 के आसपास अर्थ शाईन की अवधारणा को रखा था। उन्होंने बताया कि चंद्रमा अपने तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश का लगभग 12 प्रतिशत परावर्तित करता है। वहीं, दूसरी ओर पृथ्वी अपनी सतह पर आने वाले सभी सूर्य के प्रकाश का लगभग 30 फीसदी परावर्तित करती है। पृथ्वी का जब यह परावर्तित प्रकाश चंद्रमा पर पहुंचता है तो चंद्रमा की सतह के अंधेरे वाले भाग को भी रोशन कर देता है। सारिका ने बताया कि विदेशों में इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लो या नये चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा भी नाम दिया गया है। शनिवार को जब आप चंद्रमा को देखें तो याद रखें, उसे चमकाने में उस पृथ्वी का भी योगदान है, जिस पर आप खड़े हैं।

### इमरान खान को रिहा करने की मांग, पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को गिरफ्तार किया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को हुए दंगों की पहली बरसी मनाने के लिए समर्थक सड़कों पर उतरे। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। धारा 144 के उल्लंघन में गिरफ्तार समर्थकों में दो स्थानीय नेता भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने आदियाला जेल में बंद इमरान खान को रिहा करने की मांग करके पीएमएल-एन सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। रावल रोड पर इमरान की पार्टी के नेता सीमाबिया ताहिर के नेतृत्व में लगभग 30 कार्यकर्ता एकत्र हुए। इन लोगों ने अमरपुरा से रैली निकाली और स्थानीय ने पार्क के पास सड़क पर पीटीआई का झंडा फहराया। पुलिस ने इन लोगों को हटाने तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और ताहिर को हिरासत में ले लिया। बाकी अन्य प्रदर्शनकारी पुलिस से बचने में कामयाब रहे। पीटीआई नेता शहरयार रियाज के नेतृत्व में एक और रैली बन्नी इलाके में निकाली गई। सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर 62 विशेष पिकेट स्थापित किए गए। पुलिस मोबाइल वैन के साथ डॉल्फिन बल भी गश्त करते नजर आए।

### अहमदाबाद स्कूल बम धमकी मामले में पाकिस्तान कनेक्शन का खुलासा



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने छह मई को 38 स्कूलों को मिली बम धमकियों में पाकिस्तानी लिंक का खुलासा किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस घटना के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। शहर में दहशत और भय की भावना पैदा करने के लिए एक रूसी सर्वर का इस्तेमाल किया गया था। धमकी भरा मेल रूसी डोमेन से भेजा गया था। सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले (छह मई को) मिले धमकी भरे ईमेल से लोगों में दहशत फैल गई थी। धमकियों के तुरंत बाद क्राइम ब्रांच, साइबर क्राइम यूनिट, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और अहमदाबाद पुलिस ने जांच शुरू की। बम निरोधक दस्तों ने गहन निरीक्षण किया लेकिन संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। डीजीपी विकास सहाय ने कहा था कि धमकियां एक धोखा थी। उन्होंने मतदाताओं को बिना किसी डर के मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। रिपोर्ट के अनुसार, काउंटर इंटेलिजेंस के अफसर नाम बदलकर वर्चुअल आईडी से मेल भेजते हैं। धमकी भरे मेल भेजकर भय पैदा करते हुए चुनाव में वोटिंग कम कराने के मकसद से यह षड्यंत्र रचा गया।



# भारतीय टीम में वापसी पर खलील अहमद ने कहा-मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के तेज गेंदबाज खलील अहमद आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की रिजर्व सूची में शामिल होने से खुश हैं। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा संस्करण में अब तक 12 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2019 में भारत के लिए खेला था, ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की है और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय के रूप में जगह बनाई है। खलील ने डीसी पॉडकास्ट के एपिसोड 3 (सीजन 4) के दौरान अपने दिल की बात कही। उन्होंने भारतीय टीम में वापसी करने के अपने सफर के बारे में विस्तार से बात की और मौजूदा आईपीएल सीजन में हाई-स्कोरिंग मैचों पर अपने विचार साझा किए। खलील ने डीसी पॉडकास्ट पर कहा, ‘पिछले कुछ महीने जिस तरह से गुजरे और जिस तरह से आईपीएल की शुरूआत हुई, मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा। जैसे-जैसे आईपीएल मैच आगे बढ़े, मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। मुझे एहसास हुआ कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और यह हमेशा एक कदम आगे बढ़ने के बारे में था। आखिरकार, जब टी-20 विश्व कप के लिए टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में नाम आया, तो मैं बहुत खुश था और यह मेरे लिए एक कदम आगे है। अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में डीसी पेसर ने कहा, वर्ष 2019 की बात है। हर दिन, मेरे दिमाग में, देश के लिए खेलने की भावना की कमी खलती थी। जब भी मैं भारत को खेलते देखता था, तो मैं कल्पना करता था कि अगर मैं टीम में होता तो क्या करता। इसलिए, हर दिन एक लड़ाई की तरह था और इस तरह की बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। खलील ने 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 8.82 की इकॉनमी के साथ 13 विकेट लिए हैं।

# कोलकाता की नजरें प्लेऑफ पर, प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी मुंबई

**एजेंसी। कोलकाता**

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा। दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है।

अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है। नारायण अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं और अभिषेक शर्मा (35) के बाद दूसरे स्थान पर है। अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके नारायण ने 183.66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बना लिए हैं। वहीं इंग्लैंड के साल्ट ने 183.33 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाए हैं। इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले। इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है। तीसरे नंबर पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है। वहीं पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिये खेल रही है।




**मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, नुवान तुषारा**

**कोलकाता नाइट राइडर्स : फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती**

## विराट को टी20 विश्व कप में पारी का आगाज करना चाहिए : गांगुली

बेंगलुरु : पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

# 37 भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों की नजरें पेरिस ओलंपिक पर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 राइफल/पिस्टल स्पर्धा 11 मई से भोपाल के एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में शुरू होंगे, जिसमें 37 चयनित राइफल और पिस्टल निशानेबाज पेरिस जाने के लिए निशाना साधेंगे।

प्रतियोगिताएं शनिवार को शुरू होंगी, जिसमें पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी3 क्वालिफिकेशन राउंड होंगे। नौ दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आठ ओलंपिक राइफल और पिस्टल व्यक्तिगत स्पधाओं में कुल 16 मैच खेले जाएंगे, जिसका समापन 19 मई को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल के साथ होगा। दोनों प्रतियोगिताओं के फाइनल रविवार को होंगे, क्योंकि पेरिस ओलंपिक के शेड्यूल के अनुसार फाइनल क्वालिफिकेशन के एक दिन बाद होंगे। पिछले महीने दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओएसटी 1 और 2 का आयोजन किया गया था। प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज, चार में से तीन ट्रायल स्कोर के औसत के आधार पर, जुलाई में पेरिस के लिए उड़ान भरने के लिए पोल पोजीशन में होंगे। प्रत्येक स्पर्धा में चुने गए पांच में से किसी भी निशानेबाज ने अभी तक अपनी पोजीशन पक्की नहीं की है और सभी 37 को पेरिस में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। केवल तीन निशानेबाज, ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान महिला पिस्टल स्पर्धा और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा में हैं। पुरुषों के आरएफपी में पसंदीदा में अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू हैं, जिन्हें न केवल कोटा विजेता होने का फायदा है, बल्कि पहले दो ट्रायल में भी उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है।

# डीपी वर्ल्ड आईएलटी 20 का तीसरा सीजन अगले साल जनवरी से



**एजेंसी। दुबई**

डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 का सीजन 3 शनिवार, 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा। 34 मैचों का यह टूर्नामेंट एक महीने तक चलेगा, जिसका फाइनल रविवार, 9 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का दूसरा सीजन (2024) काफी सफल रहा था, जिसका समापन 17 फरवरी 2024 को हुआ था। दूसरे सीजन का खिताब एमआई एमिरेट्स ने जीता था। सीजन 2 के प्रसारण की संख्या में काफी वृद्धि हुई, जिसमें टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकार धारकों जी नेटवर्क के रैखिक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रसारण सिंडिकेशन भागीदारों के माध्यम से दुनिया भर से कुल 348 मिलियन अद्वितीय दर्शक शामिल हुए। सीजन 2 में भी तीन टूर्नामेंट स्थलों अबू धाबी, दुबई और शारजाह में दर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जो कि सीजन 1 की तुलना में लगभग 300% की संचयी वृद्धि थी। सीजन 3 एक बार फिर इन्ही तीनों स्टेडियमों में खेला जाएगा। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 सीजन 3 के लिए विंडो की पुष्टि करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारे हितधारकों के साथ चर्चा के बाद विंडो को अंतिम रूप दिया गया है। हमने लीग को और भी बड़ा और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीजन 3 के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा, सीजन 2 सभी प्रासंगिक मापदंडों के संदर्भ में एक बड़ी सफलता थी और इसने लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत करने में मदद की।

## डोप टेस्ट से इनकार नहीं किया

# बल्कि नाडा ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया : बजरंग पुनिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने पर उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अपने अनंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्ट के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया और नाडा अधिकारियों से उस एक्सपायर किट के बारे में जवाब मांगा, जिसे उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजा था। 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले बजरंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, यह स्पष्ट करना है कि मैंने कभी भी डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया।

# लीवरकुसेन ने रोमा को हराकर यूरोपा लीग के फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी। बर्लिन**

बायर लीवरकुसेन ने रोमा के खिलाफ सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से ड्रा खेलकर 4-2 के कुल स्कोर के साथ गुरुवार को यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। साथ ही 49 मैचों का नया अपराजित यूरोपीय रिकार्ड भी बनाया। लीवरकुसेन ने पहला चरण 2-0 से जीता था और दूसरे चरण में 2-2 से ड्रा के बाद कुल 4-2 के स्कोर के साथ यूरोपा लीग के फाइनल में जगह बनाई।

लीवरकुसेन ने मैच के पहले 42 मिनट में अधिकांश समय तक खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि इसके बाद मैच के 43वें मिनट में लियांड्रो पेरेडेस ने पेनल्टी पर गोल कर मैच में रोमा को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम की समाप्ति पर रोमा 1-0 से आगे रहा। खेल फिर से शुरू होने के बाद, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आक्रमण किया, एडली ने लक्ष्य से थोड़ा दूर शॉट मारा जबकि लीवरकुसेन के गोलकीपर मातेज कोवर ने अजमौन और स्टीफन एल शारावी के प्रयासों को विफल कर दिया।

मैच के 66वें मिनट में लियांड्रो पेरेडेस ने एक बार फिर पेनल्टी पर मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए हुए रोमा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच के 82वें मिनट में एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो के कॉर्नर से मिले गेंद को गिनालुका मैनसिनी ने अपने ही गोल पोस्ट में डाल दिया, जिससे लीवरकुसेन का खाता खुल गया और स्कोर 2-1 हो गया। इसके बाद स्थानापन्न जोसिप स्टैनिसिक ने इंजुरी टाइम के सातवें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबरी कर दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसी के साथ लीवरकुसेन 4-2 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में पहुंच गया। साथ ही लीवरकुसेन का अपराजेय क्रम 49 मैचों के नए यूरोपीय रिकॉर्ड तक पहुँच गया। नए बुंडेसलीगा चैंपियन लीवरकुसेन के पास इस सीजन में तिहरा खिताब जीतने का मौका है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## हड़ताल से लौटने लगे एयर इंडिया के चालक दल के सदस्य

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के (केबिन क्रू) चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। केबिन क्रू की हड़ताल के कारण उड़ानों में काफी व्यवधान हुआ था लेकिन अब हड़ताल वापस हो गई है। हड़ताल के कारण एयरलाइन ने तीन दिन में 170 उड़ानों को रद्द कर दिया था। हड़ताल पर गए चालक दल के सदस्य वापस काम पर लौट रहे हैं। इसके साथ ही एयरलाइन का परिचालन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है, जो काम पर लौटने के लिए आवश्यक है। एयर इंडिया एक्सप्रेस में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों का एक वर्ग हड़ताल पर था। देर रात हड़ताल वापस होने के बाद एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी भी खत्म कर दी थी।

## अक्षय तृतीया के दिन सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के दिन घरेलू सराफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट आई है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोने की कीमत में आज 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये से लेकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये से लेकर 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है।

# मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में आगे निकला क्रेटा

## क्रेटा की दहाड़ से कांपी स्कॉर्पियो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एसयूवी खरीदने वालों के लिए एक से बढ़कर एक विकल्प मौजूद हैं और जो ग्राहक मिडसाइज एसयूवी खरीदने की सोच रहे हैं, उनके लिए हुंडई क्रेटा, महिंद्रा स्कॉर्पियो, मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, किआ सेल्टॉस समेत अन्य में से कोई चुनना काफी मुश्किल फैसला होता है। हालांकि, हालिया महीने के आंकड़े देखें को हुंडई क्रेटा और महिंद्रा स्कॉर्पियो की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। बीते महीने, यानी अप्रैल 2024 में क्रेटा ने स्कॉर्पियो को पछाड़ दिया। आइए, अब आपको पिछले महीने की टॉप 10 मिडसाइज एसयूवी की बिक्री के आंकड़े बताते हैं।

**हुंडई और महिंद्रा का जलवा**

बीते अप्रैल की टॉप 10 मिडसाइज एसयूवी की लिस्ट में पहले स्थान पर हुंडई क्रेटा है, जिसे 15,447 लोगों ने खरीदा। क्रेटा की बिक्री में सालाना रूप से 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद दूसरे नंबर पर महिंद्रा स्कॉर्पियो रही, जिसे 54 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ 14,807 ग्राहकों ने पिछले महीने खरीदा। तीसरे नंबर पर मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा रही, जिसे 7,651 ग्राहकों ने खरीदा। चौथे नंबर पर किआ सेल्टॉस रही, जिसे 6,734 ग्राहकों ने खरीदा। ग्रैंड विटारा और सेल्टॉस की बिक्री में सालाना रूप से कमी हुई है। टॉप 5 में महिंद्रा एक्सयूवी700 भी रही, जिसे 29 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ 6,134 ग्राहकों ने खरीदा।




**हाईराइडर से लेकर एलिवेट तक**

पिछले महीने की टॉप 10 बेस्ट सेलिंग मिडसाइज एसयूवी की लिस्ट में छठे नंबर पर टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर रही, जिसे 24 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ 3,252 ग्राहकों ने खरीदा। इसके बाद फॉक्सवैगन टाइगुन को 1,758 ग्राहकों ने खरीदा और यह 17 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ है। 8वें स्थान पर होंडा एलिवेट रही, जिसे 1,731 ग्राहकों ने खरीदा। 9वें नंबर पर स्कोडा कुशाक रही 1,159 लोगों ने खरीदा। कुशाक की बिक्री में 46 पर्सेंट की कमी सालाना रूप से हुई है। 10वें नंबर पर एमजी ऐस्टर रही, जिसे 1,019 ग्राहकों ने खरीदा।

**लोगों को एसयूवी से प्यार**


आपको बता दें कि इस साल लॉन्च हुंडई क्रेटा फेसलिफ्ट अपने पावरफुल लुक और धांसू फीचर्स से ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रही है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा की स्कॉर्पियो सीरीज में स्कॉर्पियो-एन और स्कॉर्पियो क्लासिक भी अपने पावरफुल लुक से ग्राहकों का दिल लूट रही है।

## मिनटों में मिलेगी ट्रेन की कंफर्म टिकट

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक है। अडानी ने समय के साथ बिजनेस में फापी बदलाव किया है। आज हम आपको अडानी की नई ऐप Adani Opp के बारे में बताने जा रहे हैं। इस एप की मदद से आपको ट्रेन टिकट बुकिंग से लेकर होटल बुकिंग तक में काफी मदद मिलने वाली है। दरअसल, इसका इंटरफेस भी बेहद आसान है जो आपको अलग एक्सपीरियंस देने वाला है। इसे यूज करने से पहले आपको कुछ चीजों के बारे में जरुर पता होना चाहिए। इसके साथ ही आप वेबसाइट से भी टिकट बुकिंग कर सकते हैं।

# अब महंगे लग्जरी घर खरीद रहे भारतीय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में लग्जरी और प्रीमियम घरों की मांग में पिछले पांच वर्षों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। 2019 की पहली तिमाही में बिकने वाली घरों में लग्जरी होम की संख्या 7 प्रतिशत थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में बढ़कर 21 प्रतिशत हो चुकी है।

इस दौरान बजट घरों या अफोर्डेबल होम की बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में सामने आई। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी से मार्च की अवधि में देश के सात बड़े शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके थे, जिसमें से 27,070 यूनिट्स (21 प्रतिशत) लग्जरी घर थे। वहीं, 2019 की पहली तिमाही में ये आंकड़ा 7 प्रतिशत पर था, यानी, पिछले पांच वर्षों में इसमें 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है।

2024 की पहली तिमाही में 26,545 अफोर्डेबल होम बिके थे, जो कि कुल घरों की बिक्री का 20 प्रतिशत था। पांच वर्ष पहले यह संख्या 37 प्रतिशत पर थी। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, लग्जरी घरों की मांग और आपूर्ति दोनों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं, अफोर्डेबल होम की मांग फिलहाल कम है। अच्छी लोकेशन पर ब्रांडेड डेवलपर्स के लग्जरी घरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 15,645 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 6,060 यूनिट्स या 39 प्रतिशत घर लग्जरी थे और इनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक थी। पांच वर्ष पहले दिल्ली-एनसीआर में कुल 13,740 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 4 प्रतिशत ही लग्जरी घर थे। 2024 की पहली तिमाही में बेंगलुरु, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर), चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में बिकने वाले ज्यादातर घर मिड-रेंज और प्रीमियम सेगमेंट (40 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए तक) के थे। 2024 की पहली तिमाही में अफोर्डेबल घरों की बिक्री कुल बिक्री में घटकर 18 प्रतिशत रह गई है।

# कूलिंग का एहसास करयेगा हेलमेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कहते हैं कि आवश्यकता की आविष्कार की जननी है और इस कहावत तो स्टीलबर्ड हेलमेट कंपनी लगातार प्रूव करती आ रही है। हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी हेलमेट कंपनी ने अपना नया हेलमेट स्टीलबर्ड एसबीएच 25 ब्रीज ऑन लॉन्च किया, जो कि स्टाइलिश और सुरक्षित होने के साथ ही गर्मी के मौसम में राइडर्स के सिर को ठंडा रखने में मददगार साबित होता है। इसकी सबसे खास बात इसमें लगे काफी सारे एयर वेंट्स हैं, जो एयर फ्लो को हेलमेट के अंदर पहुंचाकर राइडर को कंफर्ट और अच्छी फीलिंग देते हैं। स्टीलबर्ड एसबीएच 25 ब्रीज ऑन हेलमेट को करीब एक हफ्ते तक इस्तेमाल करने के बाद हम इस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि आपको इसकी सभी खासियतों और सेफ्टी के साथ ही कीमत समेत वो सारी जानकारी दें, जो आपको एक सुरक्षित और आरामदायक हेलमेट खरीदने में सहायक साबित हो सके।

**लुक और फीचर्स**

स्टीलबर्ड का नया एसबीएच 25 ब्रीज ऑन हेलमेट देखने में काफी जबरदस्त है। काफी स्टाइलिश और 15 से ज्यादा आकर्षक कलर ऑप्शंस में उपलब्ध यह हेलमेट वैसे राइडर्स को आकर्षित करने में कामयाब होगा, जो अपने लिए कुछ अलग तक का हेलमेट चाहते हैं। हाई इम्पैक्ट सहन करने वाले थर्मोप्लास्टिक सामग्री की शैल, लाइक्रा कपड़े से बने नरम कुशंस, माइक्रोमीट्रिक बकल, इनर सन शील्ड और इंडस्ट्री लीडिंग वाइजर रैचेट मेकेनिजम से लैस स्टीलबर्ड ब्रीज ऑन हेलमेट को राइडर ग्लॉसी और डिकैल फिनिश के साथ रखा गया है।




# बसंत के बयान से संथाल में गरमायी राजनीति

उपेंद्र गुप्ता। दुमका
संथाल परगना का दुमका लोकसभा सीट राज्य का सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। इस सीट से झामुमो और सोरेन परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर है, शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं और शिबू सोरेन परिवार को राजनीतिक चुनौती दे रही है, वहीं झामुमो ने पहली बार परिवार से अलग किसी को दुमका से प्रत्याशी बनाया है, झामुमो विधायक नलिन सोरेन अपनी बहू सीता सोरेन के मुकाबले सामने उतरा है। सीता सोरेन और नलिन सोरेन दोनों ने शुक्रवार को नामांकन किया है। एक तरह से दोनों तरफ से शक्ति प्रदर्शन किया गया। लेकिन इसके पहले देवर-भाभी की मुलाकत ने संथाल की राजनीति को गर्म कर दिया है।

## मैं परिवार के साथ, पर राजनीति की राह अलग : सीता सोरेन

## 'भाभी' ने अभी नामांकन किया, नाम वापसी बाकी है : बसंत सोरेन





### दुमका में सीता सोरेन और बसंत सोरेन के बीच हुई मुलाकात

गुरुवार देर शाम सीता सोरेन और बंसत सोरेन के बीच दुमका में मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच काफी देर तक बात हुई । जब सीता वापस निकलीं तो उन्होंने इस मुलाकात को परिवार के बीच की सामान्य मुलाकात बताया है। जबकि बसंत सोरेन ने कुछ अलग ही बयान दिया। बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन से मुलाकात के दौरान कई बातें हुई हैं। लोगों का भ्रम जल्द दूर होगा। अब मोदी के परिवार से भभी (सीता सोरेन) का मन भर गया है। वापस सोरेन परिवार में आना चाह रही हैं। साथ ही बसंत ने कहा कि अभी नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। अभी वापसी की तिथि बची हुई है।

### पारिवारिक कार्यक्रम में मुलाकात पर भी भ्रम फैलाते हैं बसंत

देवर बसंत सोरेन के बयान पर सीता सोरेन ने पलटवार करते कहा कि वह हाल ही में झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई हैं। नेमरा गांव में पारिवारिक कार्यक्रम में उनकी मुलाकात परिवार के लोगों के साथ हुई है। इस मुलाकात में पार्टी और राजनीति से संबंधित कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने फिर दोहराया कि वह परिवार के साथ हैं, लेकिन राजनीतिक पिच पर अलग जरूर हैं। सीता सोरेन ने कहा कि जहां तक परिवार की बात है तो परिवार को कोई भी छोड़ नहीं सकता है। साथ ही कहा कि मुझे नहीं पता कि झामुमो पार्टी के लोग इस तरह का भ्रम क्यों फैला रहे हैं। जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल से इस मामले पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सीता ने सब कुछ बोल ही दिया, तो अब वे क्या बोलें।

### जामा से झामुमो विधायक रही हैं सीता सोरेन

सीता सोरेन पहले झामुमो में थीं और जामा से तीन बार विधायक रही। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान ही उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली और दुमका से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। उस समय सीता सोरेन ने झामुमो और सोरेन परिवार पर उपेक्षा का आरोप लगाया लगाया था।

### झामुमो में हक नहीं मिलने से नाराज 'छोटे लाल' भी शीघ्र ही भाजपा में आएंगे : सीता

बसंत सोरेन के ब्यान अभी नाम वापसी की तिथि बाकी है पर सीता सोरेन ने दुमका के देर शाम पलटवार किया है। उन्होंने बसंत सोरेन के ही भाजपा में शामिल होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्हें जो सम्मान मिला है। उसे देखते हुए अब छोटे लाल (बसंत सोरेन) भी भाजपा में आने की इच्छा जता रहे हैं। सीता सोरेन ने कहा कि बसंत सोरेन का मन झारखंड मुक्ति मोर्चा से ऊब चुका है, यही वजह है कि रांची में आयोजित इंडी गठबंधन की उलगुलान महारैली में वह शामिल नहीं हुए। सीता सोरेन ने कहा, हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन ने पूरी पार्टी पर कब्जा जमा लिया गया है। बेटा होने के नाते बसंत सोरेन को वह हक नहीं मिल रहा है। इसलिए बसंत सोरेन अब भाजपा में जगह बनाने की सोच रहे हैं। सीता ने कहा कि कल्पना सोरेन के कारण मैं पार्टी छोड़ी अब बसंत सोरेन भी छोड़ना चाहते हैं क्योंकि कल्पना सोरेन बहुत ही चालाकी से अकेले पूरी पार्टी पर कब्जा जमाने की मंशा रखती हैं। आने वाले दिनों में बसंत सोरेन भी भाजपा में शामिल होंगे। मैं उन्हें अग्रिम बधाई देती हूं।

## राज्य में है झामुमो और कांग्रेस की लूटेरी सरकार : विष्णुदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के मनोहरपुर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए भाजपा को वोट देकर केंद्र में फिर से मोदीजी के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील किया।
छत्तीसगढ़ के सीएम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस व झामुमो को सबक सिखायें, क्योंकि यह दोनों लूटेरों की सरकार है। सभी जगह की जनता इन्हें नाकार रही है। छत्तीसगढ़ व झारखण्ड खनिज व वन संपदाओं का धनी प्रदेश है, लेकिन आज छत्तीसगढ़ विकास मामले में काफी आगे निकल गई और झारखण्ड पहले से भी खराब स्थिति में पहुंच गया। यह सिर्फ राजनीतिक अस्थिरता की वजह से हुआ है। भाजपा गांव, गरीब, किसान सबों का विकास करने वाली पार्टी है।

**झारखंड मेरा ननिहाल : सीएम**
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि झारखण्ड मेरा ननिहाल है, मेरी माँ खुंटी की रहने वाली है। मेरे मामा भी भाजपा से जुड़े रहे हैं। छत्तीसगढ़ व झारखण्ड जुड़वा प्रदेश है। दोनो प्रदेश का जन्म एक साथ हुआ है।

## विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचा और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो द्वारा चुनाव प्रचार पर आपति जताई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव को लेकर जिस तरह विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद का मखौल उड़ा रहे हैं वो विधि सम्मत नहीं है।संसदीय परंपराएं एवं प्रक्रिया के पहले भाग के अध्याय कके दूसरे पारा में स्पष्ट विवरण है विधानसभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते है एवं विधानसभा अध्यक्ष चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रतिनिधिमंडल ने एक वीडियो भी अध्यक्ष का जमा किया, जिसमें रविंद्र नाथ महतो कह रहे हैं कि वो भी दल के हैं और दल के लिए प्रचार का सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार गुप्ता और बिपिन कुमार शामिल थे।

## सरकार बनी तो 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी : यशस्विनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शुक्रवार को सोनाहातु, इचागढ़, चांडिल और कुकरू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा।



उन्होंने पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हे विजयी बनाने और राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने की अपील की। जगह-जगह जनसंपर्क और बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वायदे के साथ मोदी सरकार सत्ता में आई थी। सत्ता में आने के बाद रोजगार देना तो दूर, करोड़ों युवाओं को मोदी सरकार ने बेरोजगार बना दिया। जिससे देश के युवा परेशान है। लेकिन अब युवाओं को चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि इंडिया गठबंधन की सरकार के सत्ता में आते ही 30 लाख खाली पड़े पदों पर युवाओं की बहाली होगी। कांग्रेस की सरकार युवाओं के लिए 5000 करोड रुपए का नया स्टार्टअप फंड बनाएगी। इसके साथ ही हर शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, किसानों के साथ समाज की सभी वर्गों के उत्थान और विकास की योजनाएं बनाई है। जिसका लाभ देश के आम लोगों को मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।
पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि देश की जनता जुमलो वाली मोदी सरकार से ऊब चुकी है। चुनाव से पूर्व किए गए सभी घोषणाओं को भाजपा के लोग जुमला कहते हैं। इस चुनाव में भी वह झूठी घोषणाएं करेंगे।

## जेबीकेएसएस के प्रत्याशी देवेंद्र महतो को मिली सशर्त जमानत

**रांची ।** जेल में बंद झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ( जेबीकेएसएस )के रांची लोकसभा के उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो को शुक्रवार को कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है। याचिका पर शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका स्वीकार कर लिया। देवेंद्र नाथ महतो को लालपुर पुलिस ने चार मई को समाहरणालय परिसर से नामांकन भरने से पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसकी गिरफ्तारी लालपुर थाना कांड संख्या 251/2021 के तहत की गई है। गिरफ्तारी के बाद छह मई को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। उस पर जेपीएससी परीक्षा परिणाम के विरोध में नारेबाजी, प्रदर्शन, कार्यालय घेराव करने के लिए उकसाते हुए बैरेकेटिंग तोड़कर पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की करने का आरोप है। घटना को लेकर 23 नवंबर 2021 को लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## पृष्ठ एक के शेष

**घोटाले करने के लिए...**
आंदोलन सबसे पहले शुरू किया था। इस आंदोलन ने समग्र देश में क्रांति की जोत जलाई। दूसरी ओर झामुमो सत्ता के लिए उस कांग्रेस के साथ जा बैठी जिसने हमेशा झारखंड अलग राज्य बनने का रास्ता रोका। जनजातीय आयोग और आदिवासी कल्याण मंत्रालय का गठन भी अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।
**मोदी ने बिरसा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया :** शाह ने कहा कि झारखंड और बिहार को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने और सभी आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए देशभर में स्पेशल ट्राइबल स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई पूरे देश में आतंकवाद फैलाता था, उसको सबसे बड़ा समर्थन यहां कांग्रेस और जेएमएम की सरकार से मिलता था। नरेन्द्र मोदी ने एक ही रात में 100 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी कर पीएफआई के पूरी कैडर को जेल में डाला और उसे बैन कर दिया।

**किसी में दम नहीं कि...**
बढ़ते वैश्विक प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। बीजेपी प्रत्याशी को लेकर उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे छोटी-छोटी नहीं बल्कि बड़े बड़े मुद्दों पर अपनी बात सदन में रखते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष के लोग कहते कि भाजपा सरकार आरक्षण खत्म कर देगी पर ऐसा कभी नहीं होगा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह गरीबों, आदिवासियों और ओबीसी समाज के कल्याण और सुरक्षा के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

**सभी 14 सीटों पर...**
का हौसला बुलंद है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव का समय आते ही भाजपा लोगों को धर्म और जाति में बांटने का काम करती है, लेकिन अब जनता भाजपा का यह कारनामा अच्छी तरह से समझ चुकी है।

**भाजपा के निशिकांत, सीता सोरेन...**
का मुकाबला कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव से होना है। दुमका में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू और जामा क्षेत्र की विधायक सीता सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। बाद में दुमका के यज्ञ मैदान में एक बड़ी सभा भी हुई, जिसे मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया।
दूसरी तरफ इसी सीट पर झामुमो के प्रत्याशी और शिकारीपाड़ा इलाके के विधायक नलिन सोरेन ने पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में आयोजित सभा में सीएम चंपई सोरेन और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना ने उनके लिए वोट मांगे।राजमहल सीट पर मौजूदा सांसद और झामुमो के प्रत्याशी विजय हांसदा और भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी ने भी शुक्रवार को पर्चा दाखिल करने के बाद आयोजित जनसभाओं में राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन किया।

**हुटार पिकेट के हवलदार...**
दी कि घर से गायब करने के बाद सुरेन्द्र ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाएं। इनकार करने पर मारपीट की। वह उस हवलदार के साथ रहना नहीं चाहती। जब पत्नी का हाथ पकड़ कर साथ ले जाने लगे तो सुरेन्द्र ने उसे और उसके बेटे की पिटायी की और वहां से भगा दिया। साथ ही सुरेन्द्र पासवान मेरे एवं मेरे बेटे के साथ भी मारपीट की और कहा कि केस करेगा तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित ने पलामू एसपी से मुकदमा दर्ज कर उक्त के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कारवाई करने और अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**हजारीबाग कोर्ट कर्मी इरशाद...**
के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार जमीन संबंधित रिकॉर्ड से खाली पेपर गायब करते थे। इसके बाद इसे अफसर और सद्दाम तक पहुंचाते थे। फिर उन्हीं पेपर पर फर्जी तरीके से मो. इरशाद फर्जी डीड तैयार करता था। तापस घोष ने कागजातों के बदले 21 लाख और संजीत कुमार ने आठ लाख मो. सद्दाम से लिये थे।

## राज्य की सभी 14 सीटें इंडी गठबंधन को देने के लिए जनता तैयार : ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दुमका और राजमहल के नामांकन सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनता का पूरा रुझान इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में है और यहां की सारी सीटें हमारी झोली में जनता देने को तैयार है। जनता अपने मुद्दों को लेकर मुखर है और खुद भ्रष्ट मोदी सरकार के सामने खड़ी हो गई है। जिस अंबानी और अडानी के भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस लड़ती रही और प्रधानमंत्री उन्हें बचाते रहे उसी की पोल मोदी स्वयं खोल रहे हैं। हमारी सरकार ने झारखंड में विकास का काम किया है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार ने विकास की जो गाथा 4 वर्षों में लिखी उसे चंपई सोरेन के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का विशेष लगाव झारखंड के लोगों से है और न्याय यात्रा के दौरान यहां के लोगों की समस्या से अवगत हुए



हैं। यहां के आदिवासियों के बरसों पुरानी चिर परिचित सरना धर्म कोड की मांग को पूरा करने का वादा किया है और उसे कांग्रेस की घोषणा पत्र में जगह भी दी गई है। आपके सामने विकास को चुनने का बेहतरीन अवसर और विकल्प मौजूद है। इस अवसर को हाथ से न जाने दें मोदी-शाह की जोड़ी ने देश में अपने धन कुबेर मित्रों को लाभ पहुंचाने की सारी हदें पार कर दी। लेकिन किसानों,गरीबों, आदिवासियों के लिए उनके पास कोई सोच नहीं है।

## न्यूज बॉक्स



नामांकन से पहले भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने अपनी दोनों बेटियों (जयश्री एवं भाग्यश्री) के साथ बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उनके नामांकन में शामिल हुए। इसके बाद यज्ञ मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

### भाजमो के चुनावी कार्यालय का सरयू राय ने किया उद्घाटन

**रांची ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी के लोकसभा चुनाव के लिए पीएन सिंह को लोकसभा प्रभारी, आशीष शीतल मुंडा को सह प्रभारी और सोमेन दत्ता को इलेक्शन एजेंट नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को लालपुर में भाजमो का लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के संरक्षक



और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने किया। चुनाव कार्यालय आनंद काम्प्लेक्स, लालपुर, रांची में अवस्थित है।

### सामान्य प्रेक्षक ने ओरमांझी गोला चेक पोस्ट व गेतलसुद बूथों का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डी.एस रमेश ने शुक्रवार को ओरमांझी गोला चेक पोस्ट एवं गेतलसुद पंचायत सचिवालय स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उनके द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देश दिया गया। सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित मतदान बूथ के बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा, जयपाल सोय, अंचल अधिकारी राजू कमल , सामान्य प्रेक्षक के संपर्क पदाधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा को खंडित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुदेश महतो

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि धनबाद में बिनोद बिहारी चौक पर हमारे प्रेरणास्त्रोत परम आदरणीय स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है । यह अपराध अक्षम्य है। यह कुकृत्य झारखंड की अस्मिता और स्वाभिमान पर हमला है। इस



निंदनीय घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस प्रशासन अविलंब गिरफ्तार करे। झारखंड विरोधी सोच रखने वाले इन अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### रांची लोकसभा के व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में बैठक



**रांची ।** मोरहाबादी राजकीय अतिथिशाला सभागार में रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक वीरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा दल, जिला खेल पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं अन्य व्यय प्रभारीगण उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने दैनिक रिर्पोट में पूरे दिन का ब्यौरा देंगे । साथ ही अपने अधीन कार्यरत सभी दलों के कार्यों का विवरण समय से प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन रात्रि में अपने क्षेत्र का निरीक्षण अवश्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि जांच सही प्रकार से हो रही है अथवा नहीं। सहायक व्यय प्रेक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि लेखा दल अद्यतित हों और वीवीटी उसी दिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। व्यय प्रेक्षक महोदय ने यह भी निर्देश दिया कि अपने फाईल एवं रजिस्टर अद्यतित रखें तथा निरीक्षण के समय कैश रजिस्टर एवं बैंक डिटेल्स की गहनता से जांच करें।

### झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में हेमंत सोरेन से मांगा जवाब

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाली ईडी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रतिवादी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर जवाब



मांगा है। मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट के ग्रीष्म अवकाश के बाद होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरभ कुमार ने पैरवी की। ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस द्वारा ईडी के अधिकारी को प्रताड़ित करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए। हालांकि, पूर्व में ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। कोर्ट ने ईडी अधिकारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगले आदेश तक जारी रखा है। यह एफआईआर झारखंड पुलिस द्वारा एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी पुलिस थाने में दर्ज की गई है।






### प्रधानमंत्री मोदी का संजय राउत पर पलटवार

# 'मुझे जीते जी और मरने के बाद भी जमीन में गाड़ नहीं पाओगे'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैली को संबोधित किया। एक तरफ जहां उन्होंने कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला। वहीं, पीएम मोदी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के उन्हें जमीन में गाड़ देने वाली धमकी पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' और दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है, जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टीकरण का पूरा ध्यान रखते हैं, मोदी की क्रब खुदेगी, मोदी को जिंदा गाड़ देंगे और



इसमें भी वोट बैंक को पसंद आए, क्या वही गाली दागोगे। मुझे यह सोचकर दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। अब तो ये नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने साथ प्रचार में ले जाने लगे हैं। बिहार में चारा चोरी में जेल की सजा काटने वाले व्यक्ति को कंधे पर बैठाकर घूम रहे हैं, महाराष्ट्र में बम धमाके के दोषी को कंधे पर बैठाकर घूम रहे हैं। ऐसे पापियों को साथ लेकर जिनको चलना पड़ रहा है, इन लोगों के विषय में 50 बार सोचना पड़ता है। इसलिए, कोई बड़ी बात नहीं है कि उन्हें मुझे जमीन में गाड़ने के सपने दिख रहे हैं।"

पीएम मोदी ने आगे कहा, "ये लोग जनता का साथ और जनता का विश्वास गंवा चुके हैं। इनकी अपनी सियासी जमीन खिसक चुकी है। लेकिन, यह भूल रहे हैं कि भारत की 140 करोड़ जनता मेरी रक्षक है। यह मातृत्व शक्ति मेरा रक्षा कवच है, मुझ पर मातृत्व शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग मोदी को जीते हुए भी और मरने के बाद भी जिंदा नहीं गाड़ पाएंगे।

#### पीएम ने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता पर साधा निशाना

उन्होंने रैली में शरद पवार का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा, "महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता, जो 40-50 साल से राजनीति कर रहे हैं, बारामती के चुनाव के बाद उन्होंने एक बयान दिया है। वो इतने हताश और निराश हो गए हैं कि उनको लगता है कि अगर 4 जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है, तो छोटे-छोटे राजनीतिक दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। इसका मतलब है कि नकली एनसीपी और नकली शिवसेना ने कांग्रेस में मर्जर करने का मन बना लिया है।"

## मतदान के आंकड़ों पर आयोग ने खरगे से कहा, भ्रम पैदा न करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत से संबंधित आंकड़ों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों कों चुनावों के बीच भ्रम पैदा करने वाला बताया है। आयोग ने विस्तार से आरोपों का खंडन करते हुए खरगे को सलाह दी है कि वे इस तरह के बयान देने से बचें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस सप्ताह की शुरूआत में आईएनडीआईए सहयोगियों को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि क्या चुनाव आयोग का वास्तविक मतदान आंकड़ा प्रकाशित करने से इनकार करना, मतदान प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी करना और अगले चरणों के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन न करना लोकसभा चुनाव परिणामों से छेड़छाड़ का प्रयास है। आयोग ने कहा है कि फॉर्म 17सी में दर्ज वोटों की संख्या में किसी भी तरह हेरफेर की कोई गुंजाइश नहीं है। इसकी हस्ताक्षरित प्रति मतदान समाप्ति पर सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाती है। मतगणना के दिन ईवीएम में डाले गए कुल मतों का मिलान उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में फॉर्म 17सी से किया जाता है। आयोग ने कहा कि मतदाता मतदान आंकड़ा देर से जारी किए जाने का आरोप तथ्यों से परे है। हमेशा से मतदान की जानकारी ऐप पर उपलब्ध रहती है। आयोग ने किसी भी तरीके से मतदाता मतदान आंकड़ा प्रदर्शित करने के डिजाइन या आवधिकता को नहीं बदला है।

यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि मतदाताओं और मतदान केंद्रवार आंकड़े मतदान के दिन ही मतदान समाप्ति के समय उम्मीदवार के एजेंट को दिया जाता है। आयोग ने कहा है कि इस संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए उनसे संपर्क साधा जा सकता है।

## यूपी में भाजपा की होगी सबसे बड़ी हार इंडी गठबंधन का आ रहा तूफान : राहुल



**एजेंसी। कन्नौज**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कन्नौज में इंडी गठबंधन की संयुक्त रैली में सपा मुखिया अखिलेश यादव के पक्ष में एक जनसभा में कहा कि यूपी में भाजपा की सबसे बड़ी हार होगी। यहां पर इंडी गठबंधन का तूफान आ रहा है। इस दौरान आप के नेता संजय सिंह भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी और शाह चुनाव के वक्त आप सबका ध्यान भटकाने का काम करेंगे। लेकिन आप को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ वोट करना होगा। यूपी में इंडी गठबंधन का तूफान आ रहा है। यूपी में बीजेपी की सबसे बड़ी हार होने जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी फिर से पीएम बने तो गांधीजी और अंबेडकर के बनाए संविधान को खत्म करने का काम करेंगे। लेकिन हम कहते हैं कि किसी को हम संविधान की किताब नष्ट करने के लिए हाथ नहीं लगाने देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा, सत्येंद्र जैन को जेल भेजा, सिसोदिया को जेल भेज दिया। अरे पूरी जिंदगी जेल में रखो, डरने वाले नहीं हैं। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव की कन्नौज से बहुत बड़ी जीत होने जा रही है। ये लोकतंत्र का आखिरी चुनाव है, भाजपा जीतेगी तो संविधान खत्म हो जाएगा। अखिलेश यादव पांच साल मुख्यमंत्री रहे। ऐसे में भाजपा की नफरत देखिए, मुख्यमंत्री आवास को गंगाजल से धुलवाकर उनका अपमान किया गया है। वहीं, अब कन्नौज में अखिलेश जी मंदिर में गए, तो वहां भी भाजपा वालों ने गंगाजल से धोकर उनका अपमान किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि कन्नौज को विकास की ऊंचाइयों तक ले जाने का काम किया है, कन्नौज में जितने भी बड़े-बड़े काम दिखाई दे रहे हैं, समाजवादी सरकार के किए हुए हैं। जो लोग हाईवे पर चलते हैं उनको पता है कि हाईवे समाजवादियों ने बनवाया है, लेकिन हमने कभी हाईवे को धुलवाया नहीं। उन्होंने कहा कि यह कन्नौज के हमारे लोग इस बार हमें ना केवल जिताने जा रहे हैं।

## पशुपति पारस करेंगे 'भतीजा' चिराग का चुनाव प्रचार, आमंत्रण का इंतजार



**एजेंसी। पटना**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और रालोजपा के प्रमुख पशुपति पारस की इच्छा अपने भतीजा और हाजीपुर से प्रत्याशी चिराग पासवान के चुनाव प्रचार करने की है। हालांकि, इसके लिए वह आमंत्रण का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा, अगर चिराग पासवान उन्हें चुनाव प्रचार के लिए आमंत्रित करेंगे तो वह अवश्य हाजीपुर जाकर चुनाव प्रचार करेगें। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, 12 मई को पटना में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में रालोजपा एवं दलित सेना के नेता और कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से शामिल होगें और एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री देश के सर्वमान्य नेता हैं और उनके नेतृत्व में दस साल में समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किए गए हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चिराग पासवान की नामांकन सभा के लिए उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। इस मामले में चिराग पासवान ने जनता में भ्रम फैलाया है। चिराग पासवान रोज पटना एयरपोर्ट से दो बार मेरे कार्यालय के सामने से आते-जाते हैं। मेरा आवास पटना एयरपोर्ट के ही पास है और मैं लंबे समय से पटना में बना हुआ हूं। अगर चिराग पासवान चाहते तो हमसे मिलकर चुनाव प्रचार के लिए आग्रह कर सकते थे। मैं उनसे उम्र और रिश्ते में बड़ा हूं, इस नाते उन्हें आकर मिलने से परहेज नहीं करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हमारी नीति और नियत दोनों साफ है। मैं और मेरी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी की मदद के लिए दृढ़ संकलिप्त हैं। रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज ने खुलासा किया कि चिराग पासवान का टिकट बांटने का तरीका सही नहीं था, जिस कारण उनकी पार्टी में विरोध हुआ और कई लोग पार्टी छोड़कर दूसरे दल में चले गए।


## इस चुनाव में शब्दों की मयार्दा और खराब हुई : केसी त्यागी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता व पार्टी महासचिव केसी त्यागी ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में शब्दों की जितनी मयार्दा खराब हुई है, मैं चाहता हूं कि चुनाव आयोग अपने दांत दिखाए। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे, जो शब्दों की मयार्दा और लोकतंत्र की परंपरा को समाप्त कर रहे हैं। तेजस्वी यादव द्वारा चिराग पासवान पर दिए गए बयान को लेकर केसी त्यागी ने कहा, मैं इस तरह की भाषा राजनीति में इस्तेमाल करने के पक्ष में नहीं हूं। कौन-सा ऐसा पॉलिटिकल घर है, जिसके यहां आग नहीं लगी, वो अपने घर में भी झांक कर देखें। तेजस्वी की तबीयत खराब रहने पर त्यागी ने उनके स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने आगे कहा, पिछली बार एक सीट आई थी। इस बार हो सकता है कि महागठबंधन को उस सीट से भी हाथ धोना पड़े। बिहार में बड़े-बड़े नेताओं के चुनाव प्रचार करने को लेकर त्यागी ने कहा कि चुनाव में सभी दलों के नेता भाग लेते हैं, ये सभी जगह होता है।

## इंदौर में नोटा पर सियासी संग्राम, कोई पिला रहा 'चाय', कोई याद दिला रहा 'नोट की बात'

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर की लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार की ओर से नामांकन वापस लिए जाने के बाद नोटा पर सियासत गर्मा गई है। इंदौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होने वाला है। यहां से भाजपा ने शंकर लालवानी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। जबकि, कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को उम्मीदवार बनाया था। मगर, उन्होंने न केवल अपना नाम वापस ले लिया बल्कि भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कर ली। इससे चुनाव से कांग्रेस बाहर हो गई है। कांग्रेस के चुनाव से बाहर होने के बाद से ही पार्टी के तमाम बड़े नेता मतदाताओं से नोटा का बटन दबाने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने तो स्वच्छता में नंबर एक पर रहने वाले इंदौर के लोगों से राजनीति में भी स्वच्छता



का साथ देने की अपील की है। उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोगों से नोटा का बटन दबाने की अपील की। इतना ही नहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने तो नोटा के समर्थन में एक अभियान भी छेड़ रखा है। इस अभियान के तहत लोगों को 'नोटा चाय' पिलाई जा रही है और उनसे नोटा का बटन दबाने की भी अपील की जा रही है।

एक तरफ जहां कांग्रेस नोटा के लिए अभियान चला कर पोस्टर लगा रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी कांग्रेस के खिलाफ अभियान में जुटी है। भाजपा की ओर से कांग्रेस पर हमला करते हुए पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिन पर लिखा है, 'नोट चलाने वाले अब नोटा चला रहे हैं, राष्ट्रहित में मतदान करें।'

इसके साथ ही राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत की ओर से नोटा को लेकर दिया गया बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। विजयवर्गीय ने लिखा कि लोकतंत्र में उपलब्ध प्रत्याशियों में से जो सर्वाधिक योग्य लगे, उसे अपना मत देने में ही समझदारी है। नोटा का विकल्प हमारे हित में नहीं है। इंदौर में इन दिनों उम्मीदवारों के प्रचार से ज्यादा नोटा की चर्चा है। कांग्रेस लोगों से नोटा का बटन दबाने की अपील कर रही है तो भाजपा लोगों को यह समझने में लगी है कि वह सबसे बेहतर उम्मीदवार का चयन करें।

### पश्चिम बंगाल में आम चुनाव के चौथे चरण में 3600 से अधिक मतदान केंद्र संवेदनशील

**कोलकाता।** पूरे देश के साथ पश्चिम बंगाल में आम चुनाव के तीन चरणों का मतदान हो चुका है। अब चौथे चरण की तैयारी है। भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए तैयार किए गए 15 हजार 507 मतदान केंद्रों में से तीन हजार 647 को संवेदनशील घोषित किया है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोलपुर सीट पर सबसे अधिक 659 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। इसके बाद बीरभूम में 640, बहरमपुर में 558, बर्दवान-दुगार्पुर में 422, राणाघाट में 410, कृष्णानगर में 338, आसनसोल में 319 और पूर्व बर्दवान में 301 मतदान केंद्र हैं। इसके मद्देनजर केंद्रीय बलों की कुल 579 कंपनियों को तैनात करने का फैसला किया है।

### रेवन्ना सेक्स वीडियो कांड : सिद्दारमैया ने कहा

## एसआईटी जांच में डिप्टी सीएम या मेरी कोई भूमिका नहीं



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने स्पष्ट किया है कि जद(एस) सांसद और हासन से लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की जांच में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार या उनका कोई हाथ नहीं है। पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया था कि पीड़ितों को वेश्यावृत्ति के मामलों में फंसाने की धमकी देकर एसआईटी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी और सीबीआई से जांच की मांग की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरुवार को कहा था कि मामले में शिकायतकर्ताओं में से एक महिला ने दावा किया, उसे कुछ लोगों ने उत्पीड़न की धमकी देकर झूठी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया था। सीएम सिद्दारमैया ने शुक्रवार को मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। एसआईटी को विधिपूर्वक जांच करने दीजिए और अपनी रिपोर्ट सौंपने दीजिए।" उन्होंने कहा, "मैंने कई मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी थी। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई भी केस सीबीआई को नहीं सौंपा था। भाजपा ने सीबीआई को 'भ्रष्टाचार ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' कहा था। जबकि पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा ने इसे 'चोर बचावो इन्वेस्टिगेशन' कहा था। अब, वे सीबीआई को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## मैदान-ए-जंग



पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को बिहार के पटना साहिब लोस सीट से नामांकन दाखिल किया।





काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया।



शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार रवि किशन ने लोकसभा चुनाव के लिए गोरखपुर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



भाजपा के पारसनाथ राय ने उत्तराखंड के सीएम की मौजूदगी में गाजीपुर से शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया।





उत्तर कोलकाता से भाजपा के तपश रॉय ने त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा की मौजूदगी में शुक्रवार को नामांकन किया।



शुक्रवार को डायमंड हार्बर से टीएमसी उम्मीदवार अभिषेक बनर्जी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



भाजपा के तरनजीत सिंह संधू ने कोलकाता में शुक्रवार को अपना पर्चा दाखिल किया, मौके पर विदेश मंत्री मौजूद थे।



जालंधर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com